लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्ष: 15 | अंक: 09 | मूल्य: ₹ 3.00/- | पेज : 12 | बुधवार | 18 अक्टूबर, 2023

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper



## कुष्माण्डा पूजा

नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि देवी कुष्मांडा सूर्य को दिशा और ऊर्जा प्रदान करती हैं। इसलिए भगवान सूर्य देवी कुष्मांडा द्वारा शासित हैं।



### सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सेम सेक्स मैरिज पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया

### कोर्ट ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया

### शीर्ष अदालत ने शादी को मौलिक अधिकार मानने से भी इनकार किया



"यह अदालत कानून नहीं बना सकती, केवल इसकी व्याख्या कर सकती है और इसे प्रभावी बना सकती है। बच्चे को गोद लेने के लिए बने सभी कानून शादीशुदा और गैर-शादीशुदा के लिए कोई भेदभाव नहीं करता है।"

चीफ जस्टिस

### गोद लेने के अधिकार पर चीफ जस्टिस

- चीफ जस्टिस ने अपना फैसला पढ़ते हुए कहा था कि होमो सेक्सुअल को भी गोद लेने का अधिकार है।
- उन्होंने कहा कि यह स्टीरियोटाइप बात है कि हेट्रो बेहतर पैरेंट्स होंगे और होमो नहीं।
- यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि कौन बेहतर पैरेंट्स हैं कौन नहीं। हेट्रो ही अच्छे और होमो गलत, यह धारणा गलत है।

### शादी का स्वरूप बदल गया

- सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि समलैंगिकता केवल शहरी कॉन्सेप्ट नहीं है। शादी का स्वरूप बदल गया है। यह डिबेट दिखाती है कि विवाह का रूप स्थिर नहीं है। सती प्रथा से लेकर बाल विवाह और अंतरजातीय विवाह तक विवाह का रूप बदला है। विरोध के बावजूद शादियों के स्वरूप में बदलाव आया है।

### ...यह संसद को तय करना है

सीजेआई ने कहा, यह कहना गलत है कि विवाह एक स्थिर और अपरिवर्तनीय संस्था है। अगर विशेष विवाह अधिनियम को खत्म कर दिया गया तो यह देश को आजादी से पहले के युग में ले जाएगा। विशेष विवाह अधिनियम की व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है या नहीं, यह संसद को तय करना है। इस न्यायालय को विधायी क्षेत्र में प्रवेश न करने के प्रति सावधान रहना चाहिए।

## सरकार को निर्देश देते हुए समलैंगिक विवाह पर आया फैसला: सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मंजूरी नहीं दी, समलैंगिक कपल बच्चा भी गोद नहीं ले सकेंगे

# न शादी की इजाजत, न बच्चा गोद लेने का हक

**एससी का सेम-सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से इनकार, सीजेआई ने कहा- कोर्ट कानून नहीं बना सकता, उसे लागू करा सकता है**

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। मंगलवार यानी 17 अक्टूबर को 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस रविंद्र भट और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की संविधान पीठ ने इस मामले की सुनवाई की थी। जस्टिस हिमा कोहली को छोड़कर फैसला चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस कौल, जस्टिस भट और जस्टिस नरसिम्हा ने बारी-बारी से फैसला सुनाया।

### क्या बोले सीजेआई?

सीजेआई ने सबसे पहले कहा कि इस मामले में 4 जजमेंट हैं। एक जजमेंट मेरी तरफ से है, एक जस्टिस कौल, एक जस्टिस भट और जस्टिस नरसिम्हा की तरफ से है। इसमें से एक डिग्री सहमति की है और एक डिग्री असहमति की है कि हमें किस हद तक जाना होगा। दरअसल, सेम सेक्स मैरिज का समर्थन कर रहे याचिकाकर्ताओं ने इसे स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत रजिस्टर्ड करने की मांग की थी। वहीं, केंद्र सरकार ने इसे भारतीय समाज के खिलाफ बताया था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल 21 पिटीशंस में याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2018 में सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने समलैंगिकता को अपराध मानने वाली आईपीसी की धारा 377 के एक पार्ट को रद्द कर दिया था।

### कोर्ट रूम क्या हुआ?

होमोसेक्शुअलिटी सिर्फ अर्बन एरिया तक सीमित नहीं जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, होमोसेक्शुअलिटी या क्वीरनेस सिर्फ अर्बन इलीट क्लास तक सीमित नहीं है। ये सिर्फ अंग्रेजी बोलने वाले और अच्छी जॉब करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों में खेती करने वाली महिलाएं भी क्वीर हो सकती हैं। ऐसा सोचना कि क्वीर लोग सिर्फ अर्बन या इलीट क्लासेस में ही होते हैं, ये बाकियों को मिटाने जैसा है। शहरों में रहने वाले सभी लोगों को क्वीर नहीं कहा जा सकता है। क्वीरनेस किसी की जाति या क्लास या सोशल-इकोनॉमिक स्टेटस पर निर्भर नहीं करता। ये कहना भी गलत है कि शादी एक स्थायी और कभी न बदलने वाला संस्थान है। विधानपालिका कई एक्ट्स के जरिए विवाह के कानून में कई सुधार ला चुकी है।

### मामला सुप्रीम कोर्ट कैसे पहुंचा?

- 25 नवंबर, 2022 : दो समलैंगिक जोड़ों ने विशेष विवाह अधिनियम के तहत समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसके बाद अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी किया।
- 06 जनवरी, 2023 : सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली सभी याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मुद्दे पर दिल्ली, केरल और गुजरात सहित विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित सभी याचिकाओं को स्थानांतरित कर दिया।
- 30 जनवरी, 10 फरवरी, 20 फरवरी और 3 मार्च, 2023 : सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की मांग करने वाली और याचिकाओं पर नोटिस जारी किया और उन्हें मुख्य मामले से क्लब कर दिया।
- 01 अप्रैल, 2023 : जमीयत उलमा-ए-हिंद ने समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं का विरोध किया।
- 15 अप्रैल, 2023 : सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए पांच जजों की बेंच के गठन को अधिसूचित किया।
- 11 मई, 2023 : समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर चुकी पीठ ने 11 मई को फैसला सुरक्षित रखा था।
- 17 अक्तूबर 2023 : सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाया।

### कितने देशों में समलैंगिक विवाह को मंजूरी मिल चुकी है?

दुनिया में अभी 33 ऐसे देश हैं, जहां समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी मिली हुई है। हालांकि, ज्यादातर देशों में अदालत के फैसले के बाद ही समलैंगिकों को ये अधिकार मिला। समलैंगिक विवाह को मंजूरी देने वाला सबसे पहला देश नीदरलैंड बना। इसके अलावा ऑस्ट्रिया, ताइवान, कोलंबिया, अमेरिका, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, क्यूबा, डेनमार्क, स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, माल्टा, फिनलैंड, ब्रिटेन जैसे देशों में भी समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी मिली हुई है।

### कितने देशों में समलैंगिकता अवैध है?

एक रिपोर्ट के मुताबिक, कम से कम पांच अन्य देशों - पाकिस्तान, अफगानिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और मॉरिटानिया में शरिया अदालतों के तहत समलैंगिक संबंधों पर मौत की सजा तक दी जा सकती है। ईरान, सोमालिया और उत्तरी नाइजीरिया के कुछ हिस्सों में भी यही बात लागू होती है। वहीं 71 देशों में समान-लिंग संबंध अप्राकृतिक संबंध कानूनों के तहत विभिन्न प्रकार के अपराध की श्रेणी में आते हैं। इन सभी में देशों में समलैंगिक संबंधों पर जेल की सजा हो सकती है।

# साबुन फैक्ट्री में बम विस्फोट, 5 की मौत

## 10 मलबे में दबे, 4 मकान क्षतिग्रस्त, अवैध आतिशबाजी का कारोबार

जन एक्सप्रेस। मेरठ



मेरठ में मंगलवार सुबह साबुन फैक्ट्री में बम धमाके जैसे 2 विस्फोट हुए। ये धमाके 30 मिनट के अंदर हुए। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। 10 मजदूर मलबे में दब गए। कई की हालत गंभीर है। ब्लास्ट इतना तेज था कि दो मंजिला फैक्ट्री ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गई। आसपास के 4 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया। मौके से आतिशबाजी और उसे बनाने का सामान मिला है। मालिक फरार है।

### 25 फीट दूरी तक बिखरा मलबा

मलबा हटाने का काम चल रहा था। तभी अचानक दोबारा से विस्फोट हो गया। इसके बाद बिल्डिंग का मलबा 25 फीट दूरी तक बिखर गया। मौके पर मौजूद कई लोगों के सिर पर ईंट के टुकड़े लगे। उसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से भीड़ को करीब 50 मीटर दूर किया। दूसरे धमाके में जेसीबी चालक धर्मेंद्र और एक अन्य राहगीर घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। बिल्डिंग का मलबा इतना था कि हटाने के लिए बड़ी पॉपलेन मशीन को मंगाना पड़ा। हादसे के 8 घंटे बाद भी यहां 4 जेसीबी मशीनों से मलबा हटाया गया।

### फैक्ट्री के लिए किराए पर ली इमारत

जिस बिल्डिंग में हादसा हुआ। वह शास्त्री नगर के अशोक गुप्ता की है। उन्होंने किराये पर शास्त्री नगर के ही गौरव त्यागी को दी थी। गौरव त्यागी नीचे ग्राउंड फ्लोर पर साबुन फैक्ट्री चलाते थे। प्रथम तल पर दिवाली वाली चाइनीज बंदूक के कारतूस बड़ी संख्या में जमा थे। अधिकारियों का मानना है कि कास्टिक सोडे में गैस बनने के बाद धमाका हुआ और उसके बाद पैकेजिंग मशीन का कंप्रेशर फटा है, जो मौके पर ही फटा हुआ मिला है। गौरव त्यागी के घर पर दबिश दी है, लेकिन वह फरार हो चुका है।

### साबुन फैक्ट्री में धमाका कैसे हुआ...जांच करवा रहे

डीएम दीपक मीणा का कहना है कि साबुन बनाने का काम यहां होता था। साबुन बनाने से जुड़े सामान यहां मिले हैं। जिसकी वजह से ब्लास्ट हुआ है। 4 की मौत हुई है, 10 गंभीर घायल है। पटाखे या आतिशबाजी की पुष्टि नहीं हुई है। मालिक को बुलाया जा रहा है। रिहायशी इलाके में कॉमर्शियल फैक्ट्री चल रही थी या नहीं इसकी जांच करा रहे हैं। साबुन में इस्तेमाल करने वाले किसी केमिकल से विस्फोट हुआ है, जिस तरह का धमाका है। वह पटाखों का नहीं लग रहा है। फिलहाल इसकी गहनता से जांच की जा रही है।

### साबुन फैक्ट्री की आड़ में पटाखे बनाने का शक

पूरे धमाके को पुलिस, प्रशासन बार-बार साबुन फैक्ट्री में धमाका बता रहा है। कास्टिक सोडा या साबुन के कुछ केमिकल में ब्लास्ट हुआ है। आस-पास के लोगों का कहना है कि यहां पटाखे बनाए जाते हैं। मौके से मिले प्लास्टिक खोखे और पैकिंग रैपर्स भी पटाखों वाले लग रहे हैं। शक है कि साबुन फैक्ट्री की आड़ में यहां अवैध पटाखों को बनाने का काम चल रहा था। ध्वस्त हुई बिल्डिंग में प्लास्टिक शेल्स मिले हैं, जिनके अंदर पाउडर भरा हुआ है। लाल रंग की पन्नी में पैक हैं। इन प्लास्टिक बुलेट्स के अंदर एक पाउडर भरा हुआ है। इस पैकेट्स की पैकिंग भी टाइटैनिक ब्रांड नाम से है। जबकि मलबे में साबुन की पैकिंग भी मिली है।

### मकान में रह रहे परिवार का नहीं चल सका पता

फैक्टरी के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि इस फैक्टरी में ऊपर के हिस्से में साबुन बनाया जा रहा था जबकि दूसरी मंजिल पर भारी मात्रा में पटाखे मिले हैं। वहीं नीचे के हिस्से में एक परिवार भी रह रहा था, लेकिन उस परिवार का कोई अता-पता नहीं है। न ही किसी व्यक्ति ने धमाके के दौरान उसे परिवार को फैक्टरी से निकलते हुए देखा। दूसरे धमाके के बाद रेस्क्यू कार्य तुरंत ही बंद हो गया। रेस्क्यू कार्य में लगे जेसीबी चालक के घायल होने के बाद कोई भी जेसीबी चालक यहां काम करने के लिए तैयार नहीं है। फायर ब्रिगेड की दर्जन पर गाड़ियां पानी डालकर धमाके की संभावना को समाप्त कर रही है।

### मुख्यमंत्री घटना पर लिया संज्ञान

वहीं पूरे मामले लखनऊ तक गूंज हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले पर संज्ञान लेते हुए घटना की जांच कर अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है।

### एटीएस की जांच में सामने आई ये बात

एटीएस की टीम की प्रथम दृष्टया जांच में मौके से विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि हुई है। एटीएस ने मौके से मिली सामग्री को बच्चों की बंदूक में लगने वाली मिसाइल माना है। बता दें कि हापुड़ के धौलाना में भी भीषण विस्फोट हुआ था, वहां पर भी ऐसी ही विस्फोटक सामग्री मिली थी।

### मरने वालों की पहचान नहीं

मरने वालों में चारों कर्मचारी हैं, वो कहां के थे इसकी जानकारी अभी नहीं हुई है। उनके कोई परिजन अभी तक सामने नहीं आए हैं। जिनकी पहचान प्रशासन करा रहा है। वहीं सभी घायलों का इलाज मेडिकल अस्पताल में चल रहा है। वहीं प्रशासन ने एक लिस्ट जारी की। जिसमें घायलों के बारे में बताया गया। घायलों में कार्तिक (6), ओमकार (52), आसमा (38), सरोज (35), करण (4), सोनाक्षी (7), रोहित (6) का इलाज करवाया जा रहा है।

# तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में दो पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट, 14 लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु में शिवकाशी के पास पटाखा बनाने वाली फैक्ट्रियों में मंगलवार को एक के बाद एक दो विस्फोट हुए। इस दौरान कम से कम 14 लोगों की मौत होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, पहला विस्फोट विरुधुनगर जिले में शिवकाशी के पास हुआ। यहां अब तक पांच लोगों की मौत की खबर है। इसके बाद तत्काल अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजा गया। दूसरा विस्फोट उसी जिले के कम्मापट्टी गांव में एक अन्य इकाई में हुआ। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि धमाकों से अब तक नौ लोगों की जान जा चुकी है। मौके पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौजूद हैं। विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इससे पहले अरियालूर जिले में नौ अक्तूबर को एक पटाखा इकाई में आग लग गई थी। इसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शोक व्यक्त कर पीड़ित परिवारों के लिए नकद राहत की घोषणा की थी। घटना जिले के विरागलुर गांव में एक निजी इकाई में हुई थी। मुख्यमंत्री ने बताया था कि पांच घायल लोगों को तंजावुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बचाव और राहत गतिविधियों में तेजी लाने के लिए अपने कैबिनेट सहयोगियों एसएस शिवशंकर और सीवी गणेशन को तैनात किया था। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को तीन-तीन लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख रुपये और सामान्य रूप से घायल हुए लोगों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की थी।

**कानपुर एक्सप्रेस**



**कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11**

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

**रिपोर्ट** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी में फर्जी डिग्री बेचे जाने के आरोप में तीन कर्मचारियों पर एफआईआर

# खरीदिए-खरीदिए-खरीदिए, पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बिक रही हैं डिग्री


जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

- 40 से 50 हजार में बेची जा रही थी डिग्रियां, दो लोगों ने तथ्यों के साथ की शिकायत
- राजभवन तक पहुंची शिकायत, कुलपति ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया

**लखनऊ।** धांधलियों से भरे हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कार्यशैली पर अब एक और गंभीर आरोप लगा है। यह आरोप विश्वविद्यालय में डिग्री बेचे जाने का है। तथ्यों के साथ राजभवन और कुलसचिव से की गई शिकायत के बाद विश्वविद्यालय के तीन आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही, इस मामले में कुलपति ने सख्त रुख अख्तियार किया है। बिहार के छपरा निवासी विष्णु प्रसाद चौबे ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव और राजभवन को एक शिकायती पत्र भेजा था। इस पत्र में आरोप था की कुछ लोगों के द्वारा विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों जैसे बी फार्मा और बीएड की डिग्री बेची जा रही हैं। इस संबंध में उन्होंने तथ्य भी दिए थे जिसमें बैचलर ऑफ फार्मेसी क्रमांक संख्या 180 तथा शिक्षा स्नातक उपाधि क्रमांक संख्या 6550 पत्र के साथ संलग्न कर विश्वविद्यालय के डिग्री विभाग में कार्यरत कर्मचारी संतोष तिवारी और अनिल सिंह निगोह पर इन डिग्री को 50-50 हजार में बेचने का आरोप लगाया था। वहीं, दूसरा शिकायती पत्र रविकांत तिवारी ने भेजा था। उनका आरोप है कि बी फार्मा उपाधि क्रमांक संख्या 173 और शिक्षा स्नातक उपाधि क्रमांक संख्या 2798 को डिग्री विभाग में कार्यरत संतोष तिवारी, अनिल कुमार सिंह ने 40-40 हजार रुपए में स्वामीनाथ मिश्र के मोबाइल नंबर के माध्यम से डिग्री बेची थीं। शिकायती पत्रों के आने के बाद राज भवन से लेकर विश्वविद्यालय में हड़कंप मच गया। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह ने स्पीड पोस्ट के द्वारा पत्र भेजकर तीनों कर्मचारियों पर एफआईआर कराई है।



**रिपोर्ट** पूर्वांचल विश्वविद्यालय में किताबों की खरीद में घोटाले पर राज्यपाल सख्त



FIRST INFORMATION REPORT

### कुलपति ने सील करवाया उपाधि विभाग

शिकायतों का संज्ञान लेते हुए के कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने निरीक्षण करते हुए उपाधि विभाग ( डिग्री सेक्शन) को सील करवा दिया था। कुछ फाइलों को भी जब्त कर लिया। इसके बाद तीन सदस्य कमेटी का गठन करके मामले की जांच करवा रही हैं।

### शिकायत पर राजभवन गंभीर, आएंगे जांच अधिकारी

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में डिग्री बेचे जाने की शिकायतों को राजभवन ने भी गंभीरता से लिया है। विश्वविद्यालय के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार राज भवन इस मामले में लगातार विश्वविद्यालय के आला अधिकारियों के संपर्क में है। जानकारी के अनुसार राजभवन से कुछ अधिकारी मामले की जांच करने विश्वविद्यालय आएंगे।

### जन एक्सप्रेस करता रहा है विश्वविद्यालय में धांधलियों का खुलासा

मामला चाहे पूर्वांचल विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में किताबों की खरीद संबंधी घोटाले का हो, नैक समन्वय समिति के समन्वयक प्रोफेसर मानस पांडेय की डिग्री फर्जी होने के बावजूद उनकी नियुक्ति का हो या फिर नैक की अच्छी ग्रेडिंग लेने के लिए विश्वविद्यालय का लाखों करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाने का हो। तथ्यों के साथ खबरों में हर पहलू को उजागर करने और जिम्मेदारों को आगाह करने की कोशिश रही है।

# लेखपाल को रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

सदर तहसील मे तैनात लेखपाल प्रमोद कुमार श्रीवास्तव को एंटी करप्शन की टीम ने किसान से रिश्वत लेते हुए सोमवार को अरेस्ट कर लिया। गिरफ्तार लेखपाल ने मलवां क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी किसान शिव मोहन तिवारी से जमीन की पैमाइश करने के बदले घूस के तौर पर 5 हजार रुपये मांगे थे। जब किसान ने रुपए देने से मना कर दिया तो लेखपाल लगातार उन्हें बार-बार अपने ऑफिस के चक्कर लगवाने लगा साथ ही बंद कमरे में काम के बदले रुपयों की मांग कर रहा था।

एंटी करप्शन टीम से बातचीत करने के बाद किसान ने रणनीति के तहत् लेखपाल को पहले तो फोन किया और फिर मिलने की इच्छा जाहिर किया। किसान और लेखपाल के बीच हुई बात के दौरान लेखपाल ने किसान को सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तामेश्वर मंदिर के पास बुलाया। प्लान के मुताबिक किसान हाथ में रुपए लेकर मंदिर पहुंचा, जहां पर पहले से ही लेखपाल उसका इंतजार कर रहा था। किसान ने जैसे ही लेखपाल को रुपए दिये उसके कुछ ही देर बाद एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। वही लेखपाल को भ्रष्टाचार लिप्त देख डीएम सी.इंदुमति ने तत्काल कड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपित लेखपाल के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करते हुए निलंबित कर दिया और विभागीय कार्यवाही का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपित लेखपाल के विरुद्ध कई मामले सामने आ रहे हैं सनगांव में तैनाती के दौरान महिला ने पैसे मांगने के आरोप लगाया था। जिसमें अफसरों को गुमराह कर वह बच निकला। खागा के गौरा बुजुर्ग गांव में वरासत के लिए एक महिला का खासा उत्पीड़न किया था। मामले में तत्कालीन एसडीएम ने निलंबन के आदेश दिया था। एंटी करप्शन टीम के मुताबिक शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोट लेकर लेखपाल के पास भेजा गया। लेखपाल ने नोट पकड़े तभी उसको गिरफ्त में ले लिया गया। लेखपाल के हाथ धुलाए गए तो नोटों पर लगे केमिकल की वजह से हाथ गुलाबी हो गये। बताया कि कार्यवाही के दौरान वीडियो रिकार्डिंग भी किया गया है।

# मुक्त कराया जाये प्रेस क्लब का कब्जा

**बांदा प्रेस क्लब, बांदा के सभी पत्रकारों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

जन एक्सप्रेस | बांदा



पत्रकारों के लिए बनाया गया प्रेस क्लब के भवन को बांदा प्रेस क्लब को सौंपा जाये, इस आशय का मांग पत्र सोमवार को बांदा प्रेस क्लब की बबेरू इकाई के संरक्षक डॉ. बुद्धि प्रकाश अग्निहोत्री द्वारा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को सौंपा गया। यह प्रेस क्लब बाबूलाल चौराहे के पास शहीद पत्रकार स्वर्गीय सुरेश चंद्र गुप्ता के नाम से बनाया गया था, जो काफी अरसे से बंद पड़ा है, जिससे वास्तविक पत्रकार इस भवन का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस पर जिला अधिकारी ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

जिलाधिकारी को सौंपें गए मांग पत्र में कहा गया है कि जनपद के पत्रकारों के विधिमान्य संगठन बांदा प्रेस क्लब के पास आज तक कोई भवन नहीं है, जबकि शासन की मंशा अनुरूप प्रत्येक जनपद में प्रेस क्लब को भवन आवंटित किया जाना था। बांदा में भी उक्त शासनादेश के अनुरूप भवन निर्माण की कार्यवाही हुई और बांदा नगर पालिका के नजूल भूखंड 10555 रकबा 0.435 वर्ग मीटर पर विभिन्न निधियां के माध्यम से बांदा प्रेस क्लब के भवन का निर्माण बबेरू के शहीद पत्रकार सुरेश चंद्र गुप्ता के नाम पर कराया गया था।

स्वर्गीय सुरेश चंद्र गुप्ता के अभिन्न मित्र व वर्ष 1983 को बबेरू में हुई उनकी जघन्य हत्या को उजागर कर परिजनों व उनके मित्रों को न्याय दिलाने वाले वरिष्ठ पत्रकार डा. बुद्धि प्रकाश अग्निहोत्री बांदा प्रेस क्लब की बबेरू इकाई के संरक्षक हैं। उनके मार्गदर्शन में आज बांदा के सैकड़ों पत्रकार एकजुट है। सभी पत्रकार एकजुट होकर प्रेस क्लब भवन को बांदा प्रेस क्लब को हस्तगत करने की मांग करते हैं, ताकि पत्रकारों को एकत्रित होने, बैठकों अथवा कामकाज निपटाने के लिए अन्यत्र व्यवस्था न करना पड़े।इस सम्बन्ध में बबेरू प्रेस क्लब के संरक्षक डा. बुद्धि प्रकाश अग्निहोत्री ने बताया कि शहीद पत्रकार स्वर्गीय सुरेश चंद्र गुप्ता के नाम पर बनाया गया प्रेस क्लब भवन काफी दिनों से बंद पड़ा है। इसे चालू करने की जरूरत है। जिस प्रयोजन के लिए इसे बनाया गया था, पत्रकारों के हित में इसे खोला जाना चाहिए।

वहीं बांदा प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा जी ने बताया कि यह भवन कांजी हाउस की जमीन पर बना है, जिसे 1983 में शहीद हुए पत्रकार सुरेश चंद्र गुप्ता के नाम पर प्रेस क्लब भवन का नाम दिया गया था, जो वर्तमान समय में बंद पड़ा है। पत्रकारों के लिए बनाए गए इस भवन को मीडिया से सम्बन्धित सूचना विभाग को दे दिया जाए, ताकि शासन से सूचना विभाग भवन के लिए आए धन से वहां सूचना विभाग का भवन बन सके और नीचे के हिस्से में प्रेस क्लब संचालित हो सके। ज्ञापन देने वालों में प्रेस क्लब के महासचिव सचिन चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र खत्री, सचिव सुनील सक्सेना, संरक्षक कमल सिंह व मो. इदरीश, संयुक्त सचिव श्रीष पांडे, विशेष प्रोटोकॉल सचिव रोहित धुरिया, सरोज त्रिपाठी, कु. मंजू शर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार त्रिपाठी उर्फ राजा,श्रीकांत श्रीवास्तव सहित बबेरू कमेटी से आए अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुफीद आलम, विशेष प्रोटोकाल सचिव संजय सिंह, अनिरुद्ध सोनी सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थिति रहे। साथ ही प्रेस क्लब नरैनी कमेटी के अध्यक्ष मयंक शुक्ला, संतोष सोनी, सुशील कुमार मिश्रा, वकील खान सहित दर्जनों लोग नरैनी से आए।

# पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा साथी सहित आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



सदर कोतवाली क्षेत्र मे पुलिस चैकी के ठीक पीछे बीती देर शाम सरेआम गोली मार कर हत्या किया गया था। उसका आरोपी कोई अन्य पिता पुत्र के रिश्तों को शर्मसार कर देने का मामला सामने आया है। जहां पहले पुत्र ने अपने चचेरे भाई पर अपने ही पिता की हत्या का आरोप लगाया था लेकिन जब सच्चाई सामने आई तो सभी के होश उड़ गये। हत्या की साजिश रचने वाला और कोई नहीं बल्कि मृतक का पुत्र ही निकला। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

बताते चले कि सेवा निवृत्त स्वास्थ्य कर्मी हरि ओम गुप्ता 64 साइकिल से दूध लेने जा रहे थे। बाइक सवार हमलावरों ने हरिओम पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए फरार हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर हालत में हरिओम को अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे और बेटी की तहरीर के आधार पर चचेरे भाई ज्ञानेंद्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। जब ज्ञानेंद्र की कॉल डिटेल्स खंगाली गई तो उसकी लोकेशन उसके घर पर ही निकली। जिस वक्त यह मर्डर हुआ उस वक्त ज्ञानेंद्र अपने घर पर था। इसके बाद पुलिस का शक मृतक के बेटे दिलीप उर्फ दीपू पर गहराया और पुलिस ने दीपू को हिरासत में लिया और उसका मोबाइल चेक किया। कड़ाई से पूछताछ के कुछ देर बाद दीपू ने सब उगल दिया। उसने बताया कि उसने अपने पिता की हत्या की साजिश रचने के लिए दोस्त कल्लू पाल को हत्या की सुपारी दिया था और जब कल्लू पाल ने पिता की हत्या कर दिया तो दीपू ने मौके का फायदा उठाकर पूरा आरोप चचेरे भाई पर मढ दिया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कल्लू को सर्विलांस की मदद से दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर एक घर से पुलिस ने झोले में भरा तमंचा बरामद किया। एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि घटना में प्रथम दृष्टयता नामजदगी गलत पाई गई है। जांच में पुत्र व अन्य का हाथ सामने आया है जांच पूरी होने के बाद आरोपियों पर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि आबूनगर 14 वर्ष पूर्व अध्यापक शंकर लाल की हत्या हुई थी। शंकर लाल मृतक हरिओम गुप्ता के बड़े भाई थे। कई सालों से दोनों परिवारों के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। शंकर लाल गुप्ता की हत्या में हरिओम के बेटे दिलीप उर्फ दीपू को 14 साल की सजा हुई थी। अभी कुछ समय पहले ही दीपू जेल से रिहा होकर आया था लेकिन दीपू अपने पिता हरिओम से नाराज रहता था क्योंकि उन्होंने उसके केस में पैरवी नहीं किया था। जानकारों की माने तो हरिओम अपने छोटे बेटे को ही अपनी जायदात का वारिस बनाना चाह रहे थे। जिसकी वजह से दीपू ने अपने ही पिता की हत्या कर अपने चचेरे भाई ज्ञानेंद्र को फसाने का प्लान बनाया लेकिन हरिओम की हत्या के बाद वो खुद पुलिस के चंगुल में फस गया।

## गैंगेस्टर के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गैंगेस्टर के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने आरोपी को 68 माह 20 दिन की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 25 मार्च 2009 को तत्कालीन मानिकपुर थाना प्रभारी बृजभूषण दुबे ने प्रयागराज जिले के नैनी थाने के नया पुरवा निवासी श्रीराम पुत्र किशन लाल पटेल के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया था। पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने मंगलवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी श्रीराम पटेल को 68 माह 20 दिन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# सरकारी जमीनों से अवैध कब्जों को तत्काल कराएं खाली : डीएम

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में मंगलवार को कर-करेत्तर राजस्व वसूली एवं चकबंदी कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, राजस्व वसूली, नगर निकाय, कृषि, लोक निर्माण विभाग, वाणिज्य कर, मंडी, बांट माप, विद्युत आदि विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि जो शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसी के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत की आरसी वसूली शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। इसी प्रकार बैंक, खनन अन्य विभागों की वसूली को भी बढ़ावा दिया जाए। तहसीलदार वसूली पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों से कहा कि राजस्व वादों में दायरे के अनुसार निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जितने तालाब, पोखर व सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा है, उनको तत्काल खाली कराएं। अविवादित वरासत का भी अभियान चलाकर चिन्हित करके निस्तारण कराएं। अगर कोई समस्या हो तो नायब तहसीलदार, तहसीलदार, उप जिलाधिकारी को सूचना दें। उन्होंने कहा कि पुराने वादों का निस्तारण कराएं। ग्रामसभा की जमीनों पर किसी भी तरह का कब्जा नहीं होना चाहिए। इस पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। धारा- 67 के जो मामले हैं, उसका उप जिलाधिकारी अपनी देखरेख में भी निस्तारण सुनिश्चित करें।

उप जिलाधिकारियों से कहा कि खनिज अधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ चेकिंग करके अवैध खनन व ओवर लोडिंग के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। किसी भी दशा में जनपद पर अवैध खनन नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने चकबंदी के कार्यों की समीक्षा करते हुए बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि जो भी चकबंदी प्रक्रिया जिन गांवों में कराई जा रही है, उसे शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध तरीके से कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कलेक्टरेट कार्यालय के दो मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को जिसमें अश्मित कुमार सिंह लिपिक एवं असरान हुसैन कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र भी दिया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर राम जन्म यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, डीसी वाणिज्य कर आर के सोनी, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बी एन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## छेड़खानी के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को दो साल की कैद

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

छेड़खानी के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 11 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि बीती 26 अक्टूबर 2012 को राजापुर थाने में वादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादिया के अनुसार रायपुर गांव के कुम्हारन पुरवा के निवासी नानमुनी उर्फ मुन्ना पुत्र रामऔतार प्रजापति ने उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शनी ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी नानमुनी उर्फ मुन्ना को दो वर्ष कारावास और 11 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# वैवाहिक विवादों को सुलह कराने का प्रयास करें मध्यस्थ

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट




उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर मंगलवार को पैनल अधिवक्ता, सदस्यों के साथ प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने बैठक की। जिसमें वैवाहिक वादों से सम्बन्धित प्री लिटिगेशन स्तर के वाद, स्थायी लोक अदालत में दाखिल होने वाले वाद, निशुल्क विधिक सहायता एवं मध्यस्थों को व्यापक स्तर पर वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित किए जाने पर जोर दिया गया।

बैठक में नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अपर जिला जज दीप नारायण तिवारी ने बताया कि दीवानी न्यायालय चित्रकूट में शुरू की गयी वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पक्षकार गणों के न्यायिक प्रक्रिया में प्रतिभाग किए जाने की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें साक्षीगण के बयान तथा अन्य कार्यवाहीयां भी सुचारू रूप से सम्पन्न कराई जा सकती है। सिस्टम ऑफिसर अनुराग जायसवाल ने वादों के ई फाईलिंग के सन्दर्भ में जानकारी दी।

इस मौके पर पैनल अधिवक्ता रूद्र प्रसाद मिश्रा, महेन्द्र प्रताप सिंह, कामता प्रसाद द्विवेदी, दमयंती, पुरूषोत्तम यादव, राजकुमार, सुशील कुमार सिंह, रजनीश, राममिलन, विनय कुमार, चन्द्रिका प्रसाद, भोला शंकर, ननकूराम यादव, राहुल शर्मा, हेमराज सिंह, गया प्रसाद निषाद, योगेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वह बीती 16 अक्टूबर की शाम अपनी बहन कुसमा पत्नी कामता को प्रसव के लिए जिला अस्पताल ले गए थे। जहां जच्चा बच्चा केन्द्र में कुसमा को भर्ती करने से इनकार कर दिया गया। जिसके बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों से भी सम्पर्क किया, किन्तु बहानेबाजी की जाती रही। मुख्य चिकित्साधिकारी को इस मामले की जानकारी देने पर उनकी बहन को तत्काल रिफर कर दिया गया। जिसके बाद उन्होंने निजी अस्तपाल में जाकर प्रसव कराया। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव 80 सीटो पर लड़ेगी कांग्रेस : अजय राय

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियो मे तेजी आती जा रही है। जहॉ मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित अन्य पॉच प्रान्तो मे विधान सभा चुनाव चल रहे है। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव की भी तैयारियॉ की जा रही हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कानपुर जोन बैठक मे जाते समय जिला अध्यक्ष के आवास में स्वल्पाहार के लिए रुके और जहॉ कांग्रेसियो में आगामी लोकसभा चुनाव का जोस भरा। वहीं पत्रकारों से भी बात की।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकारों से बात करते हुये कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 का चुनाव प्रदेश में पूरे 80 सीटों पर कांग्रेस चुनाव की तैयारियॉ कर रही है। वहीं इंडिया गठबन्धन के सम्बन्ध मे पूछे जाने पर कहा कि यह मुद्दा शीर्ष का है। अभी प्रदेश की सभी 80 सीटो पर तैयारियॉ किया जा रहा है। आगामी लोक सभा के मुद्दे पर पूछे जाने पर बताया कि प्रदेश मे जंगल राज है बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई धर्म के नाम पर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। जिसके लिए कांग्रेस मुस्तैदी से खड़ी है और केन्द्र व प्रदेश की सरकार को उखाड़ फेकेंगे। अभी हाल ही में देवरिया में हुये हत्याकाण्ड को सरकार के इशारे मे होना बताया। इसी प्रकार अन्य जनपदो मे भाजपा नेताओ द्वारा जघन्य अपराध को अन्जाम दिया जा रहा है। आगे शीर्ष नेताओ के निर्देश पर निर्णय लिया जायेगा। श्री राय काशी से कानपुर जोन बैठक मे हिस्सा लेने जा रहे थे। जिला अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय की अगुवाई मे जनपद बार्डर मे कटोघन टोल प्लाजा मे बडी सख्या मे कांग्रेस समर्थको ने अगुवानी किया। खागा स्थित जिला अध्यक्ष के आवास मे रुक कर जहॉ कांग्रेस समर्थको के साथ बात किया। वहीं बुजुर्ग कांग्रेसी नेता प्रदुम्म त्रिपाठी एडोकेट के निधन पर उनके आवास पहॅुचकर परिजनों को सांत्वना दिया और स्व0 त्रिपाठी के त्याग व कांगेस के प्रति समर्थन पर कृतज्ञता ज्ञापित किया। इसी के साथ काफिला कानपुर के लिए निकल पडा। जनपद मे थरियाव, फतेहपुर सहित आधा दर्जन स्थानो मे प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया।

## मानचित्र समाधान दिवस 19 को

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत के लिए प्राप्त भवन मानचित्रों के त्वरित निस्तारण के लिए प्राधिकरण द्वारा मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन 19 अक्टूबर को अपरान्ह एक से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित किया जायेगा। इस आयोजन में सभी सम्बन्धित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता सम्बन्धित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार आर्कीटेक्ट उपस्थित रहेंगे। जिससे सम्बन्धित भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करते हुए भवन मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही सम्पन्न की जा सके।

# आश्वासन पर ही दौड़ रहा है खांचा पुरवा सेमरदहा संपर्क मार्ग

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

विकास के बड़े दावा करनी वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी का दावा एक दम शून्य दिखाई दे रहा है। सरकार के प्रतिनिधियों व सरकारी अफसरों को कई बार अवगत कराने के बाद भी उनके कान में जूं तक नहीं रेग रहा है। मानिकपुर ब्लॉक के सेमरदहा गांव के खांचा पुरवा के निवासी रमाकान्त मिश्रा ने बताया के उनके गांव में लगभग 300 की आबादी है, लेकिन विडंबना देखिए कि आजादी के 75 साल बीतने के बाद इस मजरा में रोड नहीं है। भ्रष्टाचार की बात की जाए तो मानिकपुर ब्लॉक सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का केंद्र बनता जा रहा है। अपात्रों को आवास दिया जा रहा है, मनरेगा पर जमकर कमीशन बाजी की जा रही है, ओडीएफ का चोला पहन कर सरकार व अधिकारी घूमते हैं, जमीनी हकीकत एक दम शून्य है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सांसद पर वैसे भी खतरे की घंटी बजती हुई दिखाई दे रही है।

## अवैध पांच देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि सीतापुर चैकी के उप निरीक्षक उमाशंकर यादव तथा आरक्षी अतुल परिहार द्वारा कुणाल त्रिपाठी पुत्र रामदेव त्रिपाठी निवासी अछरौड़ थाना मटौंध जनपद बांदा को पांच देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# स्वदेशी खादी महोत्सव का एसडीएम ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस | मऊ, चित्रकूट



उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने मंगलवार को बाला जी स्वदेशी खादी महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गाँवों में लोगों को रोजगार के लिए लघु उद्यम करने चाहिए।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि स्वरोजगार के जरिए लोग स्वयं अपने पैरों पर खड़े होते है। साथ ही अपने साथ अन्य कई लोगों को रोजगार देने में सक्षम हो जाते है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों को लेकर लोगों में उत्साह रहता है। आयोजकों को यहां आने वाले ग्रामीणों का भरोसा बरकरार रखना चाहिए। ऐसे आयोजनों से अन्य युवाओं को भी स्वरोजगार के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने इस दौरान प्रदर्शनी भी देखी। इसमें क्राकरी, भदोही का कारपेट, किचनवेयर, खादी कपड़ा, कुर्ती, रेडीमेड कपड़े, लखीमपुर खीरी के जूते और बच्चों के मनोरंजन झूले और खाने पीने का सामान और उज्जैन की फेमस मटका कुल्फी भी है।

इस मौके पर मऊ थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी, एसडीओ बिजली शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# धनुष टूटते ही देवी सीता हुई प्रभु श्रीराम की

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



कस्बा मऊ में हो रहे अनुष्ठानी रामलीला के छटवें दिन धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया गया। भगवान राम के शिव धनुष तोड़ते ही पूरा पान्डाल श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो गया। चारो तरफ राम की जय-जय कारा के साथ पुष्प बर्षा होने लगी।

मऊ कस्बे में धनुष यज्ञ का मंचन श्री हनुमान रामलीला मंडल अयोध्या के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। रामलीला मंचन में भगवान श्री राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ सीता स्वयंवर में जनकपुर पहुंचते हैं। जहां राजा जनक शिव धनुष को तोड़ने वाले के साथ सीता का विवाह करने की घोषणा करते हैं।

स्वयंवर में आए विभिन्न देशों के राजा और राजकुमारों द्वारा शिव धनुष तोड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन शिव धनुष को कोई हिला तक नहीं पाया जिसे देखकर राजा जनक कहते हैं कि अब लगता वैदेही का विवाह नहीं होगा। पृथ्वी वीरों से खाली है। इतना सुनते ही लक्ष्मण क्रोधित हो जाते हैं और गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पर भगवान श्री राम धनुष को तोड़ देते हैं। धनुष टूटते ही चारों तरफ भगवान श्री राम की जयकारा होने लगाती हैं और सीता भगवान राम के गले में जयमाला डाल देती हैं। धनुष भंजन की आवाज सुनकर धनुष यज्ञशाला में भगवान परशुराम का आगमन होता है। लक्ष्मण और परशुराम के बीच संवाद होता है।

इस मौके पर अनुष्ठानी रामलीला के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ला, प्रबंधक सच्चिदानंद मिश्रा, अवध नरेश त्रिपाठी, अमित पान्डेय, गमल द्विवेदी, अनूप द्विवेदी, सुबोध शुक्ला, जयप्रकाश तिवारी, रमेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.2 (+2.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 20.0 (+0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 84 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 38 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# सपाइयों ने कानपुर में किया लात घूंसे मारपीट का वीडियो वायरल कराकर अखिलेश यादव का स्वागत

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर




**कानपुर नगर।** बीते दिन मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कई कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कानपुर पहुंचें थे। कानपुर नगर आगमन के बाद ही उनके पार्टी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत लड़ाई झगड़े के साथ किया। जाजमऊ स्थित पुल पर टेंट में बैठने को लेकर जमकर पार्टी कार्यकर्ताओं में लात घूंसे चले जिसका विडियो भी जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। अखिलेश यादव ने अपनी नगर यात्रा के दौरान यादव सम्मेलन में शिरकत की और स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा यादव समाज को सम्मान दिलाने वाले एकमात्र नेता मुलायम सिंह यादव थे उन्होंने यादव समाज के को आगे बढ़ने का काम किया है। अखिलेश यादव विपक्ष पर गरजे उन्होंने कहा कि पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक को साथ लेकर लोकसभा चुनाव जीतेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी को लोकसभा की 80 सीटे हराने की रणनीति बनाएंगें।

### मृतक किसान बाबू सिंह यादव के परिजनों से मिले अखिलेश

भाजपा नेता आशु रंजन दिवाकर की धोखाधडी से त्रस्त होकर आत्महत्या करने वाले मृतक किसान बाबू सिंह यादव के परिजनों से मिलने अखिलेश यादव उनके घर पहुंचे और उनसे बात की, मृतक किसान के परिजनों से बात करने के बाद अखिलेश यादव भारतीय जनता पार्टी पर जमकर बरसे और कहा कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराधियों और माफिया पर बुलडोजर की कार्यवाही कर रहे हैं लेकिन जब अपनी पार्टी के नेता पर कार्रवाई करने की बात आई तो उनके बुलडोजर का डीजल खत्म हो गया और ड्राइवर भी भाग गया ऐसे में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है और अपने नेताओं पर अंकुश नहीं लग पा रही है। उन्होंने सरकार से मृतक किसान को न्याय दिलाने की बात भी कही है। इसके बाद अखिलेश यादव दवा व्यापारी अमोल भाटिया के घर पर भी गए और वहां पर उन्होंने सभी से मुलाकात की।

# सीएम योगी एक प्रतिष्ठित धार्मिक मठ के महन्त व गेरुवा वस्त्र धारण करने के बावजूद झूठ बोलकर जनता को कर रहे भ्रमित : अजय राय

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रायोजित बुन्देलखण्ड डिवीजन की संगठन बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आडम्बर व छद्मवेशी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक प्रतिष्ठित धार्मिक मठ का महन्त व गेरुवा वस्त्र धारण करने के बावजूद भी निरंतरता से झूठ बोलकर जनमानस को भ्रमित करने वाला बताते हुये यह भी कहा कि आज न केवल सम्पूर्ण प्रदेश के विभिन्न जनपदो मे अपराधो विशेषतया जघन्य हत्याओं, महिलाओं व दलित एवं गरीब वर्गो के उत्पीड़न की घटनाये ही नही बढ रही है बल्कि महंगाई व भ्रष्टाचार की चरम सीमा के इजाफे के साथ ही धार्मिक उन्माद के रहते सम्पूर्ण प्रदेश मे भय व आतंक का वातावरण व्याप्त हो गया है। ऐसे मे कांग्रेसजनो को अपनी संगठन शक्ति को सुदृढ़ करके जनसाधारण के बीच जाकर उनके झूठे प्रचार प्रसार एवं कृत्यो का पर्दाफाश करने के लिए तत्पर होना पड़ेगा।

बैठक के प्रारम्भ मे जहां शहर कांग्रेस उत्तर, दक्षिण एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष क्रमशः नौशाद आलम मंसूरी, हरिकिशन भारती व अमित पाण्डेय ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजलाल खाबरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य जैन, डिवीजनल संगठन प्रभारी अनिल यादव, प्रदेश के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी, उर्मिला खाबरी, विभाकर शास्त्री, बुन्देलखण्ड डिवीजन के सभी जिला प्रभारी, प्रदेश महासचिव व सचिवो सहित झांसी, ललितपुर, बांदा, महोबा, उरई, कन्नौज, इटावा, कानपुर देहात, औरैया, जालौन, चित्रकूट, फतेहपुर, हमीरपुर से आये सभी जिला अध्यक्षो एवं पदाधिकारियो पूर्व विधायको को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक भूधर नारायन मिश्रा व सभा संचालन प्रदेश कांग्रेस के महासचिव संगठन प्रभारी अंशू तिवारी ने किया।

इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष करिश्मा ठाकुर व महासचिव प्रतिभा अटल पाल, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय, प्रदेश महासचिव शरद मिश्रा, प्रदेश सचिव विकास अवस्थी, जेपी पाल, अम्बरीश सिंह गौर, पूर्व विधायक नेक चन्द्र पाण्डेय, गणेश दीक्षित, संजीव दरियाबादी, सोहेल अंसारी, स0 कुलदीप सिंह, इंटक नेता पीएस बाजपेई, आलोक मिश्रा, पवन गुप्ता, मदन मोहन शुक्ला, नरेश चन्द्र त्रिपाठी, अंकज मिश्रा,शैल शुक्ला, राजीव द्विवेदी, अंकज मिश्रा, धवल पाण्डेय, अब्दुल मन्नान, हरप्रकाश अग्निहोत्री, संदीप शुक्ला,शंकर दत्त मिश्र, राम शंकर राय, शिब्बू अंसारी, मोबिन, मोहम्मद तौहीद सिद्धिकी,दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, डा0 आरके जगत, राधेश्याम कश्यप, शकील मंसूरी, पदम मोहन मिश्रा, राजेश सिंह, हरीश गुप्ता, सुनील बाल्मीकी, राजू कश्यप, दिलशाद अहमद, सुरेश बक्शी सहित विभिन्न जिला शहर पदाधिकारियों, फन्टल संगठनो, पार्षदो, ब्लाक एवं वार्ड अध्यक्षो आदि सहित भारी संख्या मे वरिष्ठ व कनिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित थें।

# नौ माह की गर्भवती विवाहिता को पहले पीटा फिर ससुरालीजन घर में ताला लगाकर फरार

*** विवाहिता ने ससुर पर लगाए गंभीर आरोप**

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर में मगंलवार को थाना काकादेव में एक नौ माह की गर्भवती विवाहिता को पहले ससुरालीजनों ने पीटा और उसके बाद
घर में अन्दर से ताला लगा लिया और विवाहिता को घुसने ही नहीं दिया घंटों विवाहिता अपनी सुसराल की चौखट पर बैठी रही और थक हारकर अपने मायके चली गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना काकादेव के शास्त्री नगर क्षेत्र के रामगोपाल मंदिर के निकट अपने ससुराल में निवास करने वाली विवाहिता प्रीति अवस्थी ने बताया कि उसकी शादी बीते वर्ष 2022 फरवरी माह में शास्त्री नगर निवासी आईसीआईसीआई बैंक में कैशियर पद पर तैनात प्रभात द्विवेदी से हुई थी। शादी में उसके पिता ने 25 लाख रुपए खर्च किए थे। अब ससुरालीजन उससे लग्जरी कार की मांग कर मारते पीटते हैं। पति दूसरी शादी कर लेने की बात कहता है। ससुर से संबंध बनाने का दबाव बनाते हैं। पति प्रभात, सास धनवंतरी, ससुर सुशील द्विवेदी, ननद आशी उसे रोजाना प्रताड़ित कर मारते पीटते हैं। आज भी सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह नौ माह की गर्भवती है। पिछली बार मई में उसके साथ ससुराली जनों ने मारपीट की थी और उसे घर से निकाल दिया था। जिसके बाद वह कल्याणपुर अपने मायके चली गई थी जहां उसने कल्याणपुर में पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर दी थी। जिस पर कल्याणपुर पुलिस ने कोई संज्ञान नहीं लिया।पीड़िता का कहना है कि डीजीपी से शिकायत के बाद नींद से जागी कल्याणपुर पुलिस ने ससुरालियों पर मुकदमा लिखा था। लेकिन मगंलवार को ससुरालियों ने उसे बहुत पीटा और घर में नहीं घुसने दिया। पीड़िता ने कहा कि उसने दुर्गा सेना की अध्यक्ष प्रीति शर्मा से मदद मांगी तो वह उसे थाने लेकर गई जहां उसका मेडिकल करा कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही गई है।

### सर्विलांस टीम ने खोए मोबाइल लौटाए, खिले चेहरे

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। क। पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) कमिश्नरेट व अपर पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) कमिश्नरेट के कुशल प्रवेक्षण एवं निर्देशन में सर्विलान्स सेल पूर्वी जोन की टीम द्वारा जनपद में खोये व गुम हुये मोबाइल फोन के सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुये लगभग 4 माह के अन्दर (जुलाई से अक्टूबर तक) अथक प्रयासों से विभिन्न जनपदों से, अन्तर जनपद से व अन्तरराज्यों मुम्बई, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आदि दुरस्थ स्थानों से 30 मोबाइल फोन सर्विलान्स टीम पूर्वी जोन द्वारा बरामद किया गये। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब नौ लाख रुपये है। उपरोक्त बरामद मोबाइल फोन के मोबाइल धारको को पुलिस उपायुक्त (पूर्वी), अपर पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) द्वारा प्रदान किय गये।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी गांव में रहने वाली सहेली के यहां पर गई नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ पास्को समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बीते दिनों घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया था की बीते दिन उसकी नाबालिग बेटी पड़ोस में रहने वाली चाची की तबियत खराब होने पर उनके घर पर काम करने गई थी। वहां से काम खत्म करने के बाद वह अपनी घर के बगल में रहने वाली सहेली के घर पर चली गई थीं। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला शिवनरेश उसके सहेली के घर में घुस आया और नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू की थी। पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि आरोपी युवक घर पर है, जिसपर घाटमपुर थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने फोर्स समेत घर पर दबिश दी और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

# थाना सेन पश्चिम पारा क्षेत्र की रेप पीड़िता को महीनों बाद भी नहीं मिला न्याय

*** पत्रकारों को जानकारी देती हुई रेप पीड़िता**

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




शहर के थाना सेन पश्चिम पारा के एक गांव में निवास करने वाली महिला का आरोप है कि लगभग एक माह पहले उसके साथ पड़ोस में ही रहने वाले एक शख्स द्वारा जबरन उसका बलात्कार किया गया। लेकिन इस घटना पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़िता लगातार न्याय पाने के लिए अधिकारियों की चौखटों के चक्कर काट रही है। रेप पीड़िता दामिनी (काल्पनिक नाम) ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर बताया कि 07 सितंबर 2023 को समय रात्रि लगभग 10.30 बजे पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति राजकुमार राजपूत उर्फ कल्लू पुत्र मुन्नी लाल निवासी ग्राम परसौली, पोस्ट- कठोंगर थाना सेन पश्चिम पारा, शराब पीकर उनके घर के दीवाल फान्दकर अन्दर जबरन घुस आया, उसके पति प्राइवेट नौकरी करते है जो कि उस समय घर पे मौजूद नहीं थे। राजुकमार राजपूत उर्फ कल्लू कहने लगा कि तुम्हारे पति ने मुझसे जो कर्जा लिया है वो कर्जा मैं तुझसे वसूलूंगा शोर मचाने के प्रयास किया तो राजुकमार राजपूत उर्फ कल्लू ने उसका मुँह दबाकर उसके साथ गन्दी हरकते करते हुये जवरजस्ती कमरे के अन्दर घसीटकर ले गया और कमरे की लाइट बन्द करके जबरजस्ती उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता की मानें तो उसने लगातार सभी जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया है लेकिन आज तक कार्यवाही नहीं हुई है।

# माता सीता के तप से प्रकट हुईं थीं माता तपेश्वरी



जन एक्सप्रेस | अरूण कुमार सविता

**कानपुर।** कानपुर के बिराहना रोड स्थित तपेश्वरी मंदिर प्राचीन मंदिरों में से एक हैं। यहां पर दूरदराज़ से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। देवी माता के इस प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है, और चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा आपके आसपास बनी रहती है। मान्यता है कि माता के सामने शीश झुकाने और अखंड ज्योति जलाने से मनोकामना पूर्ण होती है। तपेश्वरी देवी मंदिर का इतिहास त्रेता युग से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि माता सीता ने इस मंदिर में लव और कुश का मुंडन संस्कार कराया था। इस मंदिर की मान्यता सिद्धपीठ के रूप में भी है। पुजारी संतोष पंडित ने बताया कि जब लंका पर विजय प्राप्त कर प्रभु श्रीराम वनवास से लौटे तो अयोध्यावासी माता सीता के ही चरित्र पर सवाल उठाने लगे।इस पर भगवान राम ने सीता को त्याग दिया था। इसके बाद लक्ष्मण माता सीता को बिठूर स्थित वाल्मीकि जी के आश्रम में छोड़ आए थे। कहा जाता है कि माता सीता के तप से ही तपेश्वरी माता प्रकट हुईं थीं। इसके बाद सीता माता ने मां तपेश्वरी के समक्ष अपने दोनों पुत्रों का मुंडन कराया था। तब से यहां पर बच्चों के मुंडन कराने की परंपरा चली आ रही है। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि यहां अखंड ज्योति जलाने वालों को संतान की प्राप्ति होती। इसके बाद यहां पर एक छोटी मठिया की स्थापना की गई थी।

# 300 छात्र छात्राओं में से 204 बच्चों का चयन




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर कानपुर में मंगलवार को आई मदरसन कंपनी द्वारा प्रतिभागी 300 छात्र छात्राओं में से 204 बच्चों का चयन किया गया। कंपनी द्वारा चयनित छात्रों को नोएडा में दो माह की ट्रेनिंग के पश्चात ऑन रोल रोजगार दिया जाएगा। इस अवसर संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय,विभव शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# शिवराजपुर भूतेश्वर मंदिर में मनमोहक झाकियों की प्रस्तुति से झूमे भक्त



जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर कस्बा स्थित भूतेश्वर मंदिर प्रांगण में चल रहे दुर्गा महोत्सव में नन्हे बच्चो द्वारा मनमोहक तरह-तरह की झाकियां प्रस्तुत की जा रही है। बच्चो के झांकी कार्यक्रम में कस्बे के भक्त पहुंचकर आनंद ले रहे है।

संध्या भजन के बाद झांकियों का कार्यक्रम शुरू होता है जिसमे देर रात तक बच्चो के द्वारा अपनी-अपनी प्रतिभा झाकियों के माध्यम से दिखाई जाती है। दुर्गा कमेटी के अध्यक्ष शिवम उर्फ छोटू कटियार दीपक सेंगर निखिल शुक्ला गौरव अग्निहोत्री अतुल सैनी राहुल प्रजापति अर्जुन दिव्यांशु रितेश रोहित विजय रोहित गुप्ता अंकित निषाद विनय दीपक गुप्ता दिलीप अनुज दीक्षित राहुल दिवाकर आकाश मिश्रा आदि दुर्गा कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# डेयरी फार्मिंग के लिए पशुओं को स्वस्थ बनाए रखना आवश्यक : डॉ.शशिकांत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत ग्राम पांडेय निवादा में मंगलवार को डेरी पशुओं में टीकाकरण का महत्व विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का समापन हुआ। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.शशिकांत ने बताया कि लाभदायक डेयरी फार्मिंग के लिए पशुओं को स्वस्थ बनाए रखना आवश्यक है जिसके लिए टीकाकरण एक महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने बताया कि डेरी पशुपालन बैक्टीरिया, वायरस, कवक और परजीवी के कारण होने वाली बीमारियों के लिए अति संवेदनशील होते हैं। इसलिए जानवरों की देखभाल करना जरूरी है। उन्होंने किसानों को बताया कि टीकाकरण पशु रोग को रोकने, खाद्य उत्पादन की दक्षता बढ़ाने और लोगों को जेनेटिक और खाद्य जनित संक्रमणों के संरक्षण से रोकने के लिए एक प्रभावी तरीका है। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने बताया कि किसान अपने पशुओं का टीकाकरण गला घोटू ,खुरपका, मुंह पका, ब्रुसोलोसीस, एंथ्रेक्स इत्यादि के आने से पूर्व में ही कर ले ताकि पशुओं की यह बीमारियां न लग पाए। जिससे किसानों की पशुधन की हानि नहीं होगी तथा उनकी आय में वृद्धि होगी। प्रशिक्षण में गौरव शुक्ला, रामाश्रय के साथ किसान एवं दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

# बीजेपी प्रत्येक बूथ पर सौ और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बढ़ाएगी 20 हज़ार वोटर




जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** भाजपा उत्तर,दक्षिण जिले की संयुक्त कार्यशाला भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय पर मंगलवार को हुई। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा 28 अक्टूबर से मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत पार्टी वोटर चेतना अभियान शुरू करेगी। जिसके द्वारा पार्टी प्रत्येक बूथ पर सौ और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार वोट बढ़ाएगी। उन्होंने मेंयुवाओं को नव मतदाता बनाने के लिए घर-घर जाकर संपर्क करने की बात कही। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि 30 अक्टूबर से 5 नवंबर और 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक घर-घर संपर्क का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी जनप्रतिनिधि भी मतदाता सूची प्रशिक्षण कार्य में मतदाता बढ़ाने का कार्य करेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची परीक्षण अभियान में जांच कर फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने तथा बूथ सशक्तिकरण अभियान के दौरान बहुमंजिला आवासीय भवनों, नए बने आवासीय क्षेत्र में मतदाताओं के नाम जोड़ने पर फोकस करने की बात कही।कार्यशाला की अध्यक्षता उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय एवं संचालन दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने किया। इस अवसर पर सांसद सत्यदेव पचौरी, पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, मोहित पाण्डेय, विधायक महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, सुरेश अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख विजय रत्ना तोमर, गणेश शुक्ला, अवधेश सोनकर, नवीन पंडित, रजनीश गर्ग, राम बहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, ज्ञानू मिश्रा, संतोष शुक्ला, मनीष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

### अभियान के लिए 18 और 19 अक्टूबर को जिले के सभी मंडलों में आयोजित होगी कार्यशालाएं : प्रकाश पाल

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि वोटर चेतना अभियान के लिए 18 और 19 अक्टूबर को जिले के सभी मंडलों में कार्यशाला आयोजित की जायेंगी। वही 29 अक्तूबर को सभी बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल ,वार्ड, शक्ति केंद्र, बूथों के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जुटेंगे।

**सूचना**

मैं जरीना बानो अपने पुत्र वसीम अहमद पुत्र सलीम अहमद का चाल चलन पिछले कुछ वर्षों से काफी खराब हो गया है। और उसका उठना बैठना भी अराजकतत्वों के साथ है ।जिस कारण उसे जुए और शराब की लत लग गयी है। और उसने काफी लोगों से कर्ज भी ले रखा है। जिस कारण कर्जदार देने घर आते है। और धमकी देते है कि अगर तुम्हारे बेटे ने पैसे वापस नहीं करे तो हम लोग अपना पैसा तुमसे और तुम्हारे पति की सम्पत्ति को बेचकर वसूल लेंगे। पुत्र अपराधिक कृत्यों में लिप्त रहता है जिससे परिवार परेशान हैं। जिस कारण अपने पुत्र वसीम अहमद को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। और भविष्य में परिवारीजनों का कोई सम्बन्ध नहीं होगा।

**सूचनाकत्री**
जरीना बानो पत्नी सलीम अहमद उर्फ लाला निवासी मिश्रा कॉलोनी थाना गंगाघाट, तहसील जिला उन्नाव

# विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

**योजनाओं से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में जवाबदेह बनें अधिकारी: डीएम**



जन एक्सप्रेस | अमेठी

सीएम डैशबोर्ड पर आधारित शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें और शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार, योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों, दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, टीकाकरण आदि, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना, प्रोबेशन विभाग की योजना, ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना,आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में सड़कों को गड्ढा मुक्त किये जाने आदि, विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशा के अनुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत अपूर्ति, गांवों का ऊर्जीकरण, ट्रान्सफार्मरों का प्रतिस्थापन, कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण ग्राम विकास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि की योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों से लाभान्वित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं। जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बूथों पर वोटर चेतना महाअभियान चलाएं कार्यकर्ता: संजय राय

जन एक्सप्रेस | अमेठी




जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर वोटर चेतना महा अभियान की कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामन्त्री व जिला प्रभारी अमेठी संजय राय रहे। कार्यशाला जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य वक्ता संजय राय ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य होना है। जिसने बूथो पर एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए युवा को सूची में नाम शामिल करने के लिए कार्यकर्ता घर-घर सर्वे करके वाटर बनवाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि एक बहुत बड़ा युवा वोटरों का वर्ग प्रधानमंत्री मोदी के नीतियों से प्रभावित होकर के भाजपा को ही वोट करता है। इसलिए 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके कोई भी नौजवान छूटने न पाए और उनका वोटर जरूर बनाएं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ज्यादा से ज्यादा वोटर बनाकर पार्टी के रीति नीति से अवगत कराकर उनको जोड़ना एवं भाजपा के पक्ष में मतदान कराना है। कार्यशाला को जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन सुधांशु शुक्ला जि़ला महामन्त्री ने किया। जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में प्रमुख रूप से राजेश अग्रहरि ज़िला पंचायत अध्यक्ष, दुर्गेश त्रिपाठी ज़िला अध्यक्ष, राकेश त्रिपाठी, चन्द्रमौलि सिंह, राजेंद्र शुक्ला, केशव सिंह जिला महामंत्री भवानीदत्त दीक्षित, जिला मंत्री भागीरथी मौर्य अंजनी कुमार सिंह, अरुण मिश्रा सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पॉक्सो के तहत मुकदमा लिखने के बावजूद आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

जन एक्सप्रेस | जायस/अमेठी

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक माँ ने पिछले दो अक्टूबर को कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था, कि उसकी नबालिग बेटी खेत मे तोरई तोड़ने जा रही थी। जिसमे रास्ते मे घात लगाए बैठे तीन मनचले युवक नाबालिका से अश्लील हरकत करने लगे। जिसपर लड़की ने घर आकर माँ को आपबीती बताई। जिसके बाद माँ ने कोतवाली पहुँच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिखने की मांग पर अड़ गई थी। बताते चले की पूरा मामला कोतवाली जायस क्षेत्र के एक गांव का है। जहाँ मनचले युवकों से परेशान नबालिग खेत से लेकर स्कूल तक नही जा पा रही है। नाबालिक लड़की की माँ ने बताया की घटना के एक सप्ताह बाद जैसे तैसे पुलिस ने मुकदमा तो लिख दिया।

लेकिन अभी उन सभी आरोपियों को संरक्षण देते हुए गिरफ्तार करने मे गुरेज कर रही है। जिससे पुलिस का संरक्षण प्राप्त आरोपी कुलदीप लोधी पुत्र गंगाराम, अमन लोधी पुत्र संकथा प्रसाद, घनश्याम लोधी पुत्र सुखई निवासीगण मौलवी कलाँ लगातार रास्ते मे घेर घार करने के साथ ही मुक़दमे में सुलह करने की धमकी दे रहे हैं।

वहीं लगातार पुलिस की आलस्य भरी कार्यशैली से युवकों के हौंसले लगातार बढ़ रहें हैं। तथा उनके आतंक से नाबालिग पीड़िता व उसका परिवार डर वस अपने घर से नही निकल पा रही है। शायद कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में हैं।

# अमेठी में 40 लीटर अवैध शराब बरामद व तीन अभियोग पंजीकृत

जन एक्सप्रेस | अमेठी



अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अमेठी उपआबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद के क्षेत्र तीन के थाना क्षेत्र जगदीशपुर के ग्राम रूदापुर, देवकली और थौरी में ताबड़तोड़ दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। तथा करीब 250 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोलफ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई। कार्यवाही में चन्द्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक मय आबकारी स्टॉफ सम्मलित रहे। साथ ही दुकानों का निरीक्षण भी किया गया।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज पैथोलॉजी के बाहर मारपीट

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर




जिला अस्पताल को राजकीय मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिल चुका है। सीएमओ के स्थान पर अब प्रिंसिपल को यहां व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का प्रभार मिला है। लेकिन साहब से व्यवस्था संभाली नहीं जा रही। मंगलवार को इसकी पोल एक बार फिर तब खुली जब मेडिकल कॉलेज की पैथोलॉजी के बाहर तीमारदारों में मारपीट हो गई। बता दें कि डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज में हैरान परेशान हैं। मंगलवार को स्ववित्त पोषित मेडिकल कॉलेज की पैथोलॉजी के बाहर तीमारदारों में मारपीट हो गई। सूचना पर घंटाघर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। भीड़ को देखते हुए पैथोलॉजी विभाग ने डेंगू, मलेरिया वायरल बुखार समेत अन्य बीमारियों के रक्त नमूने लेने बंद कर दिए हैं। हेल्थ सेंटर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीज और तीमारदार हैरान और परेशान है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी चौधरी कहते हैं कि पैथोलॉजी में जांच बंद होने की उन्हें जानकारी नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से बात कर जल्द इस समस्या को दूर कराया जाएगा।

बता दें कि यहां इमरजेंसी में भी हालत ऐसी बदतर है कि एक एक बेड पर दो और तीन मरीजों का इलाज हो रहा है। वार्ड में भी बेड भर गए हैं। लेकिन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सलिल श्रीवास्तव व्यवस्था दे पाने में फेल साबित हो रहे हैं।

# आयोजित हुआ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन




जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

कुड़वार ब्लॉक के प्रज्ञा एकेडमी विद्यालय में भाजपा की ओर से आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं से राजनीति में आगे आने और अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया गया। इस दौरान महिलाओं को केंद्र सरकार की उनके हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कमतर नहीं हैं। महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि राजनीति में भी महिलाओं को बराबर की भागीदारी करनी चाहिए। पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बबिता अखिलेश तिवारी ने महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान को लेकर काफी संवेदनशील है। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं की प्रत्येक क्षेत्र में भागीदारी बढ़ रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा निषाद व संचालन दयाराम अग्रहरि ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू, बीडीओ सत्य नारायण सिंह, एडीओ पंचायत दयावंत सिंह, जया सिंह, गुलफूल, रेनू, मीणा पांड़े, यतेंद्र सिंह, पंकज सोनी मंडल अध्यक्ष सुषमा द्विवेदी, अमिता शुक्ला, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बीईओ का कारनामा: चेतावनी से एक दिन पूर्व ही कर डाला कार्रवाई की संस्तुति

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

शिक्षा विभाग में एक बाद एक कारनामा देखने को मिल जाता है। इस बार बल्दीराय ब्लॉक का एक कारनामा सामने आया है। यहां ठम्व् (खंड शिक्षा अधिकारी) रोजी सिंह ने परिवार सर्वेक्षण की ऑनलाइन फीडिंग के लिए कुछ शिक्षकों पर कार्रवाई की संस्तुति करने के बाद भ्रामक मैसेज कर उन्हें एक दिन की मोहलत देते हुए और डाटा फीडिंग करने के चेतावनी भरा मैसेज डाला। पूर्व में भी कई मामलों में वे चर्चा में रही हैं। जिनके खिलाफ अब शिक्षक लामबंद हो रहे हैं।

## हेड टीचर ग्रुप के मैसेज से हुआ खुलासा

दरअस्ल बल्दीराय ब्लॉक का एक हेड टीचर ग्रुप है। जो विभागीय सूचना आदान प्रदान का अधिकारिक ग्रुप है। जिसमें सभी प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक, खण्ड शिक्षा अधिकारी व अन्य सभी जिम्मेदार लिपिक कर्मचारी जुड़े हुए हैं। सभी सूचनाएं प्रामाणिक रूप से आदान प्रदान की जाती है। इस ग्रुप मे 27 सितंबर को खंड शिक्षाधिकारी रोजी सिंह के व्यक्तिगत फोन से मैसेज भेजा कि परिवार सर्वेक्षण फीडिंग मे ब्लॉक की स्थिति काफी न्यून है, और अंतिम रूप से 28 सितंबर तक कार्य पूर्ण किया जाए। नहीं तो विभागीय कार्रवाई की संस्तुति कर दी जाएगी।




## 15 स्टॉफ का रोका गया है वेतन

इसके बावजूद बीईओ की विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की आख्या 27 सितंबर को ही कर दी गयी थी। जिसके आधार पर 15 विद्यालयों के समस्त स्टॉप का वेतन जिला बेसिक शिक्षा द्वारा अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया। वेतन रोके गये कई विद्यालयों ने कार्य पूर्ण करने का प्रमाणपत्र ग्रुप पर और लिखित रूप से दे दिया। फिर भी अभी तक वेतन बहाल करने का आदेश निर्गत नहीं हुआ। बल्कि बीईओ के खास एक एआरपी के माध्यम से अब उनसे वसूली की जा रही है। बीईओ का इस प्रकार का भ्रामक और गुमराह पूर्ण मैसेज शिक्षकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्य पूर्ण हो जाने के बाद भी वेतन बहाली आदेश निर्गत न होने से विभागीय कार्यशैली से सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का खुलेआम माखौल उड़ता दिखाई दे है। इसके पहले भी बीईओ पर मनमानी और गलत आख्या जिले पर प्रेषित करने से लगभग एक दर्जन शिक्षक निलंबन का शिकार हो चुके हैं। जिसमें अधिकांश शिक्षक दोष मुक्त होकर बहाल हो चुके है। कई गंभीर प्रकरणों मे पूर्व मे बीईओ की शिकायत जिलाधिकारी से लेकर सांसद तक हो चुकी है, लेकिन महिला होने और ऊपर तक सेटिंग होने के कारण बीईओ का बाल भी बांका नहीं हुआ। पूर्व में उप जिला अधिकारी बल्दीराय ने भी बीईओ की कार्यशैली के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा था। खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह की कार्यशैली से आजिज आकर शिक्षक लामबंद होकर धरना प्रदर्शन की तैयारी में है।

# पाण्डेय बाबा मेले को लेकर हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** पूर्वांचल में प्रसिद्ध विजयदशमी पर्व से शुरू हो रहे पाण्डेय बाबा मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय की अध्यक्षता में सोमवार को प्रशासनिक बैठक आयोजित हुआ। मौजूद लोगों से मेला परिसर में आने वाली समस्या की जानकारी ली गई। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में पर्याप्त सुरक्षा बल, साफ सफाई, चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर, पर्याप्त बिजली, अस्थाई पुलिस चौकी की स्थापना, फायर ब्रिगेड सहित आदि गंभीर मुद्दों पर एसडीएम कादीपुर ने मातहतों को आदेशित किया। पाण्डेय बाबा धाम परिसर स्थित रैन बसेरा हाल में विधायक राज प्रसाद उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें एसडीएम जयसिंहपुर अरविंद कुमार, कादीपुर महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व सीओ जयसिंहपुर प्रशान्त सिंह, कादीपुर शिवम मिश्र, थानाध्यक्ष मोतिगरपुर ज्ञानचंद्र शुक्ला, बीडीओ मोतिगरपुर निशा तिवारी, प्रमुख चन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्र के संभ्रांतजनों व पुजारियों की मौजूदगी में मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। विधायक ने कहा मेला परिसर में साफ-सफाई के लिए दो टोली बनाई गई है। मेले के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। खराब हैंडपंप को जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा।

# मां दुर्गा को लेकर की अमर्यादित टिप्पणी, लोगों में फैला आक्रोश

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर




एक युवक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मां दुर्गा को लेकर अभद्र टिप्पणी किया है। जिसको लेकर लोगों ने पुलिस में शिकायत किया है। मामला लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के भदैंया गांव का है।

भदैंया गांव निवासी अनुराग प्रताप पुत्र सुनील कुमार के खिलाफ गांव के ही चंचल सिंह, राम नवल मिश्रा, विजय यादव, दिलीप और गोपी चंद्र यादव ने लंभुआ कोतवाली में लिखित तहरीर दिया है। तहरीर में उल्लेख है कि अनुराग ने सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर अपनी आईडी से मां भवानी, दुर्गा माता पर अमर्यादित टिप्पणी की है। जिससे आम जन मानस में की गई टिप्पणी को लेकर आक्रोश है। पूर्व में भी अनुराग द्वारा ऐसा किया जा चुका है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आरोपी अनुराग का एक गिरोह है जो कई गांवों में फैला है। जो ऐसी टिप्पणी करके समाज के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहा। सभी ने पुलिस से कार्रवाई की मांग किया। प्रभारी निरीक्षक ने मामले में जांच कर कठोर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

**दाएं हाथ के तेज गेंदबाज के साथ शानदार फील्डर भी हैं प्रद्युमन सिंह**

# रायबरेली के प्रद्युमन सिंह का यूपी की अंडर 19 टीम में हुआ चयन

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




सत्र 2023-24 हेतु देश में बी0सी0सी0आई0 द्वारा आयोजित की जा रही अन्डर 19 की वीनू मांकड ट्राफी के लिए उत्तर प्रदेश की अन्डर 19 टीम घोषित की गयी। जिसमें रायबरेली जिले के प्रद्युमन सिंह का चयन हुआ है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया चेयरमैन मोहम्मद फहीम ने यह जानकारी दी है कि प्रद्युमन सिंह दांए हाथ के तेज गेंदबाज है तथा शानदार फील्डर भी है, जो उत्तर प्रदेश की अन्डर 19 टीम से बी0सी0सी0 आई0 की वीनू मांकड ट्राफी खेलेगें। वीनू मांकड ट्राफी बी0सी0सी0आई0 द्वारा दिल्ली में आयोजित की जा रही है। रायबरेली के प्रद्युमन सिंह मूल रूप से ग्राम दहिरापुर पोस्ट सहजौरा जिला रायबरेली के मूल निवासी है जो शहर के राना नगर मोहल्ले में रहते है। प्रद्युमन सिंह के पिता द्वारिका सिंह एल0आई0सी0 में सी0एल0आई के पद पर कार्य करते है।

जिले के प्रद्युमन सिंह का उत्तर प्रदेश की अन्डर 19 टीम में चयन होने पर जिले के क्रिकेट प्रेमी,खेल प्रेमी व खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गयी है।

प्रद्युमन सिंह के चयन की सूचना पर रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों में डॉ. मनीष चौहान, डॉ. अलताफ हुसैन, डॉ. बृजेश सिंह व डॉ. एस.एम. सिंह ने खुशी व्यक्त की व कहा कि प्रद्युमन सिंह के चयन से जिले के उदीयमान खिलाडिंयो को आगे बढनें की प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ रायबरेली जनपद के सभी खेल प्रेमी व खिलाड़ियों सहित जिले के क्रिकेट खिलाड़ी नदीम सिद्दकी, सिविल रावत, आशीष आदि ने प्रद्युमन सिंह को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुये हर्ष व्यक्त किया।

## उत्तर प्रदेश के विकास यात्रा की प्रदर्शनी राजकीय इंटर कॉलेज में लगी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने राजकीय इंटर कॉलेज में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगी उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया है। यह प्रदर्शनी 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक लगी रहेगी। जनपदवासी सुबह 10 :00 बजे से शाम 6 :00 बजे तक किसी भी समय जाकर इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं। प्रदर्शनी में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, ऊर्जा, मिशन शक्ति आदि से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम जनमानस को सरकार की योजनाओं से परिचित कराना है जिससे कि वह लाभान्वित हो सके। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों ने भी प्रदर्शनी को देखा और सरकार की विकास योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

## एआईएमआईएम में तेजी से बढ़ रहा लोगों का विश्वास, अखिलेश कुमार त्रिवेदी और मोहम्मद इरफान अंसारी ने ग्रहण की सदस्यता

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जनपद में एआईएमआईएम का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़े हैं इसी कड़ी में आज शहर निवासी अखिलेश कुमार त्रिवेदी ने एमआईएम की सदस्यता ली उनको सदर का विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, साथ ही शहर के अंदरून किला के रहने वाले कपड़ा व्यापारी मोहम्मद इरफ़ान अंसारी को यूथ का नगर अध्यक्ष बनाया गया उनको पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष महताब खान द्वारा सदस्यता दिलाई गई, अखिलेश द्विवेदी ने कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब गरीब मजलूमों की आवाज उठाते हैं।

## आदि शक्ति के स्मरण से मजबूत होता है आत्मबल: शत्रोहन सोनकर



जन एक्सप्रेस | रायबरेली

शारदीय नवरात्र के पावन पर्व के पखवारे में जगह-जगह माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्तगण शक्ति की देवी की पूजा करते हैं। इस अवसर पर माँ दुर्गा पर आस्था रखने वाले नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर अपने साथियों के साथ विभिन्न पंडालों में स्थापित माँ दुर्गा के दर्शन किये। इसी कड़ी में देदौर स्थित माँ दुर्गा के पावन मंदिर में दर्शन करने के पश्चात् चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि आदि शक्ति के स्मरण से आत्मबल मजबूत होता है। कॉंग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं श्रमिक संघ के अध्यक्ष पं0 वी.के. शुक्ला ने कहा कि माँ दुर्गा के दर्शन मात्र से अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने की प्रेरणा मिलती है। व्यापार मण्डल के प्रान्तीय संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से माँ के दर्शन करता है, माँ उसकी मनोकामना पूरी करती है।

कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता अतुल सिंह ने कहा कि माँ दुर्गा हमें इस बात की भी सीख देती है कि अन्याय रोकने के लिए हिंसा भी करनी पड़े तो वह हिंसा नहीं अहिंसा है। इस अवसर पर भारी संख्या में माँ दुर्गा के भक्तगण उपस्थित थे।

## मूर्ति विसर्जन को लेकर डीएम व एसपी ने किया राजघाट का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता मुर और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने मूर्ति विसर्जन को लेकर राजघाट में हुई तैयारी का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने वहां पर साफ-सफाई और मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाए की मूर्ति विसर्जन करते समय प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम हो। विसर्जन के समय नदियों में थर्माकोल, प्लास्टिक, केमिकल आदि न विसर्जित किया जाए। साथ ही मूर्ति विसर्जन वाले स्थान पर बैरिकेडिंग भी की जाए जिससे कि लोगों को किसी प्रकार के नुकसान ना हो। मूर्ति विसर्जन करते समय इस बात का खास ख्याल रखा जाए कि लोग लाउडस्पीकर से अत्यधिक ध्वनि ना करें।

## न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल सलोन में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि का पर्व

**जन एक्सप्रेस/सलोन, रायबरेली।** न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल सलोन में नवरात्रि का पर्व बहुत धूम धाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के प्रबंधक एडवोकेट शिवेंद्र श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य निशी श्रीवास्तव ने कन्या पुंजन किया। स्कूल के छात्र छात्राओं ने माता के नौ रूपों को स्कूली बच्चियों के तीन समूह के द्वारा प्रदर्शित किया गया। सभी तीनों समूह के बच्चियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं दुर्गा के विभिन्न रूप शैलपुत्री के रुप में तस्मिया बानो, कुष्मांडा के स्वरूप में परी मिश्रा, महागौरी के स्वरूप में संध्या एवं दुर्गा के विभिन्न रूपों की आकर्षक प्रस्तुति की गयी। महिमा मौर्य ने अपने नृत्य रण में टूट पड़ी और मां काली के भक्ति गीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की। प्रबंधक शिवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल की छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण हेतु पोस्टर बना के समाज में बेटियों को जागरूक करने का काम भी किया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# गड्ढामुक्ति अभियान: 21,000 किलोमीटर सड़कें गड्ढामुक्त

* सड़कों के पैच, विशेष मरम्मत व नवीनीकरण हेतु धनराशि आवंटित: जितिन प्रसाद



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में चलाये जा रहे गड्ढामुक्ति अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 50 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में लोक निर्माण विभाग का 44,869 किलोमीटर सड़कों को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य है, जिसमें 21,000 किलोमीटर सड़कों को गड्ढामुक्त किया जा चुका है।प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश की समस्त सड़कों को गड्ढामुक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। लक्ष्य तय समय सीमा में पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं। धनराशि का आवंटन भी किया जा रहा है। अब तक सड़कों के पैच मरम्मत हेतु 27482.73 लाख रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। मण्डलवार आवंटित धनराशि में आगरा को 1155.53 लाख रुपये, अलीगढ़ को 913.08 लाख रुपये, प्रयागराज मण्डल को 1997.30 लाख रुपये, आजमगढ़ को 1078.58 लाख रुपये, बरेली को 1254.61 लाख रुपये, अयोध्या को 1805.09 लाख रुपये, गोण्डा को 1589.54 लाख रुपये, गोरखपुर को 2000.44 लाख रुपये, बस्ती को 1382.19 लाख रुपये, झांसी को 894.24 लाख रुपये, बांदा 1075.31 लाख रुपये, कानपुर को 2423.14 लाख रुपये, लखनऊ को 3148.19 लाख रुपये, मेरठ को 1380.85 लाख रुपये, सहारनपुर को 845.80 लाख रुपये, मुरादाबाद को 1694.80 लाख रुपये, मिर्जापुर को 1078.04 लाख रुपये तथा वाराणसी को 1766.00 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई । प्रदेश भर में 6686 की संख्या में क्षतिग्रस्त सड़कें जिनकी लम्बाई 7816 किलोमीटर है, जिसके विशेष मरम्मत के लिए 132787.56 लाख रुपये जारी किये जा चुके हैं। मण्डलवार जारी धनराशि में आगरा को 6560.34 लाख रुपये, अलीगढ़ को3807.19 लाख रुपये, प्रयागराज मण्डल को 7224.59 लाख रुपये, आजमगढ़ को 8555.44 लाख रुपये, बरेली को 5527.54 लाख रुपये, अयोध्या को 12181.30 लाख रुपये, गोण्डा को 5877.65 लाख रुपये, गोरखपुर को 8071.81 लाख रुपये, बस्ती को 5534.66 लाख रुपये, झांसी को 3306.74 लाख रुपये, बांदा 2016.38 लाख रुपये, कानपुर को 9338.82 लाख रुपये, लखनऊ को 15695.99 लाख रुपये, मेरठ को 9109.29 लाख रुपये, सहारनपुर को 8168.28 लाख रुपये, मुरादाबाद को 7922.25 लाख रुपये, मिर्जापुर को 3993.79 लाख रुपये तथा वाराणसी को 9895.50 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।श्री प्रसाद ने बताया कि गड़्ढामुक्ति अभियान के साथ-साथ सड़कों के नवीनीकरण का कार्य भी प्राथमिकता पर कराया जा रहा है। जिसके लिए 334383.53 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृति की गई है और 164318.72 लाख रुपये की धनराशि सभी 18 मण्डलों को निर्धारित कार्यों की संख्या के अनुसार आवंटित कर दी गई है।

# लखनऊ यूनिवर्सिटी में पुलिस ने छात्रों के बाल खींचे, धक्का दिया

### छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर कर रहे प्रदर्शन, पुलिस गाड़ी में भरकर ले गई





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ यूनिवर्सिटी में मंगलवार को एक बार फिर जमकर हंगामा हुआ। छात्र संघ का चुनाव कराने की मांग को लेकर सोमवार दोपहर को शुरू हुआ धरना-प्रदर्शन मंगलवार को अपने चरम पर रहा। इस बीच, पुलिस और सुरक्षाबलों ने बिना इजाजत धरना देने की बात कहते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। विश्वविद्यालय प्रशासन की मौजूदगी में पुलिस फोर्स ने छात्रों को धरनास्थल से उठा दिया। कई छात्रों को पुलिस गाड़ी में भरकर ले गई। बस इसके बाद अचानक माहौल बिगड़ गया। छात्र उग्र हो गए। छात्रों और पुलिस में झड़प होने लगी। छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने बदसलूकी करते हुए कुछ छात्रों के बाल खींचे, धक्का दिया और मारा भी। इस दौरान कुछ छात्रों को छुटपुट चोट भी आई हैं। थोड़ी देर के लिए धरने में व्यवधान रहा। हालांकि कुछ देर बाद धरना फिर से शुरू हो गया। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश ने बताया कि छात्रों से बातचीत की जा रही है।कहीं कोई समस्या नही है।

# इथियोपिया में शिशुओं के उपचार हेतु की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

* प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कार्यशाला में किया प्रतिभाग
* नवजात शिशुओं के उपचार की गुणवत्ता में सुधार पर किया गया गहन विचार विमर्श
* विभिन्न देशों के नवजात शिशु रोग विशेषज्ञों ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अदीस अबाबा, इथियोपिया में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया , जिसमें भारत पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथियोपिया,नाइजीरिया आदि देशों के नवजात शिशु रोग के विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह कार्यशाला 10 से 12 अक्टूबर तक आयोजित की गई, जिसमें नवजात शिशुओं के उपचार की गुणवत्ता में उतरोत्तर सुधार पर गहन विचार विमर्श किया गया। इस कार्यशाला के पश्चात चयनित देशों के चयनित स्थानों पर अत्यधिक बीमार नवजात शिशुओं को एसएनसीयू अथवा एनआईसीयू में उपचार के साथ-साथ माँ का लगातार साथ सुनिश्चित करते हुए नवजात शिशु मृत्यु दर कम करने हेतु एक माड्यूल विकसित किया जाएगा, जिसे भविष्य में सभी देशों में लागू करने हेतु संस्तुत किया जायेगा ।चूँकि पूर्व के अध्ययन एवं शोध से स्पष्ट है कि बीमार बच्चों को माँ के साथ ही रख कर उपचार करने पर उसके जीवित रहने की संभावना एवं मस्तिष्क विकास बेहतर होता है, कार्यक्रम के द्वारा प्रदेश के चिकत्सालयों में यह व्यवस्था करने का प्रयास है कि बीमार बच्चों के अस्वस्थ रहने पर उन्हें माँ से अलग न करते हुए परिवार की सहभागिता के साथ उपचार प्रदान किया जाये।उत्तर प्रदेश में शिशु मृत्यु दर कम करने हेतु गम्भीर प्रयास किए जा रहे हैं। 98 चिकित्सालयों में एसएनसीयू अथवा एनआईसीयू की स्थापना की गई है, जिसमें प्रत्येक वर्ष 1 लाख से अधिक शिशुओं का उपचार किया जा रहा है। प्रदेश में स्थापित इन इकाईयों के प्रशिक्षण, पर्यवेक्षण एवं मेन्टरिंग हेतु किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ, आईएमएस बीएचयू वाराणसी एवं बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर को छमूइवतद त्मेवनतबम ब्मदजमत के रूप में विकसित किया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सालयों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न शोध कार्यों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है, जिससे बाल स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार भी देखा जा रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला में उत्तर प्रदेश से किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ से डॉ माला कुमार आईएमएस बीएचयू वाराणसी से डॉ आशोक कुमार, कानपुर मेडिकल कॉलेज से डॉ यशवन्त कुमार राव एवं डॉ अरून आर्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से डॉ वेद प्रकाश एवं कम्युनिटी इम्पॉवरमेन्ट लैब से आरती कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया। उत्तर प्रदेश में विश्व स्वास्थ्य संगठन का उपरोक्त शोध कार्य कम्युनिटी इम्पॉवरमेन्ट लैब के माध्यम से किया जा रहा है, जो कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी शोध संस्था है।

# सपा ने मध्य प्रदेश में जारी किया घोषणा पत्र जातीय जनगणना के साथ पीडीए पर खेला दांव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के लिए मंगलवार को घोषणा पत्र जारी कर दिया है। सपा ने सरकार बनने पर जातीय जनगणना कराने सहित पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने का वादा किया है। सपा ने पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही है और कहा कि जनता को आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी दी जाएगी। सपा ने यूपी की तरह मध्य प्रदेश में भी मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरित करने का वादा किया है और महिलाओं को समाजवादी पेंशन देने का एलान किया है। सरकारी कर्मचारियों को साधने ने लिए पार्टी ने पुरानी पेंशन के वादे को घोषणापत्र में शामिल किया है। वहीं, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा किया है। सपा ने वादा किया है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ होने पर जनता में समाजवादी मूल्यों व सिद्धांतों को बढ़ावा देगी और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा के साथ ही युवाओं को रोजगार मुहैया करवाएगी। अखिलेश यादव ने जनता से वोट करने की अपील की है।

# बाबा साहेब के सपनों को धरातल पर उतारने को संकल्पित है सरकार: योगी

* मोदी ने ही सही मायने में बाबा साहब को दिया सम्मान
* 2015-16 में अनुसूचित जाति के छात्रों की रोक दी गयी थी छात्रवृत्ति
* भाजपा सरकार में सबका हित सुरक्षित: भूपेन्द्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

हमारा देश सदैव से ही 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया' की राह पर चला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर आधारित सबका साथ, सबका विकास के भाव को जोड़ दिया है। ऐसा कोई कालखंड नहीं है जब अनुसूचित जाति ने समाज का मार्गदर्शन न किया हो। आजाद भारत को एक सूत्र में पिरोने के लिए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने एक ऐसा संविधान बनाया, जो आज 142 करोड़ लोगों को उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक एकता के सूत्र में जोड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, चाहे मऊ हो, दिल्ली, मुंबई, इंग्लैंड का वह भवन जहां रहकर उन्होंने उच्च शिक्षा हासिल की या नागपुर की दीक्षा भूमि, इन सभी स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के लखनऊ में डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की जा रही है, जहां पर अनुसूचित जाति-जनजाति के नौजवानों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था की जा रही है।



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2023 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22467-SLR-F2-BSB-GNC-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22417-SLR-F1-BSB-NDLS-22-6 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14511-SLR-R1-PYGS-SRE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22688-SLR-F2-BSB-MYS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

3211/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विकास की हर योजना के केंद्र में रहते हैं बीडीओ

* खण्ड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक को बनाये आदर्श ब्लॉक
* उत्तर प्रदेश को बनाना है सर्वोत्तम प्रदेश
* आत्मनिर्भर ग्राम बनेंगे,तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा: केशव
* खण्ड विकास अधिकारी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए नवाचार करके दिखाएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। केशव प्रसाद मौर्य आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब में आयोजित खंड विकास अधिकारियों के 15दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खंड विकास अधिकारी विकास की हर योजना के केंद्र में रहते हैं ।खण्ड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक को आदर्श ब्लॉक बनायें।अपने ब्लॉक क्षेत्र की विकास से संबंधित हर समस्या का समाधान करें ।अपनी कलम और वाणी की ताकत से ग्रामीण जनता को सामाजिक सरोकारों से जोड़े।खंड विकास अधिकारी गांव और गरीब के विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारें।प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री की अगुवाई में चलाए जा रहे विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनायें।डबल इंजन सरकार में विकास का अनुकूल वातावरण बना है।विकास युक्त ,भ्रष्टाचार मुक्त अपराधमुक्त उत्तर प्रदेश?बनाना है।उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है। खण्ड विकास अधिकारी लक्ष्य तय करें , रणनीति बनाएं ,मन से काम करें कामयाबी जरूर मिलेगी।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उद्बोधन में जहां खण्ड विकास अधिकारियों में नयी ऊर्जा व नये उत्साह का संचार किया, वहीं देश व समाज के प्रति उनके दायित्वों का बोध भी कराया । आत्मनिर्भर ग्राम, बनेंगे,तभी आत्मनिर्भर ब्लॉक बनेंगे,तभी उत्तर प्रदेश और भारत आत्मनिर्भर बनेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।2047 तक भारत को हर हाल में विकसित देश बनाना है ।उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक ब्लॉक की 2 ग्राम पंचायतों में हो रही ग्राम चौपालों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाए । खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड की 10-10 सबसे पिछड़ी ग्राम पंचायतों का चयन करके वहां पर विशेष रूप से फोकस करें और उन्हें उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम सभाओ की बराबरी पर लायें। प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण में यदि किसी पात्र को कोई कर्मचारी या सम्बंधित अपात्र करेगा, तो बहुत सख्त कार्यवाही की जाय। गांवों में ऐसा काम करें कि आपके काम की चर्चा मन की बात में होने लगे। ग्रामोदय से ही भारत उदय होगा।उन्होंने कहा कि संस्थान का अपना विशेष महत्व है। देश आज दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया और तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है ।हम सबको मिलकर अच्छा से अच्छा परिणाम देना है । योजनाये धरातल पर उतारने में भी खंड विकास अधिकारी भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खण्ड विकास अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डिप्टी सीएम ने मां चंद्रिका देवी के किए दर्शन, विकास कार्यों का लिया जायजा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बखूशी का तालाब क्षेत्र के कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी के दर्शन करने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मां के दर्शन किये। बता दें कि मंगलवार दोपहर में नवरात्रि के तृतीय दिन मां चंद्रिका देवी के दर्शन करने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे जहां उन्होंने मां चंद्रिका देवी की विधि विधान से पूजा आरती कर हवन किया। वहीं मां के दर्शन करने के बाद उपमुख्यमंत्री ने मंदिर में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, मेला समिति के अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान, श्री अन्य भाजपा नेता एवं भक्तगण मौजूद रहें।

# सोमवार को हुई बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसले हुई बर्बाद, किसान परेशान

* धान की कटी फैसले पानी में डूबी, खेत में खड़े धान गिरे

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी





**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बखूशी का तालाब तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत सोमवार को प्राकृतिक आपदा जिसमें धूल भरी आंधी के साथ बारिश व ओलावृष्टि होने से बीकेटी तहसील क्षेत्र के कई गांवों के किसानों की धान की फैसले पानी से खराब व बर्बाद हो गई। आपको बताते चले कि कुंम्हरावां, अमानीगंज, भगौतीपुर, पहाड़पुर, कठवारा, देवरी दुखरा, करीमनगर, नगर चौगवां, सुल्तानपुर बहादुरपुर, अकड़रियां कलां, मरपा, मलूकपुर, नौरंगपुर, करौंदी, बगहा, जमखनवां, सहादत नगर गढ़ा, शिवरी, गोहना खुर्द, उसरना, इन गांवों के किसानों की धान की फैसले तेज हवा व बारिश एवं ओलावृष्टि होने से कटी फैसले पानी में डूब गई तथा खड़े धान खेत में ही लेट गए। जिससे कि किसानों को मायूसी व निराशा ही हाथ लगी है। वहीं पालक, धनिया, अन्य फसलों को भी भारी नुकसान हुआ हैं सब्जी की फसलों का भी भारी नुकसान हुआ हैं जिससे कि क्षेत्र के किसानों को निराशा ही हाथ लगी हैं। वहीं इस मामले में बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बारिश व ओलावृष्टि में किसानों का नुकसान हुआ है क्षेत्रीय लेखपालों से जांच करवा कर रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजेंगे। कहा कि पूरा प्रयास करेंगे कि किसानों के हुए नुकसान का मुआवजा मिल जाएं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# निठारी के अभियुक्तों की दोषमुक्ति जांच पर सवाल!

**निठारी प्रकरण पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले में आरोपितों के दोषमुक्त होने और एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी एक साथ रखने का मंतव्य स्पष्ट है। विचारणीय प्रश्न यह है कि जांच एजेंसियां किसी मसले को अति सामान्य ढंग से क्यों लेती हैं। हाल यह है कि निठारी प्रकरण देश की प्रसिद्ध एजेंसी सीबीआई को सौंपा गया था। तमाम तरह के आरोपों से घिरी सीबीआई पर अभी लोगों का विश्वास बना हुआ है। वहीं सीबीआई बहुत दबाव में नहीं हो तो निठारी जैसे मामले की जांच में एक तो बहुत समय लेती है।**

*बात की शुरुआत बहुचर्चित और दिल दहला देने वाले निठारी कांड पर आए इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले से करते हैं। इस मामले में हाई कोर्ट ने कई लड़कियों के साथ दुराचार और उनकी हत्या के दो आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया है। प्रकरण में निचली अदालत ने दोनों को फांसी की सजा सुनाई थी। मुमकिन है कि यह मसला अब हाई कोर्ट के बाद देश के सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंचे। इस बीच एक सवाल बना रहेगा कि गौतम बुद्धनगर, यानी नोएडा के इस पाशविक मामले में दोषी कौन है? जिनको पुलिस और सीबीआई ने अभियुक्त बताते हुए अपनी रिपोर्ट कोर्ट में सौंपी थी। उनकी रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों आरोपितों को दोषी पाया था, यदि वे नहीं तो कौन हैं दोषी? जिनको जनमानस दोषी मानता आया है, जरूरी नहीं कि वही अंतिम सच हो। फिर भी दोषियों की तलाश तो जरूरी है। सबसे बड़ा सवाल यह कि स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर की जांच एजेंसियां जिनके खिलाफ प्रमाण लेकर कोर्ट पहुंचती हैं, वे प्रमाण टायं-टायं फिस्स क्यों हो जाते हैं। निठारी मामले में भी तो यही हुआ है। इस कांड पर संक्षेप में एक नजर डाल लें। हुआ यूं था कि 29 दिसंबर, 2006 को नोएडा के निठारी इलाके में मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से 19 कंकाल बरामद किए गए थे। इस मामले में सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को नोएडा की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कोली उक्त कोठी का केयर टेकर बताया गया। निठारी गांव से कई लड़कियां गायब हुई थीं। कोठी के पीछे नरकंकाल मिले। इस आधार पर कोली और पंढेर को गिरफ्तार कर लिया गया था। जन-दबाव के बीच जांच का दायित्व पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपा गया था। जिन अभियुक्तों को निचली कोर्ट ने दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई, वही अब हाई कोर्ट से पूरी तरह दोषमुक्त हो गए हैं। यहां निचली कोर्ट और उससे बड़ी कोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों की टिप्पणी भी बहुत मायने रखती है। पिछले दिनों एक सुनवाई के बाद फैसला सुनाते समय देश की शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की थी, स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 की अनिवार्य शर्त है। यदि आपराधिक सुनवाई स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं है, तो न्यायाधीश की न्यायिक निष्पक्षता और न्याय वितरण प्रणाली में जनता का विश्वास कम हो जाएगा। अभी पांच सितंबर को अपना फैसला सुनाए जाते समय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को याद करना होगा। मामला 2015 में एक लड़की के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के आरोपी को मौत की सजा देने का था। इस पर 2017 में, भागलपुर की ट्रायल ने उस व्यक्ति को फांसी की सजा सुनाई। फिर उस पर 2018 में पटना हाई कोर्ट की भी मुहर लग गई। निचली कोर्ट ने उस व्यक्ति के अपराध को दुर्लभतम श्रेणी का बताया था। अंत में मामला सुप्रीम कोर्ट आया, जिसकी टिप्पणी का जिक्र किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में खास तौर से कहा कि एक न्यायाधीश को निष्पक्ष और निष्पक्ष होना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह अपनी आंखें बंद कर लेगा और एक रोबोट की तरह मूकदर्शक बना रहेगा। न्यायालय में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र की बेंच ने पूरे प्रकरण की जांच में गंभीर खामियां देखीं और मौत की सजा को रद्द करते हुए पुनर्विचार के लिए हाई कोर्ट वापस भेज दिया। कोर्ट ने पाया कि जांच के दौरान फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की रिपोर्ट तक नहीं ली गई थी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इजराइल-हमास जंग का असर खाबड़ हाउस पर भी नजर आता है। यहां पर सन्नाटा पसरा हुआ है। फिलहाल इसकी कुछ सुरक्षा कर्मी निगाहबानी कर रहे हैं। इजराइल के टूरिस्ट पहाड़गंज को पसंद करने लगे हैं, तो इसके लिए खाबड़ हाउस को भी क्रेडिट देना होगा। उन्हें पहाड़गंज में आकर लगता है कि वे अपने घर में हैं। पहाड़गंज बीते कम से कम तीन दशकों से इजराइल के टूरिस्टों की सबसे पसंदीदा जगह के रूप में उभरा है। वे यहां आकर ठहरते हैं और यहां से हिमाचल प्रदेश और दूसरे राज्यों में घूमने के लिए निकल जाते हैं। इजराइल से आने वाले टूरिस्ट गर्मियों के मौसम में पहाड़गंज के होटलों में भर जाते हैं। इन्हें हर तरह से बहुत बढ़िया टूरिस्ट माना जाता है।**

# संकट के मित्र इजराइल का साथ देने का वक्त



आर.के. सिन्हा

**जानकार बताते हैं कि मुंबई में 2009 में हुए हमलों के बाद भारत में विदेशी टूरिस्ट आने लगभग बंद हो गए थे। भारत का टूरिज्म सेक्टर घुटनों पर पहुंच गया था। उस दौर में भी इजराइली टूरिस्ट पहाड़गंज को गुलजार कर रहे थे। ये भारत को प्यार करते हैं। इन्हें भारत पसंद है। हां, कोविड काल में तो सब कुछ ही बंद हो गया था।**

चरमपंथी संगठन हमास ने इजराइल पर अचानक हमला करके जिस तरह का नृशंस भीषण कत्लेआम किया, उसकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से की गई त्वरित निंदा से यह साफ हो गया है कि भारत अब इजराइल से किसी प्रकार की दूरी बनाने के लिए तैयार नहीं है। हां, भारत की यह दिली चाहत है कि फिलिस्तीनी संकट का कोई स्थायी समाधान निकले। हमास के इजराइल पर बिना कारण अचानक हमले के बाद दुनिया के बहुत से देश इजराइल के साथ स्वाभाविक रूप से खड़े हो गए। भारत भी इजराइल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इजराइल भारत के सच्चे मित्र के रूप में संकट के समय लगातार सामने आता रहा है। यह बात अलग है कि फिलिस्तीन मसले पर इंदिरा गाँधी के समय आजतक भारत आंखें मूंद कर अरब संसार के साथ खड़ा रहा। कश्मीर के सवाल पर अरब देशों ने सदैव पाकिस्तान का ही साथ दिया। लेकिन, इजराइल ने संकट के समय तो हमेशा भारत की हर तरह से मदद की। हमारे यहां के कुछ तत्व हमेशा इजराइल का खुलकर विरोध ही करते रहते हैं। उनमें वामपंथी मित्र सबसे आगे ही रहते हैं। वे भूल जाते हैं कि इजराइल हमारा संकट का मित्र है। वे युद्ध काल में भी हर पल हमारे साथ रहा है। इन सब तथ्यों की अनदेखी करते हुए हाल ही में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के छात्रों द्वारा फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। वर्तमान परिस्थितियों में यह भारत के राष्ट्रहित के खिलाफ ही कारवाई मानी जायेगी ढ्ढ इन छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध मार्च भी निकाला। एएमयू के छात्रों का कहना है कि जिस तरह इजराइल द्वारा फिलिस्तीन पर जुल्म किया जा रहा है, वह सही नहीं है। लेकिन, वास्तव में अभी तो कारवाई बिना वजह फिलिस्तीनी आतंकी गुट हमास द्वारा इजराईल के खिलाफ हो रही है ढ्ढ इन छात्रों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से बिना अनुमति लिए ही प्रदर्शन किया। ये भी अस्वीकार्य है। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान आतंकी संगठन हमास के कत्लेआम की कोई निंदा नहीं की। ये शर्मनाक भी है। इसे कहते हैं, उल्टे चोर कोतवाल को डांटे। बहरहाल, अगर हम भारत-इजराइल संबंधों के इतिहास को देखें तो पता चलता है कि भारत ने 17 सितम्बर 1950 को इज़राइल को ही आधिकारिक तौर पर मान्यता प्रदान कर दी थी। वह सरदार पटेल का जमाना था ढ्ढ उसके बाद इज़राइल के साथ भारत के 1992 में राजनयिक सम्बन्ध स्थापित हुए। वह भी तत्कालीन प्रधानमन्त्री नरसिंह राव ने इज़राइल के साथ कूटनीतिक सम्बन्ध शुरू करने को मंजूरी दी। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उसके बाद नई दिल्ली और तेल अवीव में दोनों देशों की एबेंसी भी स्थापित हुईं। इजराइल ने शुरू में राजधानी के बाराखंभा रोड पर स्थित गोपालदास टावर्स में अपनी एंबेसी स्थापित की थी। हालांकि कुछ सालों के बाद इजराइल ने लुटियंस दिल्ली के पृथ्वीराज रोड पर अपनी एंबेसी स्थापित कर ली। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्वकाल में इज़राइल के साथ सम्बन्धों को नए आयाम तक पहुँचाने की ठोस कोशिशें भी की गईं। इजराइल तब भी भारत के साथ खड़ा था, जब उसे मदद की सर्वाधिक आवश्यकता थी। इजराइल ने 1965 और 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाइयों के दौरान भी भारत को मदद दी। उसने 1965 और 1971 में भारत को गुप्त जानकारियां देकर मदद की थी। 1999 के करगिल युद्ध में इजराइल मदद के बाद भारत और इजराइल खासतौर पर करीब आए। तब इजराइल ने भारत को एरियल ड्रोन, लेसर गाइडेड बम, गोला बारूद और अन्य हथियारों की मदद दी, जबकि इसके लिये भारत को अमेरिका से भी मदद नहीं मिली थी। बेशक, पाकिस्तान के परमाणु बम ने दोनों देशों को नज़दीक लाने में मदद की। इजराइल को यह स्वाभाविक डर रहा है कि कहीं यह परमाणु बम ईरान या किसी इस्लामी चरमपंथी संगठन के हाथ न लग जाए। भारत- इजराइल संबंधों को मजबूती कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग से भी मिलती है। दोनों देशों की सरकारें कृषि सहयोग में विकास के लिए प्रतिब्द्ध हैं। दोनों देशों के बीच लगातार बढ़ती द्विपक्षीय साझेदारी की पुष्टि करते हुए द्विपक्षीय संबंधों में कृषि और जल क्षेत्रों की प्रमुखता को मान्यता दी गई है। भारत-इजराइल को करीब लाने में भारत में सदियों से बसे हुये यहूदियों के योगदान को कम करके नहीं देखा जा सकता है। भारत में केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली वगैरह में हजारों यहूदी बसे हुए हैं। राजधानी के हुमायूं रोड पर जूदेह हयम सिनगॉग है। ये उत्तर भारत का एक मात्र सिनगॉग है। इसे आप यहूदियों का मंदिर भी कह सकते हैं। यहां राजधानी में रहने वाले यहूदी परिवार नियमित रूप से पूजा करने के लिए आते हैं। इस बीच, आप जब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की तरफ से पहाड़गंज मेन बाजार में दाखिल होते हैं, तो आपको यहूदियों का खाबड़ हाउस मिलेगा। इधर अंग्रेजी और हिब्रु में लिखा है 'खाबड़ हाउस'।



**बता दें कि खाबड़ हाउस और सिनगॉग में वही फर्क होता है जो मंदिर और गुरुकुल या मस्जिद और मदरसे में होता है। मुंबई में भी काफी यहूदी हैं। इनका मुंबई के महालक्ष्मी में ज्यूइश सेमेटरी भी है। जैसा कि इसके नाम से ही साफ है कि ये मुंबई के यहूदियों का कब्रिस्तान है।**

## एक्सप्रेस कविता

*दूर नहीं थोड़े फासले में था मैं,*
*थोड़ी सही वफा दिखाई तो होती,*
*रफ्ता रफ्ता वक्त गुजर गया हाथों से,*
*कुछ दिल की सदा हमें सुनाई तो होती।*
*गुजारिश है लौट आओ तुम्हारे हम कदम हैं हम,*
*काश जुदाई में दोस्ती की गुंजाइश तो होती।*

*बमुश्किल तुम्हें खुदा से मांगा था*
*थोड़ी खुदा को सफाई दी तो होती।*
*तैरने के हुनर से गर वाकिफ न होता मैं,*
*इस दरिया में अपनी जान डुबाई तो होती।*
*लो अब भी डूब हो जाते हैं,इस दरिया में,*
*तेरी मोहब्बत में जरा गहराई तो होती।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*उम्र थका नहीं सकती, ठोकरें गिरा नहीं सकती, अगर जीतने की जिद हो तो, स्थितियाँ हरा नहीं सकतीं।*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 24:32 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 18:12 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | वैधृति, 10:24 |
| सूर्योदयः | 06:22 |
| सूर्यास्तः | 17:51 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 16:25-17:51 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:29 |

## जन एक्सप्रेस

**छोड़ रहे सब बाण !**

*वादे और दावे का ।*
*छोड़ रहे सब बाण ।।*
*चल रही जो खबरें ।*
*हैं उसका प्रमाण ।।*
*अपने अपने पाले में ।*
*है करने का काल ।।*
*एक दूसरे से शुरू ।*
*है अभी सवाल ।।*
*हम ही हैं शुभचिंतक ।*
*याद है दिलाया ।।*
*रखना थोड़ा धैर्य ।*
*है उनका सफाया ।।*
*चालू है प्रचार ।*
*है यहीं निचोड़ ।।*
*ना जब तक परिणाम ।*
*हम ही हैं बेजोड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# अनार खाने से सेहत को मिलते हैं कई जबरदस्त फायदे



**अनार** शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे प्रोटीन, फाइबर, फोलेट, पोटेशियम और विटामिन सी पाया जाता हैं। इसके सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ पाचन-तंत्र भी हेल्दी रहता हैं। अनार अधिकतर घर में सभी को पसंद होता है। इसको बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को आसानी से दिया जा सकता हैं। अनार के सेवन से शरीर की कमजोरी दूर होने के साथ हीमोग्लोबिन लेवल भी बढ़ता है। यह शरीर की सूजन को दूर करने के साथ डायबिटीज के मरीज भी इसका सेवन कर सकते हैं। इसमें मौजूद कंपाउड हार्ट को हेल्दी रखने के साथ कई बीमारियों को दूर रखता हैं। अनार शरीर को रोगों से लड़ने की ताकत देता है। इसके सेवन से ओरल हेल्थ से संबंधित समस्याएं भी कम होती हैं।

**हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद:** अनार खाने से शरीर को कई तरह के फायदे मिलते हैं। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में मदद मिलती है। अनार में मौजूद पॉलीफेनॉल कंपाउड हार्ट को हेल्दी रखने के साथ हार्ट स्ट्रोक और हार्ट अटैक के खतरे को कम करते हैं। यह शरीर के ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रखते हैं।

**कैंसर के रिस्क को कम करें:** अनार एंटीऑक्सीडेंट और फ्लेवोनोइड से भरपूर होता है, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने से रोकने में मदद करते हैं। कुछ शुरुआती अध्ययनों में, अनार प्रोस्टेट, स्तन, फेफड़े और पेट के कैंसर को रोकने में मदद करता है।

**इम्यूनिटी मजबूत करें:** अगर आप भी बदलते मौसम में बार-बार बीमार पड़ते हैं, तो डाइट में अनार को अवश्य शामिल करें। अनार में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को मजबूत करने के साथ कई तरह की बीमारयों के खतरे को कम करता हैं।

**वजन घटाने में फायदेमंद:** अनार में भरपूर मात्रा में डायटरी फाइबर पाया जाता है, जो वजन घटाने में मदद करता है। अनार में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। ऐसे में इसके सेवन से वजन कम होने के सात बैली फैट भी कम होता है। अनार पेट को लंबे समय तक भरकर रखता है। ऐसे में आप अतिरिक्त खाने से बच जाते है और वजन कम होने में मदद मिलती है।

**किडनी स्टोन से बचाव:** अनार शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं यह किडनी में स्टोन होने से भी रोकता है। इसमें मौजूद ऑक्सलेट्स और कैल्शियम किडनी स्टोन बनने से रोकते हैं। इसके सेवन से किडनी स्टोन को कम करने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# सनातन के संवाहक योगी, चुनाव में जीत के वाहक



मृत्युंजय दीक्षित

**गोरखपुर में योगी कह चुके हैं कि सनातन ही एकमात्र धर्म है। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी ने कहा था कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ आएगा।**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब कुशल नेतृत्वकर्ता, समाज, सनातन धर्म और अखंड भारत संवाहक और चुनाव में जीत के वाहक (सारथी) बन गए हैं। सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर योगी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। सनातन धर्म पर उनकी स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदय निधि द्वारा सनातन धर्म का उन्मूलन करने वाले शर्मनाक बयान के बाद से योगी आदित्यनाथ ने मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के हिंदू आस्था के सभी केंद्रों, प्रतीकों का विकास व सम्मान हो रहा है। अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ ही अन्य छोटे धार्मिक महत्व के स्थलों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। इसके कारण सनातन समाज में प्रसन्नता की लहर है। ठीक इसके उलट कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति पर काम कर रहा है। सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतिनिधि के रूप में मुख्यमंत्री योगी की लोकप्रियता तेजी के साथ बढ़ रही है। योगी आदित्यनाथ आर्य समाज के कार्यक्रम में कह चुके हैं कि दयानंद सरस्वती जी ने घरवापसी का जो अभियान आरम्भ किया था उसे फिर से प्रारंभ किया जाए। आर्य समाज ने वैदिक संस्कृति के प्रसार के लिए जो कार्य किए थे उन्हे भी पुनः प्रारम्भ किया जाए। उनकी इस बात से सपा, बसपा और कांग्रेस सहित सभी सेक्युलर दल बुरी तरह से चिढ़ गए हैं। गोरखपुर में योगी कह चुके हैं कि सनातन ही एकमात्र धर्म है। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति हैं। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी ने कहा था कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ आएगा। इसके बाद मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों की छटपटाहट जरूर सामने आई पर उन्हें कोई उत्तर नहीं सूझा। अभी तक योगी केवल सनातन धर्म पर ही बात कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने सिंधी समाज के एक बड़े कार्यक्रम में कहा कि जब हम 500 वर्ष के बाद श्री रामजन्मभूमि को वापस ले सकते हैं तो फिर सिंध को क्यो नहीं? उनके इस बयान ने आम भारतीयों को ही नहीं अपितु पाकिस्तान व उसके समर्थक देशों को भी हैरान कर दिया है। आज न सिर्फ भारत में ही अपितु पाकिस्तानी मीडिया व भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले मीडिया में योगी के बयानों पर बहस हो रही है तथा चिंता व्यक्त की जा रही है। सिंध को वापस लेने वाली बात पाकिस्तान के सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू-भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है। उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जनवरी -2024 में रामलला अपने मंदिर में फिर से विराजेंगे। मुख्यमंत्री ने सिन्धी समाज की दुखती रग को समझा और कहा कि आज भी आतंकवाद के रूप में हमें विभाजन की त्रासदी के दंश को झेलना पड़ता है। सभ्य समाज आतंकवाद व अराजकता को बर्दाश्त नहीं कर सकता। धर्मग्रंथ भी हमें यही प्रेरणा देते हैं। पूज्य झूलेलाल जी हों या श्रीकृष्ण सभी ने मानव कल्याण की बात कही है। बंटवारे जैसी त्रासदी फिर कभी न आने पाए, इसके लिए हमें राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे जिस कार्यक्रम में हो वहां पर सनातन संस्कृति व सभ्यता का ही डंका बजाते हैं। कुछ दिन पूर्व रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित कार्यक्रम में सनातन के जयकारे के साथ सभा में योगी आदित्यनाथ ने कहा, केवल सनातन ही विश्व में शांति और सुरक्षा की गारंटी है। स्वाभाविक है विरोधी दल इन खरे बयानों से सकते में हैं। कुछ न सूझने पर वे योगी के भगवा धारण करने पर ही अनाप-शनाप बयानबाजी कर अपनी विकृत मानसिकता को उजागर कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले पश्चिम बंगाल से कुछ हिंदू नागरिक लखनऊ आए थे और उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान कहा कि आप ही हिंदू समाज व उनकी बेटियों की रक्षा कर सकते हैं। अब तो चुनाव प्रचार के लिए भी अब कई राज्यों में उनकी डिमांड है। ऐसा माना जा रहा है कि जहां- जहां योगी की रैलियां होती हैं, वहां पर भाजपा की विजय के आसार बढ़ जाते हैं।

**स्वाभाविक है विरोधी दल इन खरे बयानों से सकते में हैं। कुछ न सूझने पर वे योगी के भगवा धारण करने पर ही अनाप-शनाप बयानबाजी कर अपनी विकृत मानसिकता को उजागर कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले पश्चिम बंगाल से कुछ हिंदू नागरिक लखनऊ आए थे और उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान कहा कि आप ही हिंदू समाज व उनकी बेटियों की रक्षा कर सकते हैं।**

# बिजली पोल से गिरकर मजदूर की मौत, चीनी मिल के गेट पर शव रखकर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** बलरामपुर ग्रुप की चीनी मिल में काम करते समय एक मजदूर बिजली के पोल से गिर गया था।अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को चीनी मिल के बाहर धरना प्रदर्शन किया। बताते चलें बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल में सोमवार को बिजली के पोल पर चढ़कर काम करते समय एक मजदूर पोल टूट जाने से गिरकर घायल हो गया था। खैराबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक 35 वर्षीय अनिल कुमार कोटनाथ का निवासी था। उसका शव रात में उसके गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार सुबह परिजन और किसान यूनियन के सदस्यों ने चीनी मिल के गेट के सामने बैठकर धरना देना शुरू कर दिया। चीनी मिल के अधिकारियों से 25 लाख रुपये के मुआवजे की मांग के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने की मांग कर रहे थे।

### चीनी मिल गेट पर रखा शव

अधिकारियों ने जब मांगें नहीं मानी तो चीनी मिल के गेट पर शव रख दिया गया। तब जाकर चीनी मिल के अधिकारी मृतक के परिजनों की मांग को मानने के लिए तैयार हो गए। चीनी मिल की इकाई प्रमुख डॉ सुनील कुमार यादव ने धरने पर बैठे लोगों के बीच में आकर परिजनों को 16 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की इकाई प्रमुख डॉ सुनील कुमार यादव ने परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया, तब जाकर धरना समाप्त हुआ। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## दशहरा दीपावली के पावन पर्व के शुभ अवसर पर खादी वस्त्रों पर बंपर छूट

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान

**पलिया कलां खीरी।** दशहरा दीपावली पर्व को लेकर जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था के संस्थापक राम प्रवेश एवम प्रबंधक निखिल सिंह ने संस्था में निर्मित स्वदेशी खादी एवम वूलन वस्त्रों पर भारी छूट करते हुए उपभोगताओं को चालीस प्रतिशत छूट का उपहार दिया है। जानकी देवी खादी ग्रामोद्योगसेवा संस्था के प्रबंधक निखिल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाने के लिए जनपद लखीमपुर खीरी एवम पीलीभीत सहित पड़ोसी मुल्क नेपाल से खरीददारी करने वाले ग्राहकों का भारी संख्या में प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। संस्था के संस्थापक राम प्रवेश ने बताया कि पड़ोसी मुल्क नेपाल के लोग राष्ट्रिय पर्व के रुप में दशहरा का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते है जिसके चलते इन दिनों आकर्षक स्वदेशी खादी एवं वूलन वस्त्रों को खरीदने के लिए नागरिकों की आमद ज्यादा हो रही है संस्थान का प्रथम उद्देश्य वस्त्रों की बेहतर क्वालिटी के साथ साथ ग्राहकों की सुविधाओं के लिए संकल्प बद्ध है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । ओयल खीरी



ओयल नगर क्षेत्र के मोहल्ला शिवाला निवासी अजीत कश्यप पुत्र जगदीश कश्यप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।परिवारीजनों ने पड़ोसी से विवाद होने की बात कही।आपको बताते चलें कि कस्बा ओयल के मोहल्ला शिवाला निवासी जगदीश कश्यप हाल समय में ही कुछ माह पूर्व से मोहल्ला शिवाला में प्लॉट खरीदकर झोपड़ी नुमा मकान में निवास कर रहे थे उनके साथ उनका 19 वर्षीय पुत्र रहता था चूंकि जगदीश मजदूरी का काम करता था इसलिए वह बीती शाम को लगभग 07 बजे खाना खाकर जगदीश तालाब पर चला गया था जैसे ही सुबह करीब 05 बजे जगदीश अपने घर को आया तो वहां अपने 19 वर्षीय पुत्र अजीत को तख्त से किनारे जमीन पर मृत अवस्था में पाया।इसकी लिखित सूचना मृतक के पिता ने ओयल पुलिस चौकी जाकर चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार सिंह को दी जिसके बाद दल बल के साथ स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची जहां शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु शव जिला मुख्यालय भेजा। इस संबंध में मृतक के पिता से उक्त घटना की जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि मैं नया आकर यहां पर बसा हू जिसके चलते पड़ोसी संजय मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा निवासी मोहल्ला शिवाला एवम उनकी पत्नी पिंकी मिश्रा एवम संजय मिश्रा के साढू निवासी बालूडीहा विवाद मानते थे पूर्व में हम लोगो पर कई फर्जी आरोप भी लगाए है जो कि ओयल पुलिस को भली भांति ज्ञात है ये सभी लोग हम लोगो को धमकी देते थे कि तुम सबको यहां रहने नही देंगे।इस संबंध में ओयल चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार सिंह से फोन के माध्यम से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त घटना की जानकारी मिली थी मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पलिया क्षेत्र में फसलों की बर्बादी



**जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी।** विगत दिवस क्षेत्र में आई भीषण आंधी तूफान के कारण पलिया क्षेत्र में हजारों हेक्टेयर धान व गन्ने की फसल पूरी तरह से धराशायी हो चुकी है ।कल अचानक मौसम मे बदलाव आया सुबह तेज धूप के कारण जहां लोग अक्टूबर मे गर्मी से परेशान हो रहे थे कि दोपहर बाद अचानक मौसम मे बदलाव आ गया घने काले बादल के साथ तेज हवाए चलने लगी और देखते देखते पूरे क्षेत्र मे बारिश के साथ साथ ओले गिरने लगे ।चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर ने बताया कि मिल क्षेत्र में आई आधी तूफान से खेतो मे खडा गन्ना गिर गया जिससे किसानों को काफी नुकसान होगा ।गन्ना गिर जाने से जहां चूहे नुकसान पहुचाते है वही जगली जानवर भी गन्ने की फसल को नुकसान पहुचाते है ।श्री तोमर ने गन्ना विभाग के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि अपने क्षेत्र मे जाकर देखे जहां पर गन्ना गिर गया है वहां किसानों से मिल कर उसे खडा कराए जिससे किसानों का नुकसान न होने पाए।

### मिशन शक्ति के तहत छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/अनुज गुप्ता/भीरा-खीरी।** प्रदेश सरकार द्वारा यूपी मिशन शक्ति 4 के तहत महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मंगलवार को वन बीट मेडिकल कॉलेज भीरा में इस गोष्ठी का आयोजन किया गया जहां पर मुख्य अतिथि सीओ गोला परवीन कुमार ने छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि



यदि किसी भी प्रकार से कोई परेशान करता है तो सबसे पहले पुलिस को सूचना दें तथा अपने घर में भी बताएं और पुलिस हमेशा आपके साथ हैं। वहीं महिला आरक्षी नेहा सोम ने छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि यदि कोई छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दे सकती हैं। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार सीओ गोला,भीरा थाना प्रभारी निराला तिवारी व स्टाफ तथा कॉलेज के पैरामेडिकल डिपार्मेंट प्रिंसिपल,फार्मेसी डिपार्मेंट प्रिंसिपल व नर्सिंग डिपार्टमेंट प्रिंसिपल सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### भुगतान न किए जाने से परेशान भाजपा कार्यकर्ता करेगा भूख हड़ताल

**जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** वर्क ऑर्डर के बाद भी भुगतान न मिलने से परेशान हो चुके एक भाजपा कार्यकर्ता आज से भूख हड़ताल शुरू करेगा ।नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी राजीव कुमार गुप्ता और उनके बड़े भाई सुनील कुमार गुप्ता को 10साल पहले 2013 में सीजीएन पीजी कॉलेज में हाल का निर्माण करने का ठेका दिया गया था। काम पूरा कर दिया गया उसके बाद महाविद्यालय द्वारा उन्हें 4 लाख का भुगतान किया गया। लगभग 90 हजार की रकम बाकी रह गई थी। उसके लिए वह बरसों से महाविद्यालय और सहकारी गन्ना विकास समिति के चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें भुगतान नहीं दिया जा रहा है ।जिससे वह परेशान हो चुके हैं ।सीएम से लेकर डीएम और प्राचार्य से लेकर एसडीएम तक तमाम बार गुहार लगा चुके हैं ।कोई सुनवाई नहीं हुई ।सुनील गुप्ता भाजपा के जुझारू सिपाही हैं ।लम्बे समय से उन्होंने भाजपा का दामन थाम रखा है ।महाविद्यालय प्राचार्य की अनदेखी से परेशान ठेकेदार आज बुधवार से सदर चौराहे के निकट सुपर मार्केट में भूख हड़ताल शुरू करेगा। इसके लिए एसडीएम और महाविद्यालय के प्राचार्य को सूचना दे दी गई है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से मेला देखने के लिए गई किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पिता के अनुसार 14 अक्टूबर को उसकी पुत्री फतेहपुर गयंद में अपनी सहेलियों के साथ मेला देखने गई थी। वहीं से रामपुर कोड़ा गांव का रहने वाला मुकेश उसे बहला फुसलाकर चंपत हो गया। घटना की नामजद रिपोर्ट मुकेश के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

## मिशन शक्ति फेज 4 के अंतर्गत बाल विवाह न करने की दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस । मनोज कुमार मिश्रा



**बिजुआ खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा व अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह के दिशानिर्देशन में महिला थानाध्यक्ष शकुन्तला उपाध्याय द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ब्लाक बिजुआ पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की अभिमुखीकरण कार्यशाला में महिला आरक्षियों, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा बहु एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई कि मैं शपथ लेती हूं कि न तो मैं बाल विवाह करूंगी और न ही किसी को करने दूंगी मेरी जानकारी में यदि कोई बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है तो हर सभंव रोकने का प्रयास करूंगी और कानून कि मदद का प्रयास करूंगी और कानून का सहारा लूँगी।मैं बाल विवाह के खात्मे का हरसंभव प्रयास करूंगी ताकि हर लड़की स्वतंत्र सुरक्षित और शिक्षित हो सके शपथ दिलाई है।इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग,बाल विकास एव ब्लाक के कार्मिक उपस्थित रहे।



## मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग को लेकर शहर में चला हस्ताक्षर अभियान

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान

**पलिया कलां खीरी।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व देश के पूर्व रक्षामंत्री पदम विभूषण स्व0 मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग को लेकर शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें लोगों में भारी संख्या में नेताओं व आम जनमानस ने हस्ताक्षर किये।हस्ताक्षर अभियान समाजवादी पार्टी के निर्वतमान जिलाध्यक्ष प्रवीन यादव की अगुवाई में चलाया गया। इस अवसर पर प्रवीन यादव ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान नेता जी के जन्मदिवस 22 नवम्बर तक जनपद में चलता रहेगा। साथ ही साथ जनपद के महाविद्यालयों व विद्यालयों में भी चलाया जाएगा। उन्होने कहा कि नेता जी ने विषम परिस्थितियों में गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की मजबूती व निडरता से लडाई लडी। नेता जी ने देश के रक्षा मंत्री रहते हुए सेना का मनोबल बढाया तथा सैनिको के कल्याण के लिए बहुत से कार्य किये जिससे सैनिक आज भी याद करते है।छात्रों, युवाओं, अधिवक्ताओं, शिक्षकों व कर्मचारियों तथा आम जनमानस ने बढ़चढकर हिस्सा लिया व बैनर पर हस्ताक्षर कर अभियान को समर्थन देते हुए भारत रत्न की मांग को मजबूती दी।इस अवसर पर पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामपाल यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल,पूर्व एमएलसी शशांक यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष कय्यूम खान,छात्रसभा जिला उपाध्यक्ष सुधाकर लाला,पंकज यादव,प्रशांत लाला,अंसार महलूद,पूर्व उपाध्यक्ष अशोक कश्यप,जेड0 ए0 उस्मानी, इशरार अहमद,अंचल गुप्ता, प्रख्याति खरे,रन्नो दीक्षित, आरती सिंह जनवार,अमित वर्मा, गुरूप्रीत सिंह,प्रवीन यादव, अंजली सिंह,मिर्जा शेखू,शाबान अहमद,संजीव कुमार मुन्ना, सुमित यादव,अनुपम वर्मा, शेखावत अली,आमिर महलूद, त्रिभुवन सिंह,रविशंकर वर्मा, आकाश यादव,रामकुमार यादव, रंजीत वर्मा,मौलाना अख्तर,सईद अहमद सहित सैकडों लोगो ने हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## सम्पूर्णानगर में डेंगू बुखार के कहर से बढ़ रहा मौतों का आंकड़ा

जन एक्सप्रेस । सम्पूर्णानगर खीरी

स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की उदासीनता के चलते पूरे जनपद सहित सम्पूर्णानगर के पीएचसी अस्पताल में दवाइयाँ व जाँच उपकरणों के अभाव में पूरे इलाके में डेंगू बुखार के कहर से लोगों की मौतें हो रही हैं तो सैकड़ों की संख्या में प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर हैं लेकिन विभाग ने अभी तक बुखार से निपटने के इंतजाम नहीं किए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलिया के सम्पूर्णानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाएं हवा हवाई चल रही हैं। बड़ी संख्या मे आबादी के बीच में स्थित पीएचसी अस्पताल में इन दिनों बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है तो वहीं संसाधन व उपकरणों के ना होने से मरीजों की जाँच नहीं होने से दवाई पर दवाई दिया जा रहा है। जांच ना होने के चलते बुखार आसानी से पैर फैलाकर अपनी आगोश में ले रहा है। अधिकांश मरीज़ों की प्लेटलेट्स घटने की स्थिति में बाहरी बड़े प्राइवेट अस्पतालों में भेजा जा रहा है जहां जाते जाते ही मरीज दम तोड़ रहे हैं ढ्ढ इसी क्रम में कुछ दिन पूर्व ही सम्पूर्णानगर टीचर कालोनी के सर्वेश यादव उर्फ छोटू, मझरा पश्चिम के अश्वनी तिवारी सहित इलाके के कई मरीजों ने डेंगू बुखार की चपेट में आकर अपनी हंसती खेलती जिंदगी से हांथ धो लिए हैं लेकिन फिर भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार इस मामले पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पसगवां में किया गया वृहद मानसिक स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन



जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** वृहद मानसिक स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पसगवां में किया गया। शिविर में जिला पुरुष चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ,नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़, साईक्रेटिक सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार पाण्डेय, साईक्रेटिक नर्स विवेक मित्तल द्वारा प्रतिभाग किया गया।मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा विभिन्न प्रकार के नशा एवं मानसिक रोग बारे मे विस्तार से बताया गया जैसे अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरें आना, चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना, भेद भाव, पूर्व जन्मो का अभिसाप, सिर मे दर्द, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, झाड.फूक, ऊपरी शक्ति का प्रभाव, तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन, शराब गाज़ा, अफीम, ड्रग, धूम्रपान, आदि विषय पर जागरूक किया गया। साथ बिना किसी झिझक के मानसिक स्वास्थ्य विभाग में आकर इलाज कराने और व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में कुल 160 मरीजों का पंजीकरण किया गया। शिविर मे चिन्हित किये गए 60 मानसिक विकारों से पीढ़ित मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर दवा वितरित किया गया एवं 01 मानसिक दिव्यांग प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा मानसिक उपचार जिला चिकित्सालय के कमरा नंबर 2 में ओपीडी दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को समय 8 बजे प्रातः से 2 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करने को बताया गया। चिन्हित किये गये मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को नियमित आने व ईलाज का परामर्श दिया गया। शिविर मे अन्य चिकित्सकों नेत्र सर्जन, फिजिशियन, कृष्ठ रोग,दंत रोग द्वारा भी अपना ओपीड़ी कार्य किया गया। बीपी एवं शुगर की भी जाँच की गई।

## श्री नव दुर्गा पूजन पंडाल में द्वितीय दिवस, भक्ति गीतों पर झूमे भक्तगण

**जन एक्सप्रेस/हरदोई ।** श्री नव दुर्गा पूजन समिति द्वारा आयोजित श्री नवदुर्गा पूजन पंडाल में द्वितीय दिवस सायंकालीन बेला में संरक्षक सुरेश चंद्र मिश्रा व महामंत्री बसंत गुप्ता द्वारा भव्य आरती की गई। प्रसाद वितरण के बाद श्री बाल संकीर्तन मंडल द्वारा भजन संध्या का सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में सेजल गुप्ता द्वारा गणेश वंदना, गौरी के लाल तेरी महिमा अपार उसके बाद भजनों का क्रम आगे बढ़ाते हुए लहर लहर लहराए चुनरिया , हे राधिका सुन विनय हमारी , रस भरे रसिया के बड़े रसीले नैना गाकर पंडाल में उपस्थित भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कुणाल बांगा द्वारा करुणामयी कृपा कीजिए श्री राधे , है धन्य तेरी माया ओ दुनिया के रखवाले गाकर भक्तों की तालियां बटोरी।



## पाली कस्बे में चेयरमैन की मौजूदगी में निकाली गई अमृत कलश यात्रा

- पाली बाजार के प्राथमिक स्कूल से शहीद आबिद खां के स्मारक स्थल तक निकली अमृत कलश यात्रा
- माटी से भरे अमृत कलश को हरदोई भेजा जाएगा, जहां से लखनऊ और फिर दिल्ली भेजा जाएगा

जन एक्सप्रेस । पाली, हरदोई

आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत केंद्र की मोदी सरकार के आह्वान पर शुरू हुए मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत मंगलवार पाली नगर में चेयरमैन रिज़वान खां की मौजूदगी में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। अमृत कलश यात्रा पाली बाज़ार के प्राथमिक स्कूल से शुरू होकर कारगिल शहीद आबिद खां के स्मारक स्थल पर पहुंची । पाली नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक बबलू दीक्षित ने बताया कि शासन की मंशारूप मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पाली नगर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। चेयरमैन रिजवान खां की मौजूदगी में पाली के बाजार स्थित प्राथमिक स्कूल से शुरू हुई अमृत कलश यात्रा शिशु मंदिर चौराहा से होते हुए बरगद चौराहा होकर कारगिल सहित आबिद खां के स्मारक स्थल पर पहुंची, जहां शहीदों को नमन किया गया। चेयरमैन रिजवान खां ने बताया कि देश की आजादी से लेकर देश की सुरक्षा के दौरान हमारे तमाम वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इन शहीदों को हम सभी नमन करते हैं । उन्होंने बताया कि माटी और चावल से भरे हुए इन अमृत कलश को जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है। इसके बाद इन अमृत कलश को जिला मुख्यालय से लखनऊ भेजा जाएगा, और उसके बाद शासन के निर्देश पर इन अमृत कलश को दिल्ली भेजा जाएगा । जहां अमृत वाटिका के निर्माण में इस माटी का उपयोग किया जाएगा । इस मौके पर आरिफ खां, इस्लाम खां, दिलीप दीक्षित, मुकेश गुप्ता, बृजेश कुशवाहा, सचिन कुमार, राकेश कुमार, राजन शुक्ला, सहित नगर पंचायत के गणेश मिश्रा, श्याम जी अग्निहोत्री, अमित शुक्ला, गुलजार खां के अलावा रेहान खान आदि लोग मौजूद रहे।

## अवैध मदिरा कार्य में संलिप्त माफियाओं, तस्करों के विरूद्ध कार्यवाई करें : डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

- गैंगस्टर एवं गुण्डा एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई के निर्देश

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि निकट भविष्य मे दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व पड़ने पर त्योहारों मे मदिरा की मांग बढ जाती है, जिससे अवैध मदिरा के निर्माण, तस्करी एवं बिक्री की सम्भावना भी बढ जाती है। उक्त को दृष्टिगत रखने हुये जनपद में अवैध मदिरा निर्माण, तस्करी एवं बिक्री की तथा अवैध स्प्रिट, अलकोहल के परिवहन पर अंकुश लगाने तथा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शतप्रतिशत प्राप्त करने हेतु आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त संयुक्त टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि टीम एक में प्रशासन से उप जिलाधिकारी सदर/तहसीलदार सदर के साथ आबकारी निरीक्षक सदर व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सदर व संबंधित थानाध्यक्ष को रखा गया है। इसी प्रकार टीम दो में उप जिलाधिकारी शाहाबाद/तहसीलदार शाहाबाद, आबकारी निरीक्षक शाहाबाद व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद व संबंधित थानाध्यक्ष, टीम तीन में उप जिलाधिकारी सण्डीला/तहसीलदार संडीला, आबकारी निरीक्षक सण्डीला व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सण्डीला व संबंधित थानाध्यक्ष, टीम चार में उप जिलाधिकारी बिलग्राम/तहसीलदार बिलग्राम, आबकारी निरीक्षक बिलग्राम व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी बिलग्राम तथा संबंधित थानाध्यक्ष और टीम संख्या पांच में उप जिलाधिकारी सवायजपुर/तहसीलदार सवायजपुर, आबकारी निरीक्षक सवायजपुर व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सवायजपुर एवं संबंधित थानाध्यक्ष को रखा गया है। जिलाधिकारी ने सभी टीमों को निर्देश दिये है कि 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2023 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर प्रत्येक दिन दबिश करें और प्रभावी प्रवर्तन कार्य हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन प्रवर्तन, राज्य कर अधिकारी, प्रभागीय वन अधिकारी तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए यथावश्यक सहयोग लें और पूर्ण मनोयोग से संबंधित थाने से पुलिस बल का सहयोग लेते हुए विशेष प्रवर्तन कार्य करना सुनिश्चित करें और जनपद से लगी सीमा पर विशेष सतर्कता बरते तथा किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने दें और अवैध मदिरा कार्य में संलिप्त माफियाओं, तस्करों के विरूद्ध गैंगेस्टर एवं गुण्डा एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही करें।

## राम जन्म, पृथ्वी पुकार लीला का हुआ सफल मंचन

जन एक्सप्रेस । हरदोई



पठकाना रामलीला के रंग मंच पर सोमवार को राम जन्म और पृथ्वी पुकार लीलाओं का मंचन वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा किया गया इस मौके पर दर्शकों की भारी भीड़ देखी गई। लीलाओं में दिखाया गया तमाम चालें चलकर रावण लंका का राजा बन बैठा और उसने राजा बनते ही अपने सैनिकों से सभी देवताओं को बन्दी बनवा लिया। रावण ने बंदी बने काल को अपनी खटिया की पाटी से बंधवा दिया, वहीं सूर्य, चंद्र, शनि, पवन आदि देवताओं को रावण ने नौकर बनाकर अपनी चाकरी में लगा दिया। उधर राजा दशरथ ने अपनी प्रजा का हाल अपने सैनिकों और सहचरों से जानने के उपरांत कहा कि राजा से प्रजा और प्रजा से राजा का अस्तित्व है। राजा को न्यायी होना चाहिए। उन्होंने अपने कोई पुत्र न होने का दुख व्यक्त किया और कहा कि निसंतान होने के कारण उन्हें निर्वंशिया कहा जाता तो है इसलिए शीघ्रातिशीघ्र पुत्र प्राप्ति का कुछ जतन जरूरी है। बालकृष्ण संस्थान वृंदावन के कलाकारों द्वारा लीलाओं का सफल मंचनकर दर्शकों की खूब वाह वाही बटोरी। मेला मैदान में ही फेना कंपनी द्वारा बेंचे गए कूपन का लकी ड्रा कार्यक्रम भी चालू है। रामलीला मेला मंचन के दौरान लगातार अपनी भूमिका का निर्वाहन करने वाले सहयोगीगणों में अध्यक्ष संजय मिश्रा बबलू ,अनमोल गुप्ता, मधुप मिश्रा, ऋषि मिश्रा, आशीष मोहन तिवारी, अरुण श्रीवास्तव, पंडित, आशीष मिश्रा, आदि सराहनीय है।

### सरकारी जमीन को एसडीएम सदर ने भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराया

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** विकासखंड अहिरोरी के ग्राम पंचायत गोंडा राव बाजार परिसर में उप जिलाधिकारी सदर स्वाति शुक्ला की अगुवाई में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित बड़ी तादाद में पुलिस बल की मौजूदगी में सरकारी जमीनों पर काबिज अवैध कब्जेदारों से कब्जा मुक्त करवाया गया। उप जिलाधिकारी सदर ने सी.ओ. संडीला अंकित मिश्रा, एस.ओ. बघौली भावना भारद्वाज, डीसीआरबी प्रभारी राजकुमार, स्पेशल इंक्वायरी सेल प्रभारी मोहनलाल, पी.एस.सी. पुलिस बल,फायर ब्रिगेड सहित एल. आई.यू. इंटेलिजेंस के लोगों की मौजूदगी में गाटा संख्या 1201 व 1202 सहित सरकारी जमीन को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराया। सरकारी जमीन पर पूर्व में हुई पैमाइश के बावजूद कुछ लोगों ने दोबारा से अपना कब्जा जमा रखा था।

# हेमनपुरा पट्टाधारक को प्रशासनिक टीम ने अवैध मौरम खनन कराते रंगे हाथों पकड़ा

- पांच पॉकलैंड मशीनों की गयी सीज, आधा दर्जन बालू भरे वाहन पकड़े
- पट्टाधारक एफआईआर दर्ज कराने के लिये कदौरा थाने में दी तहरीर





**जन एक्सप्रेस | उरई (जालौन)**

मौरम पट्टा के नाम पर मौरम खनन का सरपट्टा चला रहे पट्टाधारक के मंसूबे उस दौरान मिट्टी में मिल गयी जब निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश निषाद की शिकायत पर मंगलवार को कालपी उप जिलाधिकारी के साथ खनिज अधिकारी सहित अनेकों राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने हेमनपुरा मौरम खंड संख्या चार पर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया तो वहां का नजारा देखकर प्रशासनिक टीम दंग रह गयी। पट्टाधारक मौरम खंड संख्या 5 में आधा दर्जन पॉकलैंड मशीनों से खनन कराता रंगे हाथों पकड़ा गया। अवैध खनन करती 5 पॉकलैंड मशीनों को पकड़कर सीज कर दिया तो वहीं आधा दर्जन ओवरलोड वाहनों को टीम ने रास्ते में पकड़ लिया। समाचार लिखे जाने तक पट्टाधारक पर कदौरा थाने में एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी प्रशासनिक टीम करने की मंशा से कदौरा थाने में मौजूद थी।

हैरानी की बात तो यह है कि हेमनपुरा मौरम खंड संख्या 4 के पट्टाधारक पर दो दिन पूर्व ही अवैध खनन करने पर 17 लाख का जुर्माना लगाया गया था। लेकिन बाद भी वह अवैध तरीके से मौरम का खनन कराने में लगा हुआ था।

मिली जानकारी के अनुसार निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश निषाद ने हेमनपुरा पट्टाधारक द्वारा मौरम खंड संख्या 5 से अवैध तरीके से मौरम खनन करने की शिकायत एसडीएम कालपी के साथ ही जिला खनिज अधिकारी राजेश कुमार से की थी। इसके बाद मंगलवार को तय रणनीति के तहत एसडीएम कालपी, खनिज अधिकारी राजेश कुमार के साथ कई राजस्व विभाग के कर्मचारियों की टीम हेमनपुरा मौरम खंड संख्या 4 की ओर जा रही थी तभी रास्ते में आधा दर्जन वाहन ऐसे मिले जिसमें ओवरलोड मौरम भरी हुयी थी तो उन्हें पकड़कर सीज कर दिया।

इसके बाद जैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों की टीम हेमनपुरा मौरम खंड संख्या 4 पर पहुंची तो पट्टाधारक द्वारा पांच पॉकलैंड मशीनों से मौरम खंड संख्या 5 से अवैध तरीके से मौरम खनन करते टीम ने अपनी आंखों से देखा इतना ही नहीं एनजीटी की गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाकर नदी की जलधारा से भी अवैध मौरम खनन करने के चिन्ह मौके पर मौजूद मिले। प्रशासनिक टीम का कहना था कि मौरम पट्टाधारक द्वारा 600 घन मीटर एरिया से अवैध तरीके से मौरम खनन किया गया था।

खनिज अधिकारी का यह भी कहना था कि पट्टाधारक द्वारा जिस तरह से एनजीटी की गाइल लाइन की धज्जियां उड़ाते हुये नदी की जलधारा से मौरम खनन करने की हिम्मत दिखाकर खनन नियमावली की धज्जियां उड़ाने का दुस्साहस दिखाया है उसको लेकर पट्टाधारक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कदौरा थाने में एफआईआर दर्ज करायी जा रही है।

# महोबा : ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

जिले के कस्बा चरखारी स्थित डांग बंगला प्रागण मे एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कराया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चरखारी मंजू रामपाल कुशवाहा तथा विशिष्ट अतिथि डायट प्राचार्य संतोष सक्सेना ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण तथा दीप प्रज्जुलित कर किया। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के आरम्भ मे जूनियर बालक 200 मीटर दौड़ करायी गयी। 200 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान शिवम, द्वितीय पवन, तृतीय स्थान छात्र मुकेश ने प्राप्त किया। प्राईमरी स्तर पर जूनियर स्तर की निम्न प्रतियोगिताएं भी सम्पन्न करायी गयी। जूनियन ब्लाक 100 मीटर की दौड़ मे, अंकित, लवकुश, शिवा जूनियर स्तर बालिका 100 मीटर दौड़ मे सुनैका, विनीता, नेहा ने बाजी मारी। 200 मीटर दौड़ मे कमलेश, सैनिक, सोनम, क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका खो- खो कबड्डी मे विजेता कम्पोजिट पड़ोरा, उप विजेता गौरहारी, कम्पोजिट गौरहारी, प्रथमिक ब्लाक 50 मीटर की दौड़ मे हरेन्द्र प्रथम, द्वितीय सत्यम, अरमान तृतीय, 100 मीटर की दौड़ मे सत्यम प्रथम, समर द्वितीय, 200 मीटर की दौड़ मे शिवराज प्रथम, पवन द्वितीय, आकाश तृतीय, प्रथमिक विद्यालय स्तर पर 500 मीटर की दौड़ मे निशा, रक्षा, निशी 100 मी0 दौड़ मे नत्या, ज्योति, खुशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक बालिका, कबड्डी विजेता मे नटर्रा रिवई, उपविजेता मे गोरखा गौहारी के छात्रो ने बाजी मारी। खो-खो कबड्डी विजेता मे ऐचाना, उपविजेता में गुड़ा, प्राथमिक विद्यालय, उपविजेता कम्पोजिट बम्हौरी बेलदारन। इसी श्रृंखला मे 50,100,200,400,600 मी0 दौड़ लम्बी कूंद, खो-खो, कबड्ड्डी, डिस्क सर्थो, गोलाकार, गिमनास्टिक, पी,टी, समूह गायन, एकांकी प्रतियोगिता कराई गयी। समापन प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर, विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजय कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी डॉ0 प्रदीप कुमार ने अपने कर कमलो से विजयी छात्र छात्राओं को पुरूष्कृत किया, तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि अजय कुमार मिश्रा ने उपस्थित छात्र छात्राओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बच्चे देश का भविष्य होते है, लगन निष्ठा के साथ पढ़ाई करने के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओ मे प्रतिभागिता करते रहे तो आगे चलकर देश प्रदेश मे अपना नाम रोशन करेगे। उन्होने कहा कि जिन छात्र छात्राओ ने प्रतियोगिता मे भाग लिया और कोई स्थान नही प्राप्त कर पाये उन्हे उदास होने की आवश्यकता नही है, अच्छी तैयारी करे तो आगामी समय मे वह भी अपना मुकाम हासिल कर सकते है। इस मौके पर अशोक महाराज, योगेश मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह राजपूत, जिला व्यायाम शिक्षक, जितेन्द्र द्विवेदी, सुंदर लाल, श्रीचंद्र, के0के0 सरोज शुक्ला, राजकुमार दिहुलियां, भूपेन्द्र सेंगर, जगदीश पाठक, मनोज दीक्षित, महेन्द्र पाल अनिल कुमार, आशीष पाठक, शिवकुमार, प्रशांत सक्सेना, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता के लिए भूपेन्द्र राजपूत का आभार व्यक्त किया।

## भाड़ा मांगने पर भड़के व्यापारी के पुत्रों ने रिक्शा चालक को पीटा

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** भाड़ा मांगने पर आग बबूला हुए व्यापारी के पुत्रों ने एकराय होकर रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। नगर के मुहल्ला हरीगँज निवासी मेहताब रिक्शा चालक है और सवारी व सामान ढोकर परिवार का भरण पोषण करता है। जब वह मंगलवार की सुबह रिक्शा पर सब्जी लादकर मण्डी गया था। लेकिन जैसे ही उसने सामान उतारकर भाड़ा मांगा। तभी सब्जी व्यापारी के पुत्र आग बबूला हो गये और आलू का व्यापार करने वाले व्यापारी के दो लड़कों ने उसकी मारपीट शुरू कर दी। जिसमें वह घायल होकर गिर गया। सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को अस्पताल में दाखिल कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार सिंह के अनुसार अभी तहरीर नहीं मिली है। मिलते ही मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## निर्धन बंदियो को मिलेगी निशुल्क कानूनी सहायता : न्यायाधीश

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश महोबा देवेन्द्र सिंह के आदेशानुसार 17 अक्टूबर 2023 को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा, राकेश कुमार गौतम के दिशा निर्देश में उपकारागार, में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम, महोबा के डिप्टी रामनरेश, नरेश यादव, व असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा एवं योगेन्द्र सिंह, जेलर शिवमूरत सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

आयोजित शिविर में उपकारागार में निरूद्ध बन्दियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे मे बताया तथा गरीब एवं असहाय बन्दियों जिनकी कोई पैरवी नही कर रहा है और वे अपने मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नियुक्त करने में असक्षम है उनके लिये विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है एवं उनकी समस्त प्रकार की विधिक सहायता की जाती है तथा महिला बन्दियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निदान किये जाने हेतु आश्वासन दिया गया एवं उनको प्राप्त उनके अधिकार तथा प्राधिकरण द्वारा उन्हे क्या-क्या विधिक सहायता प्राप्त हो सकती है उनके बारे में बताया गया।

साथ ही साथ शिविर में उपस्थित बन्दियों को दिनांक 9 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय पर भी जानकारी दी गयी। जेलर द्वारा कार्यक्रम हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जेल में निरूद्ध बन्दियों को अपनी बात कहने का मौका मिलता है और उन्हे अधिक से अधिक विधिक सहायता उपलब्ध होती है। उपस्थित बन्दियों द्वारा कार्यक्रम में प्रदत्त की गयी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियों की अत्यन्त सराहना की गयी।

## भटनी में भी रुकेगी गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस

**जन एक्सप्रेस/भटनी, देवरिया।** भटनी स्टेशन पर गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस रुकेगी। सोमवार को सांसद एवं विधायक ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वही 42 करोड़ रूपए की लागत से भटनी स्टेशन का कायाकल्प होगा। भटनी क्षेत्र के लोगों की मांग पर सदर सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी व सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने रेल मंत्री से भटनी रेलवे स्टेशन पर गोरखपुर अहमदाबाद अप और डाउन थी। एक्सप्रेस के ठहराव कराने की अपील की थी। दोनों के प्रयास से सोमवार से यह ट्रेन भटनी में रुकने लगी है।शाम को अहमदाबाद से भटनी पर पहुंचने पर दोनों ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। सांसद त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में देश के सभी रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत योजना से कायाकल्प किया जा रहा है। इसी क्रम में भटनी रेलवे स्टेशन पर 42 करोड़ की लागत कार्य प्रगति पर है।

# नवजात की मौत पर भड़के तीमारदारों ने डॉक्टर के साथ की मारपीट

**मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल, सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को लिया हिरासत में**

**जन एक्सप्रेस | उरई**



जिला महिला अस्पताल में दो दिन की नवजात बच्चे की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए डॉक्टर और स्टाफ के साथ जमकर मारपीट कर दी। जानकारी मिलते ही मौके पर फोर्स के साथ सीओ व सीएमओ के आश्वासन के बाद डॉक्टर ने अपनी हड़ताल वापस ली। वहीं पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी रमा पत्नी योगेश की जिला महिला अस्पताल में दो दिन पहले डिलेवरी हुई थी। जहां पर महिला ने एक नवजात बच्चे को जन्म दिया था। जिसकी मंगलवार की सुबह मौत हो गई। आरोप है कि इस घटना से आक्रोशित होकर योगेश ने अपने परिजनों के साथ मिलकर अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं बल्कि आरोप तो यह भी है कि हंगामा काट रहे लोगों ने डॉक्टर और स्टाफ नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बदसलूकी करते हुए जमकर मारपीट कर हुए तोड़फोड़ भी की गई। फिलहाल इस तोड़फोड़ और मारपीट की घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद महिला अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ हड़ताल पर चले गये। हंगामा मारपीट की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस, सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ मौके पर पहुंचे और मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

वहीं पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में ले लिया। वहीं सीएमओ नरेंद्र देव शर्मा भी घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली।

जहां पता चला नवजात बच्चे की मौत के बाद यह पूरा हंगामा हुआ। फिलहाल सीएमओ द्वारा और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आश्वासन मिलने के बाद डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी।

## पिता-पुत्र को अवैध असलहों सहित पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

पनवाड़ी विकासखण्ड के ग्राम बैंदो मे अराजकतत्वों द्वारा दुकान मालकिन और वहॉ बैठे लोगो का अवैध असलहे से गोलियां चलाये जाने और घटना मे आधा दर्जन लोग घायल हो जाने के मामले मे पिता पुत्र को थाना पनवाड़ी पुलिस ने बंदी बनाकर जेल भेजा है। घटनाक्रम मे पता चला है कि जीतेन्द्र पुत्र नरेन्द्र, श्रीमति विमलेन्द्र तिवारी परर्चून की दुकान खोली बैठी थी, तथा अन्य लोग भी दुकान के आस पास बैठे हुए थे उधारी के पैसो को लेकर जीतेन्द्र और विमलेन्द्र देवी मे वाद विवाद हो गया था। जितेन्द्र ने अपने पिता नरेन्द्र तिवारी को साथ लेकर दुकान पर बैठी श्रीमति विमलेन्द्र तिवारी पर गोलियो की बौछार कर दी थी। दिनदहाड़े हुई गोलियों की तड़तड़ाहट से गांव मे दहशत और भय का माहौल कायम हो गया था। अराजकतत्वो की फायरिंग से श्रीमति विमलेन्द्र तिवारी 39 वर्ष, जगदीश तिवारी, वंदना पुत्री मूलेन्द्र तिवारी, प्रभा देवी पुत्री अरविन्द्र, रानी तिवारी, शीला, चिंतामन, शगुन, अरमान, जगदीश नारायण आदि नौ लोग घायल हो गये थे। अपराधी हवा मे फायर करते हुए तथा असलहे लहराते हुए भाग खड़े हुए थे, सभी घायलो को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पनवाड़ी मे भर्ती कराया गया था। दो की हालत गम्भीर होने पर झॉसी ले जाया गया था। घटना की रिपोर्ट नीलेन्द्र पुत्र जगदीश तिवारी ने थाना पनवाड़ी पहॅुचकर पिता पुत्र के विरूद्ध दर्ज करायी थी। घटना के 48 घंटे बाद थाना पनवाड़ी पुलिस ने पिता पुत्र को लाईसेंसी राईफल तथा अवैध असलहा सहित बंदी बनाकर जेल भेजा है।

G20
**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 07.11.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नही किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 13102023 दिनांक 16.10.2023 |
| निविदा संख्या | 1. 31/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 2. 32/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 3. 33/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 4. 34/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 |
| कार्य का नाम | 1.सहायक मण्डल इंजीनियर / द्वितीय / लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता / कार्य / लाइन के खण्ड में पुलों की मरम्मत। 2. वरि मण्डल इंजीनियर/पॉच/ लखनऊ के अधीन नमूना संग्रह सहित नीव की मिटटी की खोज करना, सभी प्रासंगिक रिपोर्टो का परीक्षण प्रस्तुत करना और दोनो तरफ ट्रैक/सड़क के साथ क्षेत्र विवरण एकत्र करने सहित सर्वेक्षण का संचालन करना, जीएडी (सॉफट कापी के साथ फिल्म पर मूल मॅल पैमाने पर प्रस्तुत करना) समपार के बदले विभिन्न आरओबी /आरयूबी साईटों पर विस्तृत परियोजना तैयार करना। 3. वरि. मण्डल इंजीनियर/पॉच/ लखनऊ के अधीन लखनऊ- कानपुर सेक्शन में मगरवारा- कानपुर के बीच एल. डब्ल्यू. आर. अनुमति ब्रिज नं. 108 अप और 109 अप के लिये रेल संरचना इंटरेक्शन विश्लेषण। 4. वरि. मण्डल इंजीनियर/पॉच/ लखनऊ के अधीन पुल संख्या 110 (उन्नाव-कानपुर) के नदी तल की 3डी स्कैनिंग। |
| अनुमानित लागत | 1. Rs. 24,99.700.77 2. Rs. 55,94,858.82 3. Rs. 43,57.740.00 4. Rs. 25,21,740.00 |
| धरोहर राशि | 1. Rs. 50,000.00 2. Rs. 1,11,900.00 3. Rs. 87,200.00 4. Rs. 50,400.00 |
| कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 1 एवं 4 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह क्र.सं. 2 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो माह क्र.सं. 3 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह |

निविदा डालने का प्रारंभ : 24.10.2023, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 07.11.2023 15.00 बजे, बेवसाईट : www.ireps.gov.in

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3219/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बुलडोजर की कार्रवाई कर हटाया अतिक्रमण

**जन एक्सप्रेस | बनकटा/देवरिया**



रूद्रपुर घटना के बाद से राज्स्व विभाग लम्बित मामले को निपटारे में तेजी दिखा रहा है। बनकटा थाना क्षेत्र के एकडंगा पंडित में मंगलवार को बुल्डोजर ने अवैध रुप से रिहायशी पलानी नादा खुटा कटरैन आदि पर अपना गरज दिखाते हुए खलिहान की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही जवाहर प्रसाद मुसाफिर प्रसाद रामकेवल बसन्त लाल राम अवध चान्देव मुन्ना हरिकेश पाण्डेय ने अवैध अतिक्रमण की जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर खाली कराने की मांग की थी। जिस पर उपजिलाधिकारी ने जांच कर अतिक्रमण हटवाने का आदेश देते हुए राजस्व व पुलिस विभाग की टीम गठित कर दिया था। टीम ने मौके पर पहुंच कर बुल्डोजर द्वारा ग्राम सभा की भूमि खलिहान को खाली कराया।

बुलडोजर की गर्जन सुन कर ग्रामीण इक्ठा हो कर तरह-तरह की चर्चा कर रहे थे। कार्यवाई के दौरान रमाशंकर प्रसाद ललन प्रसाद चन्द्र शेखर प्रसाद अरून प्रसाद विरेन्द्र प्रसाद रामचंद्र प्रसाद की 6 झोपड़ी कटरैन -1 हटवाया गया।

अतिक्रमणकारियों ने अपने रिहाईशी झोपड़ियों को खुद भी हटाते दिखें बताया जा रहा था कि अतिक्रमणकारी बेहद गरीब है उन्हें रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है हालांकि कि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। वहीं बुल्डोजर भी गरजता रहा। इस दौरान राजस्व निरीक्षक चन्द्रभूषण पाण्डेय उपनिरीक्षक रिददवन सिंह ग्राम प्रधान अजीत कुमार गौड़ हल्का लेखपाल सच्चिदानंद उपाध्याय रामबाबू चौरसिया उपस्थित रहे।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी, शिनाख्त नहीं

**जन एक्सप्रेस | लार/देवरिया**

मंगलवार को सुबह लार थाना क्षेत्र के गांधी मोड़ पर सरकारी बियर की दुकान के सामने रौनक सीक कबाब बिरयानी सेंटर के दुकान में रखे चौकी पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई।हालांकि मृत व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो पाई है।मंगलवार की अहले सुबह करीब 5-30 बजे लोग टहलने जा रहे थे।इसी बीच लोगों ने देखा कि एक दुकान में चौकी पर अचेत अवस्था मे एक व्यक्ति पड़ा है। लोगों ने पास से जाकर देखा तो युवक की मौत का हो चुका था।एक व्यक्ति के शव मिलने की सूचना पर चौराहे पर सैकड़ो की भीड़ इकठ्ठा हो गई।किसी ने इसकी सूचना लार पुलिस को दी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसकी पहचान में जुट गई। लेकिन मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने मृत व्यक्ति के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। मृत व्यक्ति के पास से बरहज से भटनी तक का 15 अक्टूबर की टिकट मिला है।

## मॉ बड़ी चंडिका प्रांगण में चौपाल लगाकर पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

मिशन शक्ति फेज 4 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण के तहत आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में मंगलवार की शाम को पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता जनपद महोबा द्वारा शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत माँ चण्डिका देवी मन्दिर प्रांगण में मिशन शक्ति जागरुकता चैपाल का आयोजन जिला प्रशासन के साथ संयुक्त रुप से किया गया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन, क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सुषमा चैधरी, थाना कोतवाली, महिला थाना में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारी एवं स्थानीय क्षेत्र की सम्मानित महिलाएं, बालिकाएं एवं समाजसेवी लोगों की मौजूदगी में किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने आयोजित चैपाल के दौरान अपने संबोधन में बताया कि महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षित परिवेश प्रदान कर उनको आत्मनिर्भर बनाने हेतु जनपद महोबा पुलिस प्रतिबद्ध है।

पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं की जानकारी प्रदान की साथ ही शासन, यूपी पुलिस द्वारा प्रचलित विभिन्न हेल्पलाइन नं. के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया, जिससे महिलाओ पर हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न को रोककर उन्हे सशक्त बनाया जा सके, महिलाये अपने अधिकारों को समझे डरे सहे नही।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा चैपाल के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी महिलाओं (महिला शक्ति) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## रेलवे लाइन से अधेड़ का शव पुलिस ने किया बरामद

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में रेलवे लाइन पर अधेड़ के शव को देखकर वहां अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी व आरपीएफ पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी स्टेशन रेलवे कर्मचारी ने मंगलवार की सुबह स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी कि रेलवे किमी संख्या 1274 के आगे रेल पटरी पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। खबर मिलते ही स्टेशन अधीक्षक ने मामले की सूचना जीआरपी चौकी इंचार्ज शमशेर खान व आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी व आरपीएफ पुलिस ने शव को कब्जे लेकर उसकी पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। बताया गया कि तलाशी लेने पर मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान राजेन्द्र रायकवार उर्फ कल्लू 55 वर्ष निवासी भटटीपुरा कालपी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से की वर्चुअल गोष्ठी

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी की गयी जिसमें मिशन शक्ति अभियान एवं शारदीय नवरात्रि से सम्बन्धित तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा कर नवरात्र के दौरान दुर्गा पंडालों में व्यापक पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रमों के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार कर तनमयता के साथ महिला सशक्तिकरण अभियान को संचालित किये जाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के थानों में नियुक्त महिला कांस्टेबल शक्ति दीदी अधिक से अधिक संख्या में दुर्गा पण्डालों, कोचिंग सेन्टर, स्कूल, कालेज सहित आवंटित बीट और गांवों एवं मोहल्लों में निरंतर भ्रमणशील रहकर चौपाल का आयोजन करेंगी। महिला सम्बन्धित समस्त शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुये समस्त शिकायतों का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करेंगी। इसके अतिरिक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा शासन की जन कल्याणकारी और सुरक्षा योजनाओं एवं हेल्पलाइन नं. के बारे में जागरुक करेंगी जिससे जागरुक होकर महिलाएं एवं बालिकाएं अधिक सशक्त हो सकेंगी। उक्त अभियान की सर्किल स्तर पर जिम्मेदारी सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी की होगी।

## पीड़ित महिला को एसडीम ने दी मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना की चेक

**जन एक्सप्रेस | कालपी**

मंगलवार को उपजिलाधिकारी/सभापति कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत शासन की राहत चैक को पीड़ित महिला को प्रदान की गई। कृषि उत्पादन मंडी समिति कदौरा कार्यालय में मृतक किसान की आश्रित पीड़ित महिला राम कुमारी पत्नी स्व सुरेश कुमार निवासी ग्राम बम्हौर कदौरा को एक लाख 50 हजार रुपए धनराशि की चैक संख्या 802283 को जिलाधिकारी केके सिंह के द्वारा कार्यालय में दी गई। उप जिलाधिकारी ने शासन की सहायता राशि की चेक को वितरित करते हुए कहां के योजना के तहत मिली चेक की



धनराशि का सदुपयोग करें। उन्होंने बताया कि किसानों के हितों के लिए शासन के द्वारा पूरी तरीके से दायित्वों का निर्भर किया जा रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न

* राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश
* विशेष अभियान चलाकर करें प्रवर्तन कार्य निर्देश

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की ग़यी।

बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग, स्टांप शुल्क, आबकारी विभाग, बैंक, विद्युत, परिवहन, वानिकी, खनन, नगर पालिका, मंडी समिति द्वारा राजस्व वसूली में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सकारात्मक एवं व्यक्तिगत प्रयास करते हुए वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टांप शुल्क में राजस्व वसूली में कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए एआईजी स्टांप का स्पष्टीकरण तलब किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से जुड़े विभाग जीएसटी, स्टांप शुल्क, आबकारी, परिवहन, खनन के अधिकारी विशेष अभियान चलाते हुए प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाएं। राजस्व कार्यो की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा घरौनी, स्वामित्व योजना, आय जाति प्रमाण पत्र निर्धारित समय अवधि के भीतर बनाए जाने, ग्राम सभा की भूमि का आवंटन, राजस्व वादों का निस्तारण, चकबंदी कार्य, टॉप 10 बकायदाओं के विरुद्ध आरसी जारी किए जाने की कार्रवाई, सीलिंग आदि की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने राजस्व वादों का निस्तारण में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। तहसीलों में टॉप टेन बकायेदारो को चिन्हित करते हुए आरसी जारी किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की तहसीलों में आय, जाति प्रमाण पत्र निर्धारित समयसीमा के भीतर बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अविनाश त्रिपाठी, समस्त एसडीएम, डीएफओ, अधिशासी अभियंता विद्युत, एआरटीओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने रावण दहन स्थल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के बडा परेड ग्राउंड में पारंपरिक तरीके से दशहरा का रावण दहन कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने मंगलवार को नगर पालिका की ओर से की जा रही तैयारियो का बड़ा प्लेन ग्राउंड पहुंचकर जायजा लिया।

उन्होंने परेड ग्राउंड का बारीकी से निरीक्षण किया और नगर पालिका अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर परेड ग्राउंड में मेघनाथ रावण दहन कार्यक्रम दिव्य, भव्य एंव कुशलता से मनाने हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा कराई जाने वाली व्यवस्थाओं की जायजा चेमरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु ने लिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने बताया कि त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए दुर्गा पूजा, दशहरा, भरतमिलाप पर व्यापक व्यवस्था की गयी है।

स्थलों के हिसाब से कर्मचारियो की डियुटी लगा दी गयी है जिसकी बराबर समीक्षा की जायेगी। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, दशहरा कमेटी के अध्यक्ष संजय शर्मा, नगर पालिका के कर निरीक्षक हर्षित मिश्रा, सफाई निरीक्षक बहोरन सिंह, राजेश सक्सेना, गौरव मिश्रा, सुरेश कुमार गुप्ता ने विचार विमर्श किया एंव रणनीत बनाया। कमेटी के अध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव व संजय शर्मा ने कराये जा रहे व्यवस्था पर हर्ष व्यक्त किया।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया नारी शक्ति बंदन सम्मेलन का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद के एम एल के पीजी कालेज सभागार कक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे के संयोजन तथा जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ललिता तिवारी द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार एमएलके महाविद्यालय सभागार कक्ष मे आयोजित नारी शक्ति बंदन सम्मेलन की मुख्य अतिथि बहराइच जिले के विधानसभा क्षेत्र बलहा से विधायक सरोज सोनकर ने उपस्थित मातृ शक्ति को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वो कर दिखाया है जो कोई सोच नहीं सकता। महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें नेतृत्व करने का मौका देने का कार्य किया है। विधायक बलहा ने कहा कि नारी किसी भी समाज की दशा और दिशा तय करती है। नारी आज अबला नहीं है। विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ कागजों में काम किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धरातल पर महिलाओं के लिए कार्य किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। पंचायत स्तर से लेकर हर चुनाव में महिलाएं आगे बढ़ रही है ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करोड़ो महिलाओं को गैस, घर, शौचालय देने का कार्य किया है। करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते खोलकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। सदर विधायक पल्टूराम ने मातृशक्ति का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को सशक्त करने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में महिलाएं निडर होकर कोई भी कार्य कर सकती हैं। प्रदेश में कोई मनचला उनको परेशान नहीं कर सकता है और यदि कोई यह कार्य करता है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुल्डोजर तैयार रहता है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर महिलाओं को सशक्त करने का कार्य किया है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी ने सभी का स्वागत स्मृति चिन्ह और पटका, शाल दे कर किया। कार्यक्रम संयोजक एमएलके कालेज के प्राचार्य डॉ जेपी पांडे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है भारत में हमेशा नारी का बंधन व पूजन होता रहा है वैदिक काल हो चाहे अन्य कोई भी कल हमेशा नारी को सम्मान दिया गया है नारी को सम्मान देकर उनका पूजा करना भारतीय संस्कृति की परंपरा रही है आतातायों ने भारत पर अधिकार करने के बाद नारी के सम्मान पर आंच जरूर आई है, जिसे आजादी के बाद भी तमाम सरकारों ने वापस नहीं दिलाया। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी को उनका सम्मान वापस देकर एक नया कीर्तमान स्थापित किया है, इसीलिए हम सब का कर्तव्य बनता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार में प्रधानमंत्री बना कर उनका आभार व्यक्त करें।

# सीओ कार्यालय के सामने दो दुकानों में लाखों की चोरी, पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

* शटर का ताला काट कर घटना को दिया अंजाम

जन एक्सप्रेस | मिल्कीपुर-अयोध्या




इनायत नगर थाना व सीओ कार्यालय के सामने स्थित दो दुकानों को बेखौफ अज्ञात चोरों द्वारा सोमवार की रात निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दुकान संचालकों ने पुलिस को तहरीर देते हुए घटना को अंजाम देने वाले चोरों की गिरफ्तारी व घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना के बगल तथा क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर कार्यालय गेट पर स्थित दो दुकानों डी के मोबाइल एवं जन सेवा केंद्र व शिव ऑनलाइन सर्विस एंड साइबर जोन को सोमवार की रात को बेखौफ अज्ञात चोरों द्वारा निशाना बनाते हुए दुकान का शटर काटकर अंदर रखे लाखों रुपए कीमती एंड्रॉयड फोन सहित नगदी पार कर दिया है।

घटना की जानकारी तब हुई जब रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह दुकान संचालक अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला टूटा पड़ा है व दुकान में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। घटना की सूचना दोनों दुकान संचालकों द्वारा संयुक्त तहरीर देते हुए पुलिस को दी गई है। पीड़ित व्यवसाइयों ने बताया कि रोज की तरह सोमवार को कामकाज निपटाने के बाद दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। मंगलवार की सुबह जब डी के मोबाइल एवं जन सेवा केंद्र संचालक अरविंद कुमार पुत्र स्व राजाराम यादव निवासी तुलापुर तथा शिव ऑनलाइन सर्विस और साइबर जोन के संचालक राधेश्याम पुत्र यमुना प्रसाद निवासी भागीपुर दुकान पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला कटा पड़ा है तथा दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है। दुकान संचालकों ने बताया कि दुकान में रखे विभिन्न कंपनियों के 22 कीमती एंड्रॉयड फोन जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 60 हजार तथा शिव ऑनलाइन सर्विस एंड साइबर जोन दुकान के काउंटर में रखा 31 हजार रूपए नगदी चोरों द्वारा पर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही इनायत नगर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं दूसरी तरफ व्यापारी नेता अरुण गुप्ता ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इनायत नगर पुलिस अपराध के मामले में निष्क्रिय साबित हो रही है। जिसके चलते आए दिन क्षेत्र में व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर चोरी जैसी गम्भीर घटनाओं को बेखौफ चोरों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। जिसका खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। फिलहाल मामले में पुलिस जांच में जुटी है। हालांकि पुलिस प्रकरण में अभी प्राथमिकी नहीं दर्ज कर सकी है।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यो की समीक्षा बैठक

* नगर विकास से सम्बंधित कार्यो को समयबद्धता के साथ करने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग के मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा आयुक्त सभागार में अयोध्या विजन तथा जनपद के विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गयी। इसमें मंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम समाप्त हो चुका है। दीपोत्सव एवं श्री राम मंदिर के उद्घाटन की तिथियां निश्चित है। विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यों को गति दे तथा समयबद्धता के साथ गुणवत्ता बनाए रखते हुये और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये कार्यो को पूरा करें। उन्होंने कहा कि विगत माह में मुख्यमंत्री द्वारा अयोध्या के विकास कार्यो की समीक्षा की गयी थी उस बैठक में विभागीय प्रमुख सचिवों के अलावा विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे जिसमें उनके द्वारा विशेष रूप से लोक निर्माण विभाग, आवास विभाग, नगर विकास आदि से सम्बंधित कार्यो को समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिये गये थे।

मुख्यमंत्री के निर्देश घोषणा के अनुसार यहां के जनपदीय एवं मण्डलीय अधिकारी अपने-अपने विभागाध्यक्ष से अनुमोदन लेकर कार्यो में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि पंचकोसी व चौदह कोसी मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार कराने तथा वहां पर पार्किंग आदि की व्यवस्था के भी निर्देश दिये गये इसको भी पूरा किया जाय। मंत्री ने कहा कि अयोध्या के 37 मंदिरों एवं 41 कुंडों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिसमें 14 कुण्डों का जीर्णोद्धार हो चुका है शेष को भी गुणवत्ता बनाए रखते हुए जनप्रतिनिधियों एवं सम्बंधित संस्था के प्रमुखों को विश्वास में लेकर कार्यो को पूर्ण किया जाय। इस कार्य को पर्यटन विभाग एवं पर्यटन विकास निगम तथा सम्बंधित कार्यदायी संस्था समयबद्धता के साथ पूर्ण गुणवत्ता रखते हुए पूर्ण करायें।

# सपा हमेशा खिलाड़ियों का सम्मान करती है: आनन्द सेन

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

शहीद भवन पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आनन्द सेन यादव द्वारा किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलो इंडिया सेंटर परेड ग्राउंड उत्तराखंड में संपन्न हुई सभी विजयी प्रतिभागियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा खिलाड़ियों का सम्मान करती है। सपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में खिलाड़ियों का सम्मान बढ़ाने के लिए स्टेडियम तक बनवाया श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की जब भी सरकार बनी है उसमें नौजवान बेरोजगार किसान व्यापारी सहित सभी वर्गों के लिए विकास का काम किया है और आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाएगी सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार सम्मानित होने वाले खिलाड़ी मुख्य रूप से गोल्ड मेडल संजय रावत वल्लभ पटेल रजनीश, सिल्वर मेडल आर्या, सनी कुमार, रमेश यादव ब्रान्ज मेडल अंकित, सुशील कुमार, शशांक कुमार, हेमंत, भगवती प्रसाद यादव, अंकित कुमार, राम कुमार इसके कोच हरिओम रावत एवं प्रतियोगिता 1 से 4 अक्टूबर तक देहरादून उत्तराखंड में सम्पन्न हुई साथ में जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव, चौधरी बलराम यादव अंगद यादव, मोहम्मद इमरान, पुष्कर सिंह, अंकित सिंह, पलाश सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# पियाजियो इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन शोरूम का मण्डलायुक्त ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



वंशादि मोटर्स, सहादतगंज बाईपास रोड अयोध्या पर पियाजियो इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन शोरूम का उद्घाटन मण्डलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल व नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के द्वारा रिबन काट कर किया गया। इस अवसर पर उल्लेखनीय उपस्थिति पियाजियो कम्पनी के जोनल मैनेजर ओमकार प्रियदर्शी व जोनल मैनेजर सर्विस अखिलेश श्रीवास्तव के अतिरिक्त शहर के गढ़ामान्य व्यापारी, उद्योगपति, समाजसेवी एवं पत्रकारों की रही।

उल्लेखनीय सन्दर्भ निरंकार सिंह, अतुल सिंह, सरदार सुरेन्द्र सिंह गांधी, शक्ति सिंह, सरदार जसवीर सिंह, विनोद शर्मा, श्यामपाल चोपड़ा, गिरधारी चावला, विनोद पटेल, सरदार हरजीत सिंह लवली, ब्लॉक प्रमुख बीकापुर शिव कुमार सिंह, पार्षद दीप कुमार, लवलेश सिंह, पुष्कर श्रीवास्तव, महन्त रामदास, विजय अग्रवाल सहित सैकण्डो गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इटली की मसहूर कम्पनी पियाजियो इलेक्ट्रिक कारगो व पेंसेजर सहित दो मॉडल में शोरूम में उपलब्ध है वाहन की एक बार चार्ज करने पर चलने की क्षमता 150 किलोमीटर है। इसको 03 घण्टे में फुल चार्ज घरेलू बिजली कनेक्शन से ही किया जा सकता है। वंशादि मोटर्स के एमडी तरूण मित्तल व चन्द्रप्रकाश गुप्ता द्वारा सभी आगन्तुको का आभार प्रकट किया गया।

# केबिल व तार पर पेड़ गिरने के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप

जन एक्सप्रेस | बाबागंज/बहराईच

सीमावर्ती विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत विगत दिवस आई तेज तूफ़ानी हवा व पानी के बाद बिजली आपूर्ति बाधित है। दूसरे दिन विद्युत उपखण्ड सहाबा के द्वारा विधुत आपूर्ति बहाल नही की गई है। क्षेत्र में विधुत आपूर्ति को लेकर उहा -पोह का माहौल बना हुआ है। लोग बिजली आपूर्ति के बहाल को इंतजार करते दिखे। वही जेई अनमोल गुप्ता बताया कि मौसम के बदलाव व तेज हवा और पानी कई स्थानों पर पोल व विधुत केबिल पर भारी भरकम पेड़ गिर जाने के कारण केबिल व पोल टूट गए है। जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित है। विभाग के सभी कर्मचारी क्षेत्र में काम कर रहे है। जहाँ जहाँ पोल व तार टूटे है उन्हें पुनः नया पोल लगाने व तारो को जोड़ने/केबिल को सही करने का काम किया जा रहा है। जिन स्थानों पर केवल केबिल पर पेड़ गिरे है। वहाँ काम चल रहा है शाम तक विधुत आपूर्ति बहाल हो जाएगी। परंतु जिन स्थानों पर पोल टूट गए है। वहाँ कुछ समय लग सकता है। पेड़ गिरने को लेकर उन्होंने बताया कि रामपुर, ददौली लक्ष्मणपुर डीह, रायपुर, तेलयानी आदि गांव के पास ग्यारह हजार लाइन /एल टी लाइनों पर पेड़ गिरने से केबिल व तार टूट गए है। जिनको जोड़ने का प्रयास चल रहा है वहीं सकल्पा आदि गांव में पोल टूट गए है जिन्हें जल्दी दूसरा पोल लगवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी। ज्ञात हो कि क्षेत्र के कई विद्यालयों में अर्द्ध मासिक परीक्षाये चल रही है वही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा की तैयारी में लगे विद्यार्थियों ने बताया कि समय से विधुत आपूर्ति न होने के कारण अध्ययन कार्य बाधित हो रहे है। रात्रि में कई बार विजली कटौती होने से शिक्षण कार्य बाधित होता रहता है। वही समाज सेवी अशोक पाठक कहते है कि क्षेत्र में लम्बे समय से जर्जर तार लगे हुए है। कई स्थानों पर पोल टूटने के कगार पर है लेकिन किसी भी विभाग के आलाधिकारी का इस ओर ध्यान आकर्षित न होनो के कारण आये दिन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को लेकर क्षेत्र में हाय तौबा मची है।

# आंधी के साथ हुयी झमाझम बारिश फ़सलों का हुआ काफी नुकसान

जन एक्सप्रेस | बाबागंज बहराइच



सोमवार शाम को अचानक मौसम के हुये बदलाव व शुरू हुई आंधी तूफान के बाद एक घंटे तक हुये रिमझिम बारिश से गन्ने और धान की फसल को नुकसान हो गया। फसल जमीन पर गिर गई।

मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार सोमवार शाम को अचानक मौसम बदल गया। तेज धूल भरी चली आंधी के बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गयी। आंधी और पानी एक साथ होने के चलते खेत में लगी धान की फसल को काफी नुकसान हो गया। गन्ने की फसल भी खेत में गिर गई। फसल को देखकर किसानों के चेहरे मुर्झा गये। खेत में तैयार खड़ी धान की फसल भीगने और गिरने से काफी नुकसान हुआ है। किसान गंगापुर निवासी चंद्रशेखर वर्मा, राम राज पाठक, संदीप सिंह, वीरेंद्र यादव, चिंताराम, अर्जुन मौर्या सहित दर्जनों किसानों ने अपने फसल नष्ट होने से नीरस मन होते हुए बताया कि विगत दिवश तेज हवा व पानी ने कई विघे खेत की फसल को नष्ट कर दिया है। धान को काफी नुकसान हुआ है। वही कन्हैयालाल पुरवा निवासी किसान अशोक पाठक का कहना है कि अचानक मौसम के बदलाव के कारण किसानों की गिर जाने के कारण भारी भरकम नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर खेत मे लगे सागवान युलिप्टिस्टक पेड़ जमीदोज हो गए है। वही दुविधापुर निवासी किसान लुटाई वर्मा ने बताया कि बारिश के चलते धान की फसल सम्पूर्ण रूप से चटाई की तरह फैली हुई नजर आ रही है जिससे धान प्राप्त होने की उम्मीद न होने के बराबर है।

जो लागत फसल में लगाई है वह अब खत्म हो चुका है। कैसे बैकों कृषि रीड़ भुकतान हो गी। इससे उनका लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। बारिश के साथ तेज हवाएं के चलने के चलते मौसम में नमी भी आ गयी है।

# रामलीला प्रसंग में राजा दशरथ को हुई पुत्र रत्न की प्राप्ति

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

अयोध्या में हो रही रामलीला में आज के प्रसंग मे राजा दशरथ को पुत्र रत्न प्राप्ति के लिए श्रृंगी ऋषि द्वारा पुत्रेष्टि महा यज्ञ कराया गया और तीनों रानियों को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई द्य राम लीला का आयोजन अयोध्या रामलीला महोत्सव समिति स्वर्ग द्वार अयोध्या जी द्वारा आयोजित श्री रामलीला का भव्य मंचन किया गया जिसमें भगवान श्री राम लक्ष्मण के गुरु महर्षि विश्वामित्र जी और श्री दशरथजी महाराज काफी हर्षित हुए द्य इस अवसर पर मंदिर बावन जी महंत वैदेही वल्लभ शरण रामशरण दास रंग महल मंदिर सद्गुरु बधाई भवन महंत राजीव लोचन शरण डॉ प्रभाकर मिश्रा भाजपा नेता अच्युतानंद पांडे मिंटू राजू अवस्थी श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज महगू लाल पांडेय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर में लावारिस 11 बाईकों की हुई नीलामी, 90860 रुपए का राजस्व हुआ हासिल

जन एक्सप्रेस | मिल्कीपुर - अयोध्या

अयोध्या जिले के थाना कुमारगंज परिसर में वर्षों से लावारिस पड़ी मोटरसाइकिलों की नीलामी विभागीय उच्चाधिकारियों की संस्तुति के बाद मंगलवार को नीलामी मजिस्ट्रेट की निगरानी में किया गया।

ग्यारह मोटरसाइकिलों की नीलामी में कुल 90 हजार 860 रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई है। जिसे सरकारी कोष में जमा कराकर दिया गया है। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के थाना कुमारगंज परिसर में वर्षो पहले विभिन्न जगहों से बरामद लावारिस पड़ी बाईकों की नीलामी जिलाधिकारी की मंजूरी के बाद 11 बाईकों की नीलामी हेतु नियुक्त सक्षम मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार आनन्द प्रकाश राय की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक संजीव सिंह, उप निरीक्षक संतोष मौर्या, उप निरीक्षक कमलेश साहनी की मौजूदगी में सकुशल सम्पन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने बताया कि सभी 11 बाईकों का मूल्यांकन कराने के बाद 19 हजार 700 सौ रुपए कीमत निर्धारित थी।

मालूम हो कि बाइकों की नीलामी की जानकारी होते ही सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। वही इस प्रक्रिया के लिए नियुक्त कमेटी द्वारा 11 बाइकों की सर्वोच्च बोली लगाने वालों की बोली मंजूर की गई। लावारिस बाइकों की नीलामी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में 11 बाईकों की हुई नीलामी से 90 हजार 860 रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। राजस्व विभाग को 19 हजार 7 सौ के सापेक्ष 71 हजार 107 रुपए का फायदा हुआ।

नीलामी के तहत मोटरसाइकिलों की खरीदारी में राम बहादुर, सूरज कुमार, शिव पदार्थ, राजेश, चंद्र प्रकाश, महेश, प्रदीप दुबे, रामधनी, दशरथ राम, रामधनी अजीत यादव द्वारा सर्वाधिक बोली लगाते हुए मोटरसाइकिलें नीलामी ली गई।

# शारदीय नवरात्रि पर विशेष: पर्वतीय समाज के देवी भक्तों की आस्था का केंद्र बना मां महा मातेश्वरी शक्तिपीठ

- देवी भगवती के स्वप्न देने पर स्वर्गीय पंडित नरोत्तम जोशी ने कराया था मंदिर का निर्माण
- चार दशक पूर्व सतचंडी महायज्ञ का तत्कालीन कांग्रेस सांसद भानु प्रताप सिंह ने किया था उद्घाटन





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

बांसुरी नगरी तराई के जनपद टाइगर रिजर्व पीलीभीत में टनकपुर रोड स्थित निरंजन कुंज कॉलोनी में प्राचीन मां महा मातेश्वरी मंदिर क्षेत्र के पर्वतीय समाज के देवी भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र वर्षो से बना हुआ हैं। इस मंदिर का निर्माण विद्युत विभाग में सेवारत रहे स्वर्गीय नरोत्तम जोशी पुत्र स्वर्गीय रामदत्त जोशी ने देवी मां भगवती के उन्हें स्वप्न देकर कॉलोनी में मंदिर निर्माण करने का जब आदेश दिया तो श्री जोशी ने निरंजन कुंज कॉलोनी निवासी भगवत स्वरूप से इस मंदिर की भूमि खरीद कर मां महा मातेश्वरी मंदिर में मां भगवती दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई इसी के साथ पंडित नरोत्तम जोशी ने जीवन चंद्र पाठक द्वारा राम दरबार एवं हनुमान जी की मूर्तियों को देने पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा कराई इसी के साथ इस मंदिर में श्री राधा कृष्ण मां काली तथा भगवान शिव परिवार की मूर्तियों की स्थापना भी स्वर्गीय नरोत्तम जोशी द्वारा विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई गई तब से लेकर आज तक इस प्राचीन मंदिर में नगर सहित दूर-दूर के देवी भक्त पूजन अर्चन करने नित्य प्रति आते रहते हैं। रोजाना सुबह शाम इस मंदिर में देवी स्तवन के साथ भजन संकीर्तन देवी जागरण यज्ञ अनुष्ठान के बड़े-बड़े कार्यक्रम आए दिन होते रहते हैं। स्वर्गीय नरोत्तम जोशी की धर्मपत्नी आनंदी जोशी पुत्रवधू अनिता जोशी एवं पुत्र भूपेंद्र कुमार जोशी ने पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट को बताया कि मां महा मातेश्वरी की महिमा का बखान कोई भी व्यक्ति या भक्त अपने मुख से नहीं कर सकता हैं। मां की कृपा का सभी भक्तों को एहसास होता है क्योंकि भगवान स्वयं नहीं आते किसी के माध्यम से वह अपना कार्य करते हैं। अनीता जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके परिवार पहले बरेली में रहता था वह मूल निवासी उत्तराखंड में सेला गांव में मोहल्ला लखनपुर के रहने वाले हैं। उनके ससुर नरोत्तम जोशी जी बरेली से रोजाना विद्युत विभाग में दफ्तरी के पद पर सेवा करने आते जाते रहते थे 1979 में माता ने उन्हें स्वप्न दिया की मंदिर बनवाओ तब उनके ससुर ने इस मंदिर का भव्य निर्माण कराया। बहुमुखी प्रतिभा की धनी राजकीय बास्केटबॉल खिलाड़ी वीरांगना अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज की विद्वान खेल शिक्षिका कवित्री समाज सेविका फिल्म अभिनेत्री अनिता जोशी प्रकृति की सुकुमार और जीवन के यथार्थ को समान रूप से देखने वाली महिला हैं। श्रीमती जोशी ने बताया कि 1985 में इस मंदिर में विशाल सतचंडी यज्ञ अनुष्ठान कराया गया था जिसका उद्घाटन तत्कालीन सांसद भानु प्रताप सिंह ने मनोज पटेल के सहयोग से किया था।

इस मंदिर में अनिता जोशी सहित रामानुज अवस्थी, भूपेंद्र कुमार जोशी द्वारा पांचो टाइम मां मा मातेश्वरी की पूजा अर्चना की जाती है।

इस मंदिर को सुंदर बनाने में पत्रकार निलेश कटियार, सभासद सुनीता सिंह,विजय जायसवाल, पुरुषोत्तम जायसवाल, पीयूष जायसवाल, पत्रकार संदीप मिश्रा, रामऔतार मिश्रा, ज्ञानेंद्र अग्रवाल एडवोकेट, कुमकुम अग्रवाल, रामनाथ अवस्थी, अरुण भारद्वाज सहित सैकड़ो कॉलोनी वासियों द्वारा मंदिर को सजाने संवारने में पूरा योगदान किया गया है। यह मंदिर दूर-दूर तक विख्यात है।




## पीलीभीत पालिका अध्यक्ष डॉ0 आस्था अग्रवाल को मुंबई में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

ताज होटल मुंबई में आयोजित Society Achivers Award में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद एवं अभिनेत्री रवीना टंडन द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 आस्था अग्रवाल को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मैग्नेट पब्लिशिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई प्रसिद्ध अभिनेता एवं अभिनेत्रियां उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र से 22 लोगों को अलग-अलग फील्ड में समाज सेवा के कार्य हेतु सोसाइटी अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया, उत्तर प्रदेश से डॉ0 आस्था अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट कार्यो एवं समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना की गई।

## सर सैयद अहमद खां की जयंती धूमधाम के साथ मनाई

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

मंगलवार को नगर के मोहल्ला भूरे खां में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद अहमद खां की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। पूर्व सभासद मोहम्मद आमिर खां ने कहा मुसलमानों की हालत सुधारने के लिए अलीगढ़ आंदोलन चलाया और उसके बाद अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की संगे बुनियाद (आधारशिला) रखी और जो 1920 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना उन्होंने मुस्लिम समाज को अंधेरे से बाहर निकालने के लिए शिक्षा का अलख जलाया। समाजसेविका आसिया खान ने कहा कि सर सैयद अहमद खान आधुनिक भारत के निर्माता थे उन्होंने मुस्लिम समाज को अंधेरे से बाहर निकालने के लिए शिक्षा के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना की जो भारत की पहचान बनी जिसमें हजारों छात्र-छात्राएं देश-विदेश से पढ़ने आते हैं। इतना ही नहीं मुस्लिम समाज के नौजवान यहीं से पढ़कर सरकारी नौकरियों में उच्च पदों पर अधिकारी व कर्मचारी बने शिक्षा के बगैर जीवन अंधकार में डूबा हैं। हम शिक्षा प्राप्त करके देश के अच्छे नागरिक बन सकते हैं। इस अवसर पर मुदस्सिर खां, डॉक्टर मोहम्मद जावेद खां, डॉक्टर मोहम्मद अफसर, तारीक खां, मुजाहिद, अब्दुल कादिर, मोहम्मद इकबाल खा सहित पूर्व छात्र छात्राएं जयंती के इस मौके में उपस्थित रहें।

## कढेरचौरा में कैंप लगाकर की गई मरीजों की जांच

- तीन दिनों में 10 लोग निकले डेंगू पॉजिटिव

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** लगातार वायरल बुखार के प्रकोप से सीएचसी व पीएचसी में लोगों की दवाई लेने को लेकर रोजाना भीड़ जमा हो रही है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी लगातार गांवों में जाकर लोगों की जांच कर दवाइयां भी वितरित कर रही है। लेकिन वायरल बुखार थमने का नाम नहीं ले रहा। वही एक ही गांव में बीते तीन दिनों में जांच करने के दौरान 10 डेंगू पॉजिटिव लोग मिलें हैं। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कढैर चौराहा में बीते कुछ दिनों में वायरल बुखार से 8 लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में लोगों की जांच कर दवाइयां वितरण कर रही है । लेकिन बीते तीन दिनों में जांच करने के दौरान 10 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। इस दौरान कैंप में जिन लोगों को बुखार आ रहा उनकी जांच भी की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार तीन दिनों से गांव में कैंप लगाकर लोगों की जांच कर रही है। मंगलवार को डॉक्टर छत्रपाल अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे हुए थे, इस दौरान जांच करने में एक युवक डेंगू पॉजिटिव पाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिकेत गंगवार का कहना है कि बीते तीन दिनों में लगातार टीम के द्वारा जांच की गई, जिसमें 10 लोग डेंगू पॉजिटिव निकले हैं जिनका उपचार किया जा रहा है। और लगातार टीम गांवों में जाकर लोगों की जांच कर रही है।

## फीस जमा न करने पर छात्र को एक माह तक धूप में बैठाया

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** फीस जमा न होने पर कक्षा सात के छात्र को अन्य बच्चों से अलग धूप में एक माह पर बैठाकर प्रताड़ित किया गया। अभिभावक ने स्कूल पहुंचकर शिकायत की तो आरोप है कि संचालक ने पूरे साल की फीस एडवांस में जमा करने को कहा। फीस न दे पाने की मजबूरी बताने पर छात्र की टीसी काट दी। इससे उसका भविष्य खराब हो सकता है। छात्र के पिता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला साहूकारा वार्ड नंबर दस के लियाकत अली ने शिकायती पत्र में कहा है कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। परिवार का भरण-पोषण जैसे-तैसे कर रहे है। उनका बेटा मोहम्मद सैफ शेरपुर रोड स्थित अल रजा जूनियर हाईस्कूल में कक्षा सात में अध्ययनरत है। आरोप है कि पिछले एक माह से संचालक फीस जमा करने के लिए उनके बेटे को परेशान कर रहा हे। रोजाना कक्षा-कक्ष से बाहर निकालकर धूप में बैठाकर प्रताड़ित करते हैं। दो दिन पहले अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू हुई। स्कूल में जाकर एक हजार रुपए भी जमा कर दिए लेकिन संचालक ने रवैया नहीं बदला। छात्र को परीक्षा में शामिल न कर घर भेज दिया। स्कूल जाकर संचालक से वार्ता की तो उन्होंने पूरे साल की एडवांस फीस जमा करने के बाद ही परीक्षा में शामिल करने को कहा। फीस जमा न कर पाने की मजबूरी बताने पर उन्होंने टीसी काट दी। आरोप है कि संचालक द्वारा छात्र के भविष्य के साथ खिलबाड़ किया जा रहा है। इससे छात्र और उसके अभिभावक परेशान हैं। बीईओ विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि फीस न जमा करने के लिए छात्र को प्रताड़ित करना गलत है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## आश्वासन नहीं समस्याओं का समाधान होने पर खत्म होगी भूख हड़ताल



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** शारदा नदी से होने वाले कटान के स्थाई समाधान सहित बाढ प्रभावित क्षेत्र की तमाम समस्याओं को लेकर चंदिया हजारा बचाओ संघर्ष समिति के ग्रामीण क्रमिक भूख हड़ताल 37 वे दिन भी जारी रखी। इसको लेकर कई बार समस्या का समाधान करवाने के लिए अधिकारियों ने आश्वासन दिया। बीते दिन पीलीभीत सांसद वरुण गांधी ने भी मौके पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाने का भरोसा दिलाया था। लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में शारदा नदी कटान से परेशान क्षेत्रीय ग्रामीण पिछले काफी लंबे समय से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उसके बावजूद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका । जबकि पीलीभीत सांसद वरुण गांधी भी भूख हड़ताल में पहुंचे थे और उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की थी । भूख हड़ताल को 36 दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। सोमवार को तेज बारिश व ओलावृष्टि में अनशन स्थल भी तहस-नहस हो गया। जिसके बाद भी ग्रामीणों ने 37 दिन वें भी भूख हड़ताल जारी रखी। भूख हड़ताल करने वाले रविंद्र नाथ सरकार, विशाल मंडल, उमापति मंडल, रामदयाल शर्मा, विजय महालदार , कमलेश राय आदि लोग शामिल रहे।

## पीलीभीत के स्काउट अमोघ पाठक राष्ट्रपति पुरस्कार चयन के लिए बनाई अपनी जगह मिल रहीं बधाइयां

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश पीलीभीत के स्काउट अमोघ पाठक पुत्र अवधेश चंद्र पाठक निवासी मोहल्ला कुँवर गढ का राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए हुआ चयन। जनपद पीलीभीत में बहुत समय से बाद राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु स्काउट का चयन किया गया। जिसमें पूरे भारत वर्ष से 120 स्काउट/गाइड का चयन हुआ जिससे उत्तर प्रदेश के 4 स्काउट में पीलीभीत के स्काउट अमोघ पाठक ने अपनी जगह बनाकर जनपद का नाम प्रदेश ही नहीं पूरे भारत वर्ष में रोशन किया अमोघ पाठक ने शिवाजी जूनियर हाई स्कूल से स्काउटिंग में प्रवेश किया उससे उपरान्त वह चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अपनी पढ़ाई की और साथ ही पढ़ाई के साथ साथ स्काउट में अपना योगदान देकर राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु अपना चयन कराया। जनपद पीलीभीत की स्काउट गाइड संस्था के पदाधिकारी ने अमोघ पाठक को चयनित होने पर बधाई दी। मुख्य आयुक्त/ सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह,जिला विधालय निरीक्षक/ उपाध्यक्ष गिरिजेश कुमार चौधरी, बेसिक शिक्षा अधिकारी/ उपाध्यक्ष अमित कुमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडे, जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे,जिला सचिव संतोष कुमार आदि ने बधाई दी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दो बाइकों की टक्कर में, दो की मौत, तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरूनगर से कुछ दूर पर दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में दो लोगों की मौके पर मौत हो गयी ।तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। जफराबाद थाना क्षेत्र के खरचलपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार 22 वर्ष पुत्र अमरनाथ तथा समोधी 68 पुत्र मुंसी एक बाइक से घर से कबूलपुर बाजार आ रहे थे। ऊक्त स्थान पर



सामने से रामजी पुत्र सीताराम निवासी सैदपुर थाना जलालपुर अपनी बाइक से एक पांच वर्षीय मासूम तथा एक रिश्तेदार को बिठाकर कबूलपुर से घर जा रहे थे ।बाइकों की रफ्तार काफी तेज थी ।रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों बाइको के परखच्चे उड़ गये ।बाइकों के टकराने के बाद दोनों बाइकों के लोग लहुलोहान हालात में सड़क पर गिर कर तड़पने लगे ।आनन फानन में वहां पर लोग जमा हो गए ।दुर्घटना में समोधी तथा अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गयी ।स्थानीय पत्रकार विवेक कुमार सिंह ने लोगों के सहयोग से सभी को सड़क से हटवाकर एक तरफ किया ।घायलो को चारपाई पर उठवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया।

### नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** डॉ. अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे बरसठी प्रभारी निरीक्षक गोविन्द देव मिश्रा मय हमराह हेड कांस्टेबल रमाकान्त यादव, कांस्टेबल शेरबहादुर यादव द्वारा मु0अ0सं0 165/23 धारा 376/ 506/120बी भादवि व 5j(ii)/6 व 16/17 पाक्सो एक्ट मे वांछित अभियुक्त संदीप मौर्या पुत्र श्यामलाल मौर्या निवासी ग्राम बरसठी बाजार थाना बरसठी जनपद जौनपुर को उसके जुर्म से अवगत कराने हुये समय करीब 09.45 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त का चालान सम्बन्धित माननीय न्यायालय जौनपुर भेज दिया गया।



### शराब की ओवर रेटिंग की तो होगी कार्रवाई, इक्कीस साल से कम उम्र के व्यक्ति को न बेचें शराब: एसडीएम नेहा मिश्रा

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा ने केराकत कस्बे स्थित एक बीयर की दुकान व एक इंग्लिश शराब की दुकान पर आबकारी निरीक्षक के साथ जांच पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने दोनों दुकानों के संचालकों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। बता दें कि मंगलवार शाम को एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा आबकारी निरीक्षक आदित्य सिंह को साथ मे लेकर केराकत कस्बे स्थित एक इंग्लिश शराब व एक बीयर शॉप पर जांच करने पहुच गयी। इस दौरान उन्होंने ओवररेटिंग, ब्लैक सेलिंग आदि की गहनता से जांच किया।



एसडीएम नेहा मिश्रा ने निर्देश देते हुए कहा कि यदि कभी भी 21 वर्ष के नोचे के लोगो को शराब की दुकान पर शराब बेचते हुये पाया गया तो तत्काल विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने दोनों दुकान के मौजूद संचालकों को रेट सूची ठीक दुकान के सामने लगवाने का निर्देश दिया। इसके बाद वह नरहन गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर भी पहुचकर जांच की। हालांकि वहां पर कोई अवैध शराब बनाते हुए नही मिला। इस बारे में पूछे जाने पर एसडीएम नेहा मिश्रा ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए जांच की गई। कही भी किसी प्रकार की लापरवाही मिलेगी तो जरूर कार्रवाई की जाएगी।

## सीएमओ ने बरसठी सीएचसी का किया निरीक्षण



- मिशन शक्ति को लेकर दी जानकारी, बाटे फल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

मुख्य चिकित्साधिकारी लक्ष्मी सिंह सोमवार को सीएचसी बरसठी का निरीक्षण किया।मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करते हुए गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के बारे में जानकारी दी। इसके बाद सीएमओ ने प्रसव करायी महिलाओं में फल वितरित किया। सीएमओ लक्ष्मी सिंह मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जानकारी दी। सीएमओ ने कहा कि आज पुरुषों से किसी भी माने में महिलाएं कम नही है,महिलाये अपनी शक्ति और क्षमता को पहचाने और प्रदर्शित करे। महिलाएं अंतरिक्ष से लेकर प्रशासनिक स्तर पर हर जगह पुरुषों से आगे है।महिलाओं को आगे आकर अपनी क्षमता व शक्ति को प्रदर्शित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिये प्रयासरत है,और किसी से डरने की जरूरत नही।इसके लिये महिलाओं को किसी द्वारा प्रताड़ित करने पर 112, महिला हेल्प लाइन के माध्यम से अपनी और दूसरे की भी मदद कर सकती है। सीएमओ ने गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क प्रेगनेंसी के बचाव के साथ उनके स्वास्थ्य रहने के लिये तरह तरह की जानकारी दी।उसके बाद सभी गर्भवती महिलाओं व प्रसव करायी महिलाओं को फल वितरित किया। सीएमओ के निरीक्षण में एक्सरे मशीन खराब होने पर जल्द डिजिटल एक्सरे मशीन आने की बात कही। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक डॉ अजय सिंह, डॉ सूर्यभान पटेल, एमएल भारती, फार्मासिस्ट आरपी सिंह विनोद नायक मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित



**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** मंगलवार को अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत नारी सुरक्षा नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन संबंधी विषयों से छात्राओं को अवगत कराया गया। जिसमें छात्राओं को विद्यालय आते जाते समय कोई भी असुविधा होने पर महिला हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज करना और शक्ति दीदी के रूप में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व संरक्षण के विषय में बताया गया। साथ ही मोबाइल द्वारा साइबर क्राइम के विषय में भी छात्राओं को जानकारी देकर जागरूक और सतर्क किया गया। असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान किए जाने पर तुरंत महिला पुलिस अर्थात शक्ति दीदी को सूचित करना आवश्यक बताया गया जो छात्राओं को तुरंत सुरक्षा प्रदान करेंगीं। इस कार्यक्रम में महिला सीओ सिटी, महिला थाना प्रभारी तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम: रमेश सिंह

- बेसिक शिक्षकों में वितरित हुआ टैबलेट

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




मंगलवार जिले के सुईथाकला ब्लाक सभागार में खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य के नेतृत्व में बेसिक के शिक्षकों को टैबलेट वितरित किया गया। टैबलेट वितरण का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने अपने हाथों से दस शिक्षकों को टैबलेट वितरित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन तथा शकुंतला मिश्रा के सरस्वती वन्दना द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया । तत्पश्चात खण्ड शिक्षा अधिकारी व शिक्षक सतीश सिंह उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर सुधाकर सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सुईथाकला द्वारा अंगवस्त्रम और माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। शिक्षक समाज को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विधायक ने शिक्षकों की राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को अहम बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी टेक्नोलॉजीपरक शिक्षा के उन्नयन के लिए कटिबद्ध है। निःशन्देह रूप से टैबलेट के द्वारा आनलाइन शैक्षिक गतिविधियों में तेजी आएगी। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के बीच उठी पेंशन की मांग को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। वक्ताओं की कड़ी में वरिष्ठ पत्रकार सन्तोष कुमार दीक्षित, डा राकेश चन्द्र तिवारी, सतीश सिंह, अरविंद यादव, सुधाकर सिंह, डॉ रणंजय कुमार सिंह, दुष्यंत मिश्रा ने भी अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान बेसिक शिक्षा के 21कम्पोजिट विद्यालयों व शेष प्राथमिक विद्यालयों के एक प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक व एक वरिष्ठ शिक्षक को टैबलेट वितरित किया गया। कुल मिलाकर 210टैबलेट का वितरण किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने इसे समय श्रम और कागजातों के बचत का माध्यम बताया। । कार्यक्रम के अंत में सुधाकर सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सुईथाकला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी सुबाष चन्द्र और संचालन पारस नाथ यादव ने किया। इस दौरान अजय मिश्रा मनोज सिंह, पंकज सिंह, त्रिवेणी विन्द, अनुपमा अग्रहरि समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## खूनी संघर्ष, लाइसेंसी रिवाल्वर छीनकर हुई गोलीबारी, थानेदार लाइन हाजिर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव में जमीनी विवाद में जमकर मारपीट , लाठी डंडे व गोलियां चली , दिनदहाड़े हुए इस खूनी संघर्ष में एक ही पक्ष के दो लोगो के पैर में गोली लगी है तथा अन्य लोग लाठी डंडे व धारदार हथियार के प्रहार से जख्मी हुए है। हमलावरों ने असलहाधारी की लाइसेंसी रिवाल्वर छीनकर उसे गोली मारी है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ अन्य थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित कर दी गई है, इस मामले शिथिलता बरतने के आरोप में एसपी ने बदलापुर के थानेदार को लाइन हाज़िर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव में जयनाथ यादव और रामधारी यादव आपस मे चाचा भतीजे है इन दोनों के बीच काफी दिनों से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, आज इसी विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी , दोनों तरफ से लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने लगे आरोप है कि इसी बीच जयनाथ यादव के पुत्र लाल साहब यादव अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल लिया जिसे विपक्षियों ने छीनकर उनके पैर में तीन गोली तथा उनके परिवार के हर्षित यादव के पैर में एक गोली मार दी। जयनाथ यादव, रामचन्द्र यादव और ब्रजेश यादव लाठी डंडे व धारदार के प्रहार से घायल हुए है। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ 0 कृष्ण कुमार राय ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताया है। सूचना मिलते ही सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ अन्य थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एसपी डॉ अजयपाल शर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित कर दी गई है, सभी टीम गिरफ्तारी के रवाना कर दी गई है। इस मामले शिथिलता बरतने के आरो?

# भूमाफिया साहब लारी से यारी, दरोगा समेत पांच पुलिस कर्मियों को पड़ी भरी

- शासन स्तर से गोपनीय जांच सभी का गैर जनपद हुआ तबादला
- कार्रवाई के बाद महकमे में मची खलबली

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



पांच पूर्व पुलिस की स्वाट टीम के दफ्तर में भूमाफिया साहब लारी का बर्थडे पार्टी मनाई गई थी। तत्कालीन स्वाट प्रभारी समेत उनके मातहतों का उसके साथ केक काटने की फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई। विभाग की किरकिरी होती देख एसपी ने प्रभारी समेत सभी को विंग से हटा कर अलग थानों में तैनात कर दिया था। हालांकि इसकी जानकारी राजधानी तक पहुंचने पर मामले की गोपनीय जांच हुई जिसमें सभी को अब गैर जनपद स्थानांतरित कर दिया गया है। एक अन्य दारोगा भी भूमाफिया से कनेक्शन के चलते गैर जनपद भेजे गए हैं।

बता दें कि भूमाफिया साहब लारी के जन्मदिन पर करीब पांच माह पहले स्वाट टीम के दफ्तर में तत्कालीन स्वाट टीम प्रभारी प्रदीप यादव व उनकी टीम के सदस्यों का केक काटते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने दारोगा प्रदीप यादव, कांस्टेबल शमीम, खैरुल बसर व अंकित बैसला को टीम से हटाकर अन्य जगह तैनात कर दिया था। शासन तक वायरल तस्वीरें पहुंचने पर एसपी ने इसकी जांच भी कराई थी। उसी समय गंगाघाट कोतवाली की जाजमऊ चौकी प्रभारी रहे हशमत अली का भी भूमाफिया से सम्पर्क उजागर हुआ था। इस पर उन्हें भी हटा दिया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार शासन स्तर से इसकी जांच शुरू हुई। सोमवार को इसी मामले में दारोगा प्रदीप यादव को मेरठ पीटीसी, हशमत अली को मुरादाबाद पीटीसी, कांस्टेबल शमीम को जनपद हाथरस, खैरुल को जालौन व अंकित बैसला को बांदा स्थानांतरित कर दिया गया।

# बिल्हौर सपा कार्यकर्ताओं ने अरौल में शिवपाल सिंह का जोरदार स्वागत किया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं मे द लायर्स एशोसिएशन बिल्हौर के महामंत्री जनार्दन यादव के नेतृत्व मे सोमवार सुबह अधिवक्ताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने हाईवे से उतरते ही शिवपाल सिंह यादव का काफिला जैसे ही अरौल हाईवे से नीचे उतरा कन्नौज जाने के लिए दिवंगत विधायक अनिल दोहरे के घर जा रहे थे। कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक कर जोरदार स्वागत किया इस दौरान शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से 2024 लोकसभा चुनाव में लगे और पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचने के लिए कहा और किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। हम सब सत्य के साथ चलकर जनता की सेवा करेंगे अगर पुलिस या राजनीतिक दल कोई भी किसी भी व्यक्ति को दबाकर और प्रताड़ित करती है तो उसकी सूचना हम तक जरूर भेजें हम सब मिलकर इसका डट कर मुकाबला करेंगे और पीड़ित को न्याय दिलाएंगे। इस अवसर पर जनार्दन सिंह यादव एडवोकेट महामंत्री, समरजीत सिंह यादव , रजत, दीपक यादव अधिवक्ता व नरेंद्र प्रताप सिंह आदि ने बिल्हौर विधानसभा को मजबूत करने व जनता के बीच में समाजवादी पार्टी सरकार की उपलब्धियां बताने के लिए प्रण किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शारदा नहर में उतराता मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में शारदा नहर में युवक का शव उतराता देख चरवाहों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शिनाख्त न हो पाने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सकहन राजपूतान गांव के पास से निकली शारदा नहर के पास बनी पुलिया के पास खड़ी झाडियों में करीब (30) साल के युवक का शव फंसा मिला। पानी में शव चरवाहों ने सूचना पुलिस को दी। कोतवाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मौजूद लोगों की मदद से शव बाहर निकलवाया। युवक नीली शर्ट और जींस पहने है। हाथ में कलावा बंधा हुआ था शव काफी फूला हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि शव तीन से चार दिन पुराना है। पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। कोतवाल श्यामनारायण सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शव अधिक फूल गया है इससे तीन से चार दिन पुराना लग रहा है। आसपास के जिलों में भी सूचना दी गई है ताकि कोई गुमशुदगी दर्ज हो तो आकर शिनाख्त कर सकता है।

### रविवार से लापता युवक का शव रजबहे में पड़ा मिला मिला

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। रविवार को घर से निकला युवक शाम तक घर वापस नहीं लौटा जिस पर परिजनों ने आस पास खोजबीन की लेकिन कही पता नहीं चला। मंगलवार को युवक का शव मोहान रजबहा मे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। औरास थाना क्षेत्र के हसनपुर पश्चिम बाव निवासी पप्पू (45) पुत्र गंगू रविवार दोपहर को घर से निकला था। जो शाम तक घर वापस नहीं लौटा जिस पर परिजनों ने आस पास खोजबीन की लेकिन युवक का कही पता नहीं चला। तब उसके बड़े भाई मिश्रीलाल ने थाने पहुंच कर गुमसुदगी दर्ज कराई थी। युवक के बीबी व बच्चे चंडीगढ़ में रहकर जीविका चलाते हैं जो युवक के गायब होने की सूचना पर घर आ गए। मंगलवार को शारदा नहर बंद होने के बाद हसनपुर पश्चिम बाव के पास से निकले मोहान रजबहा में युवक का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। जिससे घर में कोहराम मच गया।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घटना के सम्बन्ध में परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नही लगाया है। इंस्पेक्टर रेखा सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### बारिश से बचने के प्रयास में मनरेगा मजदूर की गयी जान

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। थाना बिहार के देवीपुर मजरे जगतपुर में बारिश से बचने के प्रयास में मनरेगा मजदूर की डंपर की चपेट में आकर मौत हो गयी। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। जबकि चालक मौके से भाग निकलने में सफल रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पाटन कस्बे के देवीपुर गाँव मे मंगलवार को मनरेगा के तहत चकरोड बनाने का काम चल रहा था। इसी बीच अचानक तेज बारिश शुरू होने वहां काम कर रहा श्रमिक रामगुलाम (60) पुत्र बच्चू वही पास में खड़े गंगा एक्सप्रेस वे में कार्य कर रहे डंपर के नीचे छुप गया। इसी दौरान चालक ने गाड़ी स्टार्ट कर उठे डंफर ट्राले को हाइड्रोलिक से नीचे कर दिया। जिससे चेचिश में बैठा रामगुलाम उसी में दब गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। अन्य लोगों के जानकारी देने पर चालक ने ट्राला फिर से उपर उठाया। मनरेगा मजदूरों व ग्राम प्रधान अमर नारायण ने रामगुलाम को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे बिहार थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय डंपर को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतक रामगुलाम के तीन बेटे धर्मेश, छुट्टन व शैलेन्द्र और दो बेटियां पार्वती व निर्मला हैं जिनकी शादी हो चुकी है।

### महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए किया जागरूक

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। मंगलवार को एसपी के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस एसपीजेडी इंटर कॉलेज पहुंची। जहां पुलिस ने मौजूद छात्राओं को संबोधित किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने बताया कि कस्बे में स्कूल छात्राओं व भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा दल टीम के साथ थाना क्षेत्र के कस्बे में जाकर महिला एवं बालिकाओं से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही हेल्पलाइन 1090, 181, 112, 1098 आदि टोलफ्री नम्बरों की जानकारी दी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के शंकरपुर गांव में भी महिलाओं को महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूक किया।

### आवारा सांड ने बुजुर्ग को उठाकर पटका, मृत घोषित

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। बिंदा नगर निवासी राधेश्याम गुप्ता (62) के घर में सोमवार को मुंडन संस्कार का कार्यक्रम था। जहां रिश्तेदार मुंडन में शामिल होने आए थे। रात लगभग साढ़े आठ बजे राधेश्याम रिश्तेदारों को छोड़ने के लिए गली के बाहर जा रहे थे। तभी गली में खड़े एक आवारा सांड ने उन्हें उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर बेटा रवि गुप्ता इलाज के लिए नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। उर्सला ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर मांगलिक कार्यक्रम वाले घर में कोहराम मच गया।

### मां चंद्रघंटा के स्वरूप का नवरात्र के तीसरे दिन किया पूजन

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। मां चंद्रघंटा स्वरूप के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। जिसके बाद भक्तों ने मां चंद्रघंटा की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा सप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया। महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री, गांधीनगर स्थित काली मंदिर, कंचननगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड स्थित मां झंडेश्वरी देवी मंदिरों समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में पूजा पाठ किया गया। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। जहां भक्तों ने माता को फूल, माला, मिठाई का भोग लगाया। सुबह शाम मंदिर में हुई महाआरती के दौरान भारी भीड़ रही। इसके अलावा अन्य देवी मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ देखने को मिली।

## नवयुवक कमेटी ने विशाल भंडारे का किया आयोजन



जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

नवरात्रि पर्व पर प्रत्येक वर्ष नवयुवक कमेटी द्वारा कस्बा स्थित पौराणिक दुर्गा माता मंदिर के समीप विशाल भण्डारे व रात्रि जागरण का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को दुर्गा माता मंदिर के समीप बाजार प्रांगण में नवयुवक कमेटी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें माता मंदिर आने वाले सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। लेकिन सोमवार शाम को तेज आंधी के साथ आयी बारिश से मौसम में हुये बदलाव के बाद कमेटी ने इस बार माता के रात्रि जागरण को फिलहाल स्थगित कर आगे करवाने का फैसला लिया है। कार्यक्रम के दौरान कमलेश राठौर, नीरज राठौर, पंकज विश्वकर्मा, पप्पू, सर्वेश राठौर, हिमांशू गुप्ता, दिनेश रावत, राजू साहू, गुरुचरन आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त के जनता दरबार में लगी फरियादियों की कतार






जन एक्सप्रेस । उन्नाव

- राजस्व संबंधी सर्वाधिक 233 मामले पहुंचने पर जताई नाराजगी
- कहा भूमाफियाओं पर अभियान चला कर कब्जा मुक्त कराई जाएं जमीनें

जिले के कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में मंडलायुक्त ने जनता दर्शन कर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही सरकारी जमीनों को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराने के अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर मंगलवार सुबह मंडलायुक्त रोशन जैकब कलेक्ट्रेट पहुंचीं। यहां पहुंचने पर डीएम अपूर्वा दुबे व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना समेत अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बाद इसके कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में उनकी अध्यक्षता में मंडलीय जनता दर्शन का आयोजन किया गया। कमिश्नर ने एक एक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारियों को भूमाफियाओं को चिन्हित करते हुए सरकारी जमीनों को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराने के लिए अभियान चलाने को भी कहा। मंडलायुक्त के जनता दर्शन में तकरीबन तीन सैकड़ा लोगों पहुंच कर अपनी समस्याएं रखी। खास बात यह रही इनमें लगभग 233 मामले राजस्व संबंधी रहें। जिनमें सरकारी व निजी जमीनों पर अवैध कब्जे के मामले सबसे ज्यादा रहें।

# बिल्हौर में फायर सर्विस रेस्क्यू टीम ने कुएं से सांड को सकुशल निकाला

- ककवन पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र अग्निहोत्री ने सहयोग कर टीम को बधाई दी

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



बिल्हौर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर स्थित फायर ब्रिगेड स्टेशन के निर्माण होने के बाद आग पर काबू पाने में साधन कम होने की वजह से सफलता कम मिलती है लेकिन इन दिनों गोवंश गड्ढे और कुएं में गिरने की सूचना पर तुरंत पहुंचकर सकुशल निकाल रहे हैं। मंगलवार को इटरा में गोवंश को सकुशल बाहर निकाल रहे थे। उसी समय ककवन पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र अग्निहोत्री उर्फ बब्लू ने फोन पर सूचित किया वैसे ही टीम 1 घंटे के अंदर पहुंचकर ककवन रोड खजुरी खुर्द रोड के सामने पुराने पड़े निष्प्रयोग बोरवेल मे सांड गिरने की सूचना पर पहुंचकर फायर सर्विस रेसक्यू टीम ने निकाला सांड खजुरी खुर्द गांव के सामने जाने वाली रोड, बब्लू अग्निहोती आढत के सामने, कुए से सांड को निकाला पुलिस टीम फायर सर्विस रेस्क्यू टीम में राकेश बाबू ,मेवाराम, भारत सहनी ,हरेंद्र प्रताप, नितेश वर्मा, अरुण कुमार और होमगार्ड श्याम सिंह व महेश, दीवान जयपाल यादव ,सुरेश चंद्र आदि ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मेहनत के बाद 20 मिनट में सांड को निकला , सुरेंद्र उर्फ सुर्रन कटियार के खेत पर पुराने कुएं में गिरा था जिसकी सूचना पर टीम ने पहुंचकर बाहर निकाला। कुएं से निकलते वक्त एक सिपाही रस्सी टूटने की वजह से कुएं में गिरा हालांकि गंभीर चोट नहीं आई। लेकिन वहीं पर 1962 सेवा जो कि घायल गोवंश की इलाज के लिए सूचना पर तत्काल पहुंचने का आदेश है लेकिन वह नहीं पहुंची दोपहर 12-50 पर 9956427148 से कई बार कॉल की गई थी। और ना ही स्थानीय बिल्हौर के पशु चिकित्सा अधिकारी की टीम पहुंची है। सूचना के बाद भी शाम तक नहीं पहुंची जिससे वह झाड़ियां में मक्खियों के डर से रगड़ता और घुसा रहा /भागता रहा। और जोर-जोर से चिल्लाता रहा दर्द से राम्भाता रहा । पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र अग्निहोत्री उर्फ बबलू ने पूरी टीम की सराहना की और कहा आप लोगों ने समय से आकर गोवंश को बचा लिया। लेकिन पशुपालन विभाग की कोई भी टीम देर रात तक नहीं पहुंची।



## चोरों ने दीवार तोड़कर नगदी सहित 50 हजार के माल पर किया हाथ साफ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नवाबगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि थाने से चंद कदम की दूरी पर एक जनरल स्टोर को निशाना बनाते हुए नगदी सहित 50 हजार के माल पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। डीपीएस मार्केट नवाबगंज में मनोज चौरसिया की दुकान में रात लगभग ढाई बजे के आस पास डीपीएस ग्राउंड से दीवार तोड़ कर चोर दुकान के अंदर दाखिल हुए और नगदी के साथ-साथ दुकान में रखा हुआ सामान पार कर दिया। रोज की तरह जब दुकान मालिक मनोज चौरसिया दुकान खोलने पहुंचा और उसने दुकान का शटर खोला तो देखा कि दीवाल टूटी थी देखा गया तो माल भी गायब था जिसमे तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आस पड़ोस के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। नवाबगंज थाना प्रभारी रोहित तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# ग्रामीणों ने फॉल्ट ठीक करने आए विद्युत कर्मियों को पीटा

- अघोषित बिजली कटौती के चलते ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर


बिल्हौर तहसील क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा अब फूटने लगा है। इसका असर सोमवार रात तब देखने को मिला जब चौबेपुर के शादीपुर गांव में विद्युत फाल्ट को ठीक करने आए लाइनमैन हुआ उसके साथी को ग्रामीणों ने पीट दिया। घटना के बाद विद्युत कर्मियों ने थाने पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की। बिठूर थाना क्षेत्र के पर प्रतापपुर गांव निवासी संदीप कुरील पुत्र राजेश कुमार मंधना विद्युत सब स्टेशन में संविदा पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार देर रात उन्होंने चौबेपुर पुलिस को बताया कि वह रात लगभग 9-30 बजे थाना क्षेत्र के शादीपुर गांव में विद्युत लाइन फाल्ट ठीक करने के लिए अपने लाइन मैन साथी तरुण शुक्ला व प्रशांत त्रिवेदी के साथ गए थे। विद्युत लाइन ठीक करने के बाद वह अपनी बाइक से वापस मंधना बिजली घर आ रहे थे तभी शादीपुर गांव के सामने उसी गांव के निवासी दो सगे भाइयों व उनके साथियों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दिया और मना करने पर कुछ लोगों ने पीछे से लाठी डंडे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से लाइनमैन संदीप व उसके साथियों ने शोर मचाया। शोर सुनकर और ग्रामीणों को आता देख हमलावरों ने लाठी डंडे से उनकी बाइक तोड़ डाली और ग्रामीणों के करीब पहुंचने से पहले मौके से भाग निकले। पीड़ित लाइनमैन द्वारा घटना के बाद मामले की सूचना 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी गई। पुलिस के साथ थाने पहुंचे लाइनमैन की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज़ कर घायल लाइनमैन को उपचार के लिए भेजा। थाना प्रभारी के अनुसार पीड़ित लाइनमैन की तरफ से आरोपियों के खिलाफ तारीफ मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# प्राइवेट कार्य कहकर मांगे पैसे, कर दिया फर्जी निस्तारण

- सफाई नायक पर सफाई करने के नाम पर पैसे मांगने का आरोप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर






कल्याणपुर के आजाद नगर में सफाई कार्य के बदले सफाई नायक पर पैसे मांगने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता के अनुसार सीएम पोर्टल पर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा गंदगी न साफ किये जाने की शिकायत करने के बाद सफाई नायक कर्मचारियों के साथ आए तो, लेकिन इस दौरान प्राइवेट कार्य कहकर एक हजार रुपये मांगे। पैसे न देने पर पोर्टल पर उनकी शिकायत का फर्जी निस्तारण भी कर दिया गया। जिसके बाद शिकायत कर्ता ने दोबारा सीएम पोर्टल पर मामले की शिकायत की है। शिकायतकर्ता बलराज सिंह ने बताया कि मेरे घर के पास व मोहल्ले में रहने वाली गंदगी को साफ करने के लिए मैंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर 11 अक्टूबर को शिकायत की थी। जिसका नंबर 92316400042016 है। 12 अक्टूबर को सफाई नायक वीरेंद्र कुमार ने सफाई स्थल पर आकर कहा कि आपका काम प्राइवेट है। मैंने जब नगर निगम को हर साल की जमा की गई हाउस टैक्स की रसीदें दिखाई तो उसने सफाई करने से साफ मना कर दिया और मुझसे एक हजार रुपये भी मांगे, और कहा कि मैं प्राइवेट आदमियों से सफाई करा दूंगा। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर निगम के सफाई कर्मचारी किस तरह आम शहरी को परेशान करते हैं। मेरे पैसे न देने पर दूसरे दिन मेरे मोबाइल पर शिकायत के संबंध में मैसेज आया की शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। इस प्रकरण को देखने के बाद यह समझ में आता है कि नगर निगम के अधिकारी मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत को नहीं मानते हैं। जबकि शिकायत के संबंध में कुछ भी काम नहीं हुआ है। उन्होंने दोबारा शिकायत कर गंदगी को साफ करने की मांग की है।

# स्पॉन्सर्ड प्रोग्रामिंग कांटेस्ट कोड क्लस्टर 2023 कार्यक्रम का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के छात्रों द्वारा बी.सी.ए और एम.सी.ए के छात्रों के लिए मंगलवार को एक स्पॉन्सर्ड प्रोग्रामिंग कांटेस्ट कोड क्लस्टर 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक, कुल सचिव डॉ.अनिल कुमार यादव, विभागाध्यक्ष प्रो.रॉबिंस पोरवाल, कार्यक्रम के आयोजक अखिलेश सिंह, रविकांत मिश्र, अर्पित दुबे के द्वारा रिबन काटकर किया गया। कार्यक्रम में विभाग के 225 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे सीनियर केटेगरी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता बी. सी. ए. द्वितीय बर्ष के दीपांकर सिंह, अभिजीत पाठक एवं हर्ष मिश्रा रहे। वही जूनियर केटेगरी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता बी. सी. ए. प्रथम बर्ष के निखिल अग्रवाल, मोहम्मद सादान लारी एवं कविशा गुप्ता रहे।प्रतियोगिता में दोनों केटेगरी में फर्स्ट व सेकंड रनरअप क्रमशः पारस शुक्ला व जयंत प्रकाश और अभिषेक निषाद व प्रांजल राज रहे। पुरस्कार में विजेताओं को सर्टिफिकेट के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण दिए गये। इस अवसर पर कुलपति ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता को सुचारु रूप से संचालित करने के लिये अर्पित दुबे एवं एम. सी. ए. प्रथम बर्ष के छात्र हर्षित सिंह जादौन, हेमेंद्र कटियार द्वारा एक ऑनलाइन प्लेटफार्म बनाया गया।

## चौबेपुर में सांसद के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर तहसील के चौबेपुर विकास खण्ड के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया , इसके पश्चात परिसर में निर्मित शिला पलक के पास अमृत कलश रखकर अमर शहीद की याद में सौगन्ध दिलायी गयी , मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत ने माटी को नमन व वीरों का वंदनकर वहां पर उपस्थित सभी लोगो की सौगंध दिलायी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देश के वीर सपूतों की स्मृति में ऽमेरी माटी–मेरा देशऽ अभियान के अंतर्गत आज चौबेपुर ब्लॉक सभागार में विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए अमृत कलश एकत्रित किये गये, इस अवसर पर कानपुर ग्रामीण के यशस्वी जिलाअध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ,मिश्रिख सांसद अशोक रावत ,कार्यक्रम के आयोजक खण्ड विकास अधिकारी एस.एन कश्यप , एडीओ आई एस बी अनुज कुमार मिश्रा, ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला, जिलामंत्री राजू दुबे , जिला महामंत्री दीप्ति सिंह , वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिंह , जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा संदीप बाजपेई , तनु पांडेय ,,चौबेपुर मण्डल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष संतोष यादव, मण्डल महामंत्री जितेंद्र राजपूत, अजय श्रीवास्तव बड़े बाबू , अभिषेक गुप्ता , अमिता पटेल , ग्राम पंचायत सचिव विनय पटेल , शिवप्रताप सिंह , नवल किशोर , आकांशा सक्सेना , अशीम सोनकर , अरविन्द पाल , अरुण सोनकर , सत्यम पटेल अनिल श्रीवास्तव , विशाल दुवेदी , एवं सम्मानित ग्राम प्रधान संघ महामंत्री प्रमोद सिंह , दारा सिंह , राजकुमार प्रधान , कौशल किशोर चौहान , रिशान्त पाल , देवेश कटियार , आलोक दिवाकर ,जितेंद्र कटियार व क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिंह , बी एम एम अनुज कुमार , बी एम एम कृष्ण दुबे , सर्वेश कुमार , राहुल कुमार , विनय सिंह , श्याम पाल , उपस्थित रहे।



# जिला पंचायत द्वारा सील की गई रियल एस्टेट कंपनी एकमे इंफ्रा वेंचर इंडिया लिमिटेड की धोखाधड़ी के राज का बड़ा खुलासा!



यदि कोई भी व्यक्ति रियल एस्टेट कंपनियों द्वारा ठगी का शिकार बनाया गया है और वह जन एक्सप्रेस से कोई भी जानकारी साझा करना चाहते हैं तो कृपया मो. नं.
**89338 05555**
पर संपर्क कर जानकारी साझा कर सकते हैं, जानकारी साझा करने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।



जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** परत दर परत खुल रही रियल एस्टेट कंपनियों के द्वारा की जा रही हेराफेरी के राज खुलने शुरू हो गए हैं। निवेशक व ग्राहक अपने पैसों की सुरक्षा के प्रति सचेत होने लगे हैं। मामला मोहनलालगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले सिर्स, टिकरा ग्राम पंचायत में रियल एस्टेट कंपनी

* ग्राहकों को गुमराह कर कंपनी के डायरेक्टर राहुल श्रीवास्तव ने कर दी रजिस्ट्री कब्जा देने के लिए नहीं बची जमीन

एकमे इंफ्रा वेंचर इंडिया लिमिटेड द्वारा की जा रही प्लाटिंग में कई ग्राहक अपनी रजिस्ट्री लेकर घूम रहे हैं, लेकिन कब्जा आज तक नहीं मिल पाया। लखनऊ निवासी सरकारी विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी ने जन एक्सप्रेस से अपनी समस्या साझा करते हुए कहा कि कंपनी का डायरेक्टर राहुल श्रीवास्तव पूरे पैसे लेकर वर्ष 2018 में रजिस्ट्री तो कर दी, लेकिन तब से आज तक न ही कब्जा दिया और न ही जमीन की पैमाईश करवाई।

### एकमे रेजीडेंसी टिकरा को जिला पंचायत द्वारा किया गया सील

अनियमितताओं की भरमार के कारण अवैध रूप से संचालित एकमे इंफ्रा वेंचर इंडिया लिमिटेड द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग को जिला पंचायत द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को सील कर दिया गया है।

### नियमों को ताक पर रखकर की गई प्लाटिंग

एकमे इंफ्रा वेंचर इंडिया लिमिटेड द्वारा नियमों को ताक पर रखकर प्लाटिंग की गई है, जबकि जिला पंचायत, रेरा आदि की नियमावली को भी कंपनी के डायरेक्टर राहुल श्रीवास्तव द्वारा दरकिनार कर दिया गया। किसानों की जमीन औने- पौने दाम पर खरीद कर ग्राहकों को गुमराह कर बेंची जा रही है।

### कंपनी द्वारा ऐसे किया जाता रहा ग्राहकों को गुमराह

पहले कंपनी के नाम किसानों को कुछ पैसे देकर एग्रीमेंट कराया जाता है, इसके बाद सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करके ग्राहकों को अपने कार्यालय पर बुलाया जाता है और वहीं झूठे वादे करके बड़े-बड़े सपने दिखाकर उसके जीवन भर की जमा पूंजी पर डाका डाल दिया जाता है। यदि ग्राहक को कोई संदेह भी हो तो आसान किस्तों पर प्लॉट की बुकिंग का लालच देकर अपने जाल में फंसा लेते हैं। कंपनी द्वारा कुछ रकम एकमुस्त लेकर बाकी मासिक किस्त बांध दी जाती है। जब ग्राहक आधे से ज्यादा का भुगतान करके रजिस्ट्री की बात करता है तब कंपनी के डायरेक्टर राहुल श्रीवास्तव द्वारा आनाकानी शुरू कर दी जाती है। फिलहाल कंपनी के डायरेक्टर द्वारा ग्राहकों को लगातार गुमराह करने की जानकारी सामने आई है। एक दशक से ज्यादा समय पूरा होने के बाद भी एकमे कंपनी द्वारा अपनी टाउनशिप को पूर्ण न किया जाना नियम के विरुद्ध माना जा रहा है।

### टाउनशिप डेवलपर के लिए क्या है शासन की मंशा और नियम!

जानकारों की मानें तो डेवलपर के पास 50 प्रतिशत जमीन होने पर डीपीआर और लेआउट मंजूर होगा, निर्धारित समय में डीपीआर ना देने पर लाइसेंस निरस्त करने का प्रावधान है। डेवलपर को निर्धारित 6चरणों में टाउनशिप का पूरा विकास करना होगा। 50एकड़ की टाउनशिप 4 सालों में पूरी करनी होगी जबकि 51-100 एकड़ की टाउनशिप 5 साल और 101-200 एकड़ की टाउनशिप के लिए 6 साल का समय निर्धारित है। 201 एकड़ से ज्यादा की टाउनशिप को 10 साल का समय दिया जाएगा। परफॉर्मेंस गारंटी के लिए 20 प्रतिशत जमीन बंधक रखनी होगी जबकि 75 फीसदी जमीन होने पर अनुमति मिलेगी। टाउनशिप विकास से पहले रेरा में पंजीकरण कराना जरूरी है। तय समय पर योजना पूरी ना होने पर प्रति एकड़ 50 हजार का विस्तार शुल्क लगाया जाएगा।

शेष अगले अंक में.....

# कितना अकेला 'राजा': बहू भानवी के पक्ष में राजा भैया के पिता

* राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह के तलाक के मामले में साकेत कोर्ट में थी सुनवाई
* बहू भानवी के पक्ष में उनके साथ कोर्ट पहुंचे राजा भैया के पिता उदय प्रताप सिंह
* दर्ज नहीं हो सके पिता के बयान, मामले पर अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी


फाइल फोटो






जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुश्किलें और बढ़ती नजर आ रही हैं। मंगलवार को साकेत कोर्ट में राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह के तलाक के मामले की सुनवाई थी। इस दौरान एक अप्रत्याशित घटना हुई। राजा भैया के पिता उदय प्रताप सिंह बहू भानवी कुमारी सिंह के पक्ष में बयान देने के लिए उनके साथ कोर्ट पहुंचे। यह देखते ही वहां मीडिया का जमावड़ा लग गया। लेकिन दोनों ही पक्षों ने मीडिया से दूरी बनाने की कोशिश की। इस मामले पर अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी।

मंगलवार 17 अक्टूबर को राजा भैया के पिता राजा उदय प्रताप सिंह भानवी सिंह के साथ साकेत कोर्ट पहुंचे। कोर्ट में भानवी सिंह के वकील ने पारिवारिक मामला होने के चलते कोर्ट के बंद कमरे में बयान दर्ज करने का अनुरोध किया। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि मीडिया ट्रायल से बचा जा सके। इस पर राजा भैया के वकील ने कहा कि ये लोग खुद ही मीडिया के सामने आ रहे हैं।

वहीं, राजा भैया के पिता की मौजूदगी साकेत कोर्ट में रिकॉर्ड हुई। भानवी सिंह के वकील के अनुसार राजा भैया के पिता मंगलवार अपना बयान देने के लिए पहुंचे। कोर्ट में उनकी मौजूदगी को रिकॉर्ड में दर्ज की गई।

### राजा भैया के वकील ने पिता का बयान अभी रिकॉर्ड पर लेने से मना कर दिया

राजा भैया के वकील ने पिता का बयान अभी रिकॉर्ड पर लेने से मना कर दिया। कोर्ट ने राजा भैया के वकील को जवाब दाखिल करने के लिए कहा। कोर्ट ने पूछा कि उदय प्रताप सिंह के बयान को क्यों रिकॉर्ड पर नहीं देना चाहते हैं। इसकी वजह बताने के लिए कहा।

### भानवी सिंह ने वकील के जरिए गुजाराभत्ता मांगा

भानवी सिंह के वकील ने बताया कि आज उनकी तरफ से गुजाराभत?ता की याचिका लगाई है। भानवी सिंह और उदय प्रताप सिंह ने मीडिया के सवालों का जवाब देने से बचते नजर आए। उन्होंने मीडिया से कहा कि अदालत की तरफ से हिदायत दी गई है कि मीडिया के सामने बयानबाजी न करें। क्योंकि मामला अभी अदालत में लंबित है।

# 'मेक इन इंडिया, मेड फॉर वर्ल्ड'

**पीएम बोले, दुनिया में एक नया वर्ल्ड ऑर्डर बन रहा: सबकी नजर भारत पर, जल्द ही हम दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमिक पॉवर में से एक होंगे**

* पीएम मोदी ने 23 हजार करोड़ रुपये की परियोजना का किया शिलान्यास
* आर्थिक संकट से घिरी हुई दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 के तीसरे एडिशन का इनॉगरेशन किया। पीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस तीन दिवसीय कार्यक्रम से जुड़े। इस दौरान पीएम ने कहा- हम इस समिट को लेकर इससे पहले 2021 में मिले थे, तब पूरी दुनिया कोरोना से घिरी हुई थी। तब कोई नहीं जानता था कि कोरोना के बाद की दुनिया कैसी होगी। आज दुनिया में एक नया वर्ल्ड ऑर्डर आकार ले रहा है। उन्होंने कहा- इस बदलते हुए वर्ल्ड ऑर्डर में पूरा विश्व भारत की ओर नई आकांक्षाओं से देख रहा है। आर्थिक संकट से घिरी हुई दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमिक पॉवर में से एक होगा।

### भारत की मैरीटाइम क्षमता से दुनिया को फायदा हुआ

पीएम ने कहा- इतिहास साक्षी है कि जब भी भारत की मैरीटाइम क्षमता मजबूत रही है, देश और दुनिया को इससे बहुत फायदा हुआ है। इसी सोच के साथ बीते 9 सालों से हम इस सेक्टर को मजबूत करने के लिए योजना बनाते हुए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा- हाल ही में भारत की पहल पर एक ऐसा कदम उठाया गया है, जो 21वीं सदी में दुनिया भर की मैरीटाइम इंडस्ट्री को बदल सकता है। जी20 समिट के दौरान इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर पर ऐतिहासिक सहमति बनी है। सैंकड़ों साल पहले सिल्क रूट ने ग्लोबल बिजनेस को बढ़ाया था, ये दुनिया के कई देशों के विकास का आधार बना था। अब ये ऐतिहासिक कॉरिडोर भी लोकल और ग्लोबल बिजनेस की इमेज को बदल देगा।

### पीएम मोदी ने दिया मंत्र

जीएमआईएस 2023 के तीसरे संस्करण में पीएम मोदी ने कहा, आने वाले दशकों में, भारत दुनिया के शीर्ष पांच जहाज निर्माण देशों में से एक बनने वाला है। हमारा मंत्र है मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड है। आने वाले समय में, हम देश में कई जगह जहाज निर्माण और मरम्मत केंद्र विकसित करने जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने देश को 23,000 करोड़ रुपये से अधिक के परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### हमारा मंत्र मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड

पीएम ने कहा, आने वाले दशकों में भारत दुनिया के टॉप पांच जहाज बनाने वाले देशों में से एक बनने वाला है। हमारा मंत्र है मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड है। आने वाले समय में हम देश में कई जगहों पर जहाज बनाने और मरम्मत करने वाले केंद्रों को डेवलप करने जा रहे हैं। पीएम ने कहा- मैरीटाइम टूरिज्म को बढ़ाने के लिए हमने विश्व की सबसे बड़ी रिवर क्रूज सर्विस की शुरुआत की है। भारत अपने अलग-अलग पोर्ट पर इससे जुड़े कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। भारत का लोथल गोदी एक विश्व धरोहर है, इसके संरक्षण के लिए लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की स्थापना की जा रही है। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि एक बार वहां जरूर आएं! उन्होंने कहा- पोर्ट कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए हमने हजारों किमी की नई सड़कें बनाई हैं। सागरमाला परियोजना से भी हमारे तटीय क्षेत्रों का इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। ये सारी कोशिशें लोगों को रोजगार दे रही हैं।

### भारतीय मैरीटाइम ब्लू इकॉनमी के लिए अमृत काल विजन 2047 लॉन्च

पीएम ने कार्यक्रम के दौरान भारतीय मैरीटाइम ब्लू इकॉनमी के लिए लॉन्ग टर्म ब्लूप्रिंट अमृत काल विजन 2047 लॉन्च किया। यह ब्लूप्रिंट बंदरगाह सुविधाओं को बढ़ाने, टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुविधा जनक बनाने के लिए बनाया गया है। उन्होंने इस योजना के तहत 23000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का भी इनॉगरेशन किया।

### लोथल गोदी एक विश्व धरोहर

पीएम मोदी ने कहा, मैरीटाइम टूरिज्म को बढ़ाने के लिए हमने विश्व की सबसे बड़ी रिवर क्रूज सर्विस की शुरुआत की है। भारत अपने अलग-अलग पोर्ट पर इससे जुड़े कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, भारत का लोथल गोदी एक विश्व धरोहर है, इसके संरक्षण के लिए लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की स्थापना की जा रही है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि एक बार वहां जरूर आएं!

# कांग्रेस का वादा, एमपी में आईपीएल टीम बनाएंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल

विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी करते हुए कमलनाथ ने कहा, हम एमपी की आईपीएल टीम बनाने की कोशिश करेंगे। 100 यूनिट तक फ्री बिजली, पुरानी पेंशन और बेरोजगारी भत्ता देने की भी गारंटी दी। एक साल में तैयार हुए वचन पत्र में 59 विषय, 225 मुख्य बिंदू, 1290 वचन और 101 गारंटी हैं। घोषणा पत्र में 10 नए वचनों को शामिल किया गया है। यूथ, किसान, शासकीय कर्मचारी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण और खुशहाल परिवार को लेकर घोषणाएं की गई हैं। खासतौर पर किसानों की खेती की लागत कम करने पर फोकस है। भोपाल में रवींद्र भवन के पुराने ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे पीसीसी चीफ कमलनाथ, वचन पत्र समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह ने वचन पत्र जारी किया। कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में 200 यूनिट का बिल हाफ करने और जातिगत जनगणना कराने का वादा भी किया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रियंका और राहुल गांधी के वादों को भी शामिल किया है। पढ़ो-पढ़ाओ योजना के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को कक्षा 1 से 8वीं तक 500 रु., कक्षा 9वीं से 10वीं के लिए 1000 रु., कक्षा 11वीं से 12वीं के बच्चों को 1500 रु. प्रतिमाह देने की गारंटी दी गई है। मध्यप्रदेश में स्कूली शिक्षा फ्री करने का भी जिक्र है। 12 अक्टूबर को मंडला जिले में प्रियंका ने सभा को संबोधित करते हुए इसकी घोषणा की थी। जातीय जनगणना कराने को भी जगह दी गई है।

## माता कूष्मांडा




राजीव नन्दन मिश्र
सरना, भोजपुर (बिहार)

# देवी का चतुर्थ स्वरूप कूष्माण्डा

नवरात्रि का आज चतुर्थ दिवस देवी कूष्माण्डा को समर्पित है। देश के सभी मन्दिरों में भक्त ब्रह्म मुहूर्त से ही माँ के दर्शन के लिए लम्बी कतार लगाए खड़े दिख रहे है। दुर्गा सप्तशती पाठ, देवी जागरण, भक्तिमय संगीत से पूरा वातावरण गूंजायमान हो रहा है। देवी के आगमन के प्रथम दिवस से ही मौसम भी माँ के स्वागत में धीरे-धीरे आर्द्र होने लगा है। व्रती नव दिन के व्रत में पाठ, भजन व कीर्तन में रमे हुए है। इसी क्रम में वे आज देवी कूष्माण्डा का पूजन व आराधना करेंगे। अपने लोकप्रिय समाचार पत्र जन एक्सप्रेस में आज पढिये देवी कूष्माण्डा के स्वरूपादि के बारे में।

*चतुर्थ स्वरूप देवी कूष्माण्डा का,*
*जो भी करता ध्यान।*
*कष्ट दूर कर आयु-यश वृद्धि करें,*
*रखें भक्तों का मान।।*

### ध्यान मन्त्र

*सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।*
*दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा*
*शुभदास्तु मे।।*

### सूर्य लोक में निवास की शक्ति माँ कूष्माण्डा में ही है

माँ का चतुर्थ स्वरूप देवी कूष्माण्डा है। ब्रह्मांड रचने के बाद प्रकाश लाना इन्हीं की कृपा का फल है इसलिए इनका निवास स्थान सूर्यमंडल के भीतर अर्थात हिये सूर्यलोक है। यहाँ निवास की क्षमता और शक्ति केवल देवी कूष्माण्डा में ही है। इनके शरीर की कान्ति और प्रभा भी सूर्य के समान ही देदीप्यमान है। देवी की आठ भुजाएं हैं। इसलिए इन्हें अष्टभुजा नाम से भी जाना जाता है। इन्होंने सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा धारण किया हैं। अष्टम हाथ में सभी धन, धान्य एवं सिद्धियों को देने वाली जप माला है। देवी कूष्माण्डा का वाहन सिंह है।

**कथा:** जब सृष्टिका अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अन्धकार ही अन्धकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने 'ईषत' हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इसी कारण देवी के इस स्वरूप का नाम कूष्माण्डा पड़ा। इन्हें कुष्मांड अर्थात कुम्हड़े (कोहड़े) की बलि अत्यंत प्रिय है। इस कारण भी इन्हें कूष्माण्डा देवी कहा जाता है।

!! ध्यान !!
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥
भास्वर भानु निभां अनाहत स्थितां चतुर्थ दुर्गा त्रिनेत्राम्।
कमण्डलु चाप, बाण, पदमसुधाकलश चक्र गदा जपवटीधराम्॥
पटाम्बर परिधानां कमनीया कृदुहगस्या नानालंकार भूषिताम्।
मंजीर हार केयूर किंकिण रत्नकुण्डल मण्डिताम्।
प्रफुल्ल वदनां नारू चिकुकां कांत कपोलां तुंग कूचाम्।
कोलांगी स्मेरमुखीं क्षीणकटि निम्ननाभि नितम्बनीम् ॥

### देवी की शक्ति

इस दिन साधक का मन 'अनाहत' चक्र में अवस्थित होता है। कूष्माण्डा देवी अनाहत चक्र को नियंत्रित करती हैं। जो व्यक्ति शांत और संयम भाव से माँ कूष्माण्डा की पूजा तथा उपासना करता है उसके सभी दु:ख शीघ्र ही दूर हो होते हैं। देवी कूष्माण्डा की आराधना करने से भक्तों के सभी रोग एवं दु:ख-शोक का नाश हो जाता है। इसके अलावा माँ की कृपा से आयु, यश, बल और स्वास्थ्य समृद्धि का आशीष प्राप्त होता है। धन दौलत की समस्या समाप्त हो जाता है।संतान की इच्छा रखने वाले लोगों को एवं गृहस्त जीवन बिताने वाले लोगों को देवी के इस स्वरूप की पूजा आराधना करनी चाहिए। देवी कूष्माण्डा के विधि-विधान से पूजा करने वाले भक्त को कम समय में ही कृपा का सूक्ष्म भाव अनुभव होने लगता है। पौराणिक मान्यतानुसार स्थिर और पवित्र मन से नवरात्रि के चौथे दिन कूष्माण्डा की पूजा-आराधना करने से पूजा करने वाले को सुगमता से परम पद प्राप्त होता है।

### स्तोत्र

दुर्गतिनाशिनी त्वंहि दारिद्रादि विनाशिनीम्।
जयंदा धनदां कूष्माण्डे प्रणमाम्यहम्॥
जगन्माता जगतकत्री जगदाधार रूपणीम्।
चराचरेश्वरी कूष्माण्डे प्रणमाम्यहम्॥
त्रैलोक्यसुंदरी त्वंहि दुःख शोक निवारिणाम्।
परमानंदमयी कूष्माण्डे प्रणमाम्यहम्॥

### देवी कूष्माण्डा का कवच

हंसरै में शिर पातु कूष्माण्डे भवनाशिनीम्। हसलकरीं नेत्रेच, हसरौश्च ललाटकम्॥ कौमारी पातु सर्वगात्रे, वाराही उत्तरे तथा, पूर्वे पातु वैष्णवी इन्द्राणी दक्षिणे मम। दिग्विदिक्षु सर्वत्रेव कूं बीजम् सर्वदावतु॥

### देवी को प्रिय

माँ कूष्माण्डा को लाल रंग प्रिय है। इसलिए पूजा में देवी को लाल रंग के फूल जैसे गुड़हल, लाल गुलाब आदि अर्पित करना चाहिए। मैया कूष्माण्डा को पूजा के समय मेवे का दूध में बना खीर, हलवा, दही का भोग लगाना उत्तम है। मालपुआ का भोग लगाने से बुद्धि में वृद्धि होती है इसके साथ निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। पूजा के समय देवी कूष्माण्डा को सफेद कुम्हड़े की बलि देने से अत्यन्त प्रसन्न होती हैं। ऐसी धार्मिक मान्यता है। साबुत कुम्हड़ा न मिल पाए तो माँ को पेठे का भी भोग अर्पित किया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)